निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 19 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 273 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो का स्वागत करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# लोकतांत्रिक मूल्यों का करें पालन : गंगवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संघीय ढांचे की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि राज्यों के समुचित विकास के लिए केंद्र सरकार का समयबद्ध आर्थिक सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि झारखंड को विकसित और समृद्ध किए बिना देश की समग्र उन्नति संभव नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि वांछित आर्थिक सहायता के अभाव में राज्य सरकार को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में केंद्र से अपेक्षित सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार का 'राजधर्म' हर वर्ग के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। इसमें तीव्र आर्थिक वृद्धि, अधोसंरचना विस्तार, गरीबों और कमजोर वर्गों का कल्याण, किसानों एवं महिलाओं का सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार सृजन प्रमुख लक्ष्य हैं। सरकार ने कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। वर्ष 2025 में साइबर अपराध के 1,413 मामलों में 1,268 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। साइबर हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से 111 करोड़ रुपये की राशि ब्लॉक की गई, जबकि धारा 497 बीएनएस के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस कराए गए। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 54 लोकसेवकों की गिरफ्तारी भी की गई है। राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए सरकार ने पहली बार वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दावोस सम्मेलन में भाग लेकर निवेश-उन्मुख नीतियों और ग्रोथ इन हार्मनी विद नेचर आधारित



विकास मॉडल को प्रस्तुत किया। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम, विशेषकर लंदन में उच्चस्तरीय बैठकों के माध्यम से निवेश संभावनाओं को मजबूत किया गया। इस संयुक्त पहल के तहत राज्य को अब तक लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत सुधार लागू करते हुए झारखंड एमएसएमई (स्पेशल कंसेशन) एक्ट, 2025 लागू किया गया है। बुनकरों, शिल्पियों और रेशम उत्पादकों को उन्नत प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष में 229 भर्ती कैंप और 85 रोजगार मेलों के माध्यम से 12,576 युवाओं का चयन किया गया। झारखंड लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा-2023 के 342 अभ्यर्थियों सहित विभिन्न पदों पर हजारों नियुक्तियां की गईं। सात राज्यों में प्रवासन सहायता केंद्र खोलकर बाहर कार्यरत श्रमिकों को कानूनी और वित्तीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। रांची, सिंदरी और देवघर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण पूरा किया गया है। आइटी, डेटा सेंटर और स्टार्टअप नीति के माध्यम से युवाओं को तकनीकी उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर तक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेज किया गया है। पूरक पोषाहार कार्यक्रम, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना और बाल विवाह मुक्त झारखंड अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3.5 लाख लाभुकों को 130 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। राज्य ने एक लाख से अधिक बाल विवाह रोककर राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। अंत में राज्यपाल ने सदन से लोकतांत्रिक गरिमा बनाए रखते हुए सार्थक वाद-विवाद और सर्वसम्मति से जनहित में निर्णय लेने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तम से सर्वोत्तम राज्य बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को सदन का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच सजायाफ्ता आरोपितों को हाईकोर्ट ने किया बरी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड हाईकोर्ट ने गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव और उनके साथियों की हत्या मामले में बड़ी राहत देते हुए पांच सजायाफ्ता आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने हजारीबाग की निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को निरस्त कर तत्काल रिहाई का आदेश दिया। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने विकास तिवारी, संतोष पांडे, विशाल कुमार सिंह, राहुल देव पांडे और दिलीप साव की अपील स्वीकार की। सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था, जिसे अब सुनाया गया।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। पहली घटना में डोमचांच थाना क्षेत्र के गोलवाढाब गांव निवासी 35 वर्षीय सुनीता देवी की जान चली गई। मृतका के गांव के अजय यादव ने बताया कि सुनीता देवी बुधवार सुबह अपने भाई के साथ बाइक से झुमरी तिलैया जा रही थीं। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है।

### स्कूली बच्चों से भरी ऑटो पलटी, एक की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बसिया थाना क्षेत्र में एक ऑटो पलटने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई जबकि 7 वर्षीय एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना गंगड़ा गांव के बड़ा टोली मोड़ के पास हुई। मृतक बच्ची की पहचान आकांक्षा कुमारी के रूप में हुई है। वह अपनी मां सुषमा देवी के साथ अपने मामा के घर गंगड़ा में रहती थी। घायल बच्ची का नाम अनु केरकेटा है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हिरोडीह थाना क्षेत्र के भलूवाही गांव में 22 वर्षीय विवाहिता राखी कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही हिरोडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। हिरोडीह थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## डायन के संदेह में महिला और नवजात को जिंदा जलाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के कलाईया गांव में अंधविश्वास में दिल दहलाने वाली घटना हुई है। डायन-बिसाही के संदेह में 32 वर्षीय महिला और उसके दो माह के नवजात को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया है। घटना में महिला का पति भी गंभीर रूप से झुलस गया है लेकिन वह किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार रात करीब नौ बजे की है। घटना में गंभीर रूप से झुलसे 40 वर्षीय कोल्हान सिंकू ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि वह अपनी दूसरी पत्नी ज्योति सिंकू, दो साल के बेटे और दो माह के नवजात के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान गांव के ही रिश्ते में भांजा लगने वाले राशिका बिरुवा ने घर के बाहर से आवाज लगाई। आवाज सुनकर कोल्हान और उसकी पत्नी बाहर आए तभी उसकी पहली पत्नी जानी सिंकू भी वहां पहुंच गई। कोल्हान सिंकू के मुताबिक घर के आंगन में पहले से करीब एक दर्जन महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद थे। सभी ने ज्योति सिंकू पर डायन होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कोल्हान ने विवाद को शांत कराने और सुबह पंचायत में बात करने का आग्रह किया लेकिन भीड़ ने उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया। कोल्हान का आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग पेट्रोल से भरा गैलन लेकर आए और दूसरी पत्नी ज्योति सिंकू, नवजात और उसपर छिड़क दिया। इसके बाद माचिस जलाकर आग लगा दी गई। देखते ही देखते ज्योति और नवजात बच्चा आग की चपेट में आ गए। साथ ही वह खुद भी झुलस गया लेकिन वह किसी तरह भागने में सफल रहा। कोल्हान ने जलते हुए कपड़े उतारकर बिना कपड़े के ही रात में थाना पहुंचा लेकिन थाना का दरवाजा नहीं खुलने के कारण उसे मदद नहीं मिल सकी। इसके बाद वह एक रिश्तेदार के घर पहुंचा और वहीं रात गुजारी। बुधवार सुबह दोबारा थाना पहुंचकर उसने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कोल्हान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके साथ ही पुलिस टीम गांव पहुंची और महिला और नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस जघन्य वारदात में एक ही परिवार के करीब 10 लोग शामिल थे। सभी आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखा है। वहीं इस संबंध में डीएसपी राफ़ेल मुर्मू ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं यह घटना एक बार फिर क्षेत्र में फैले अंधविश्वास और डायन प्रथा की भयावहता को उजागर करती है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए व्यापक जागरुकता अभियान चलाने की मांग की है।

## दो बुजुर्गों का शव कुएं से बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जिले के रातू थाना क्षेत्र स्थित एक कुएं से दो शव बरामद किए गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला हादसे का लग रहा है। हालांकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतक अपने गांव से रातू एक लोटा-पानी (छेका) कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए थे। रांची के रातू थाना क्षेत्र के बसाईर टोली तिगरा गांव में मंगलवार रात एक कुएं से दो बुजुर्गों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान जरिया बेड़ो निवासी बंधन भगत (50 वर्ष) और पुनई उरांव (60 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों रविवार को लोटा-पानी रस्म के लिए तिगरा गांव आए थे लेकिन उसके बाद से लापता थे। मिली जानकारी के अनुसार बंधन भगत और पुनई उरांव जरिया बेड़ो के रहने वाले थे। वे रविवार को स्थानीय परिवार में होने वाले लोटा-पानी रस्म में शामिल होने तिगरा पहुंचे थे। रस्म के बाद दोनों का कोई अता-पता नहीं चला। परिजनों ने आसपास तलाश की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार रात स्थानीय ग्रामीणों को कुएं में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी जिसकी सूचना फैलते ही लोग इकट्ठा हो गए। जांच में पता चला कि पानी के अंदर दो शव है। ग्रामीणों ने किसी तरह शवों को कुएं से बाहर निकाला और मृतकों की पहचान कर ली। शव मिलने की खबर फैलते ही जरिया बेड़ो के लोग तिगरा पहुंचे और शवों को अपने साथ ले गए। इस दौरान पुलिस को कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई। बुधवार को जब मामला रातू थाने तक पहुंचा तो पुलिस टीम जरिया बेड़ो रवाना पहुंची। वहां से दोनों शवों को रातू थाने लाया गया और यूडी केस का मामला दर्ज किया गया। रातू थाना प्रभारी रामनारायण ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी नहीं दी गई थी लेकिन बुधवार को पुलिस को अपने माध्यम से सूचना मिली। इसके बाद दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कुख्यात गैंग्स्टर राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा रांची में एक कार शोरूम में भी फायरिंग की थी। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि चार फरवरी को टोयोटा शोरूम के समीप विकास अस्पताल के पास अज्ञात अपराधियों के द्वारा हवाई फायरिंग की गई थी। इस संदर्भ में 5 फरवरी 2026 को सदर (मेसरा) थाना में कांड सं 49/2026, धारा-109 (1) बीएनएस और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी कोकर चौक स्थित सुंदर विहार में देखा गया है। जिसके बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया और विधिवत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान रांची के ओरमांझी थाना अंतर्गत पाचा इलाके के 20 वर्षीय अमन कुमार ठाकुर उर्फ छोटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान घटना में प्रयुक्त हथियार, गोली, मोटरसाइकिल, पहने हुए कपड़े और चप्पल अपने घर में छिपा कर रखने की बात सामने आई। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पाचा स्थित घर में छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा अभियुक्त अमन कुमार ठाकुर की निशानदेही पर अन्य चार अभियुक्त करण कुमार उरांव, विशाल मुंडा, सेंटू सिंह और रामानंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच में बात सामने आई है कि गोलीबारी की वारदात को राहुल सिंह के आदेश पर अंजाम दिया गया था। राहुल सिंह के द्वारा कार शोरूम के मालिक से रंगदारी की डिमांड की गई थी। लेकिन रंगदारी देने से इनकार करने पर शोरूम पर गोली चलाने की जिम्मेदारी अपराधियों को दी गई थी। हालांकि अपराधियों ने गलती से कार शोरूम के बगल में स्थित अस्पताल के गेट पर फायरिंग कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा गोली, एक मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल, एक हेलमेट और कपड़ा बरामद हुआ है।

## बजट सत्र राज्य के विकास का मार्गदर्शक दस्तावेज : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। यह सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा। सत्र का शुभारंभ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से हुआ। विधानसभा पहुंचने पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी तदाशा मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अभिभाषण के बाद राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि यह बजट सत्र अच्छे ढंग से चलेगा और इसमें सार्थक वाद-विवाद होगा जिसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा। सत्र के शुभारंभ पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि बजट सत्र केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश करने का अवसर नहीं है बल्कि यह राज्य की विकास यात्रा का मार्गदर्शक दस्तावेज होता है। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा जिससे चल रही योजनाओं और आवश्यक कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही 24 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। यह बजट राज्य की भावी दिशा, विकास की प्राथमिकताओं और संसाधनों के न्यायसंगत वितरण का आधार बनेगा। स्पीकर ने कहा कि इस सदन में हम सभी साढ़े तीन करोड़ जनता के विश्वास और आशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्य की जनता की निगाह हमारी हर कार्यवाही पर टिकी है। हमारे प्रत्येक शब्द, आचरण और निर्णय में राज्यहित सर्वोपरि होना चाहिए। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने मतभेद को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि मनभेद लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। इसलिए सभी सदस्य मिलकर इस सत्र को स्वस्थ, सकारात्मक और परिणामोन्मुख बनाएं। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा सुनिश्चित करें। यह बजट सत्र राज्य की आर्थिक योजनाओं, विकास प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर केंद्रित रहेगा।

### युवक की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में दो धराये

**सिंहभूम(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक युवक की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तीन दिन पहले हुई थी। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। गिरफ्तार आरोपियों को हाट गम्हरिया थाना क्षेत्र के भुइयांसाई गांव स्थित उनके घरों से पकड़ा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतक वैशाखी ग्वाला की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## रमजान को लेकर अलर्ट, स्पेशल ब्रांच ने सभी एसएसपी और एसपी को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रमजान के पवित्र महीने को लेकर झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने राज्य के सभी जिलों के एसएसपी/एसपी को पत्र जारी कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। स्पेशल ब्रांच के पत्र में रमजान के महीने में सुरक्षा के बिंदु पर भी कई निर्देश जारी किए गए हैं। स्पेशल ब्रांच के पत्र में लिखा गया है कि रमजान का पवित्र महीना 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस दौरान एक महीने तक मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा रमजान के मौके पर एक साथ इफ्तार करते हैं और एक साथ मिलकर तरावीह की नमाज पढ़ते हैं। ऐसे में राज्य के सभी जिलों के प्रमुख मस्जिदों, बाजार में खासकर शुक्रवार के दिन सामूहिक रूप से नमाज पढ़ी जाती है जिसमें भीड़ होने की संभावना रहती है। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए जाएं। साथ ही एक माह के रोजा के बाद उम्मीद के अनुसार 21 मार्च को ईद-उल-फितर ईद पर्व मनाये जाने की सूचना है। हालांकि चांद के दृष्टिगोचर होने के आधार पर तिथि में परिवर्तन भी हो सकता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए जाएं। यह पर्व भाईचारे और शांति का पर्व है। पवित्र रमजान महीने के अंतिम जुम्मा 20 मार्च को पड़ रहा है जिसमें सामूहिक नमाज मस्जिदों और खुले स्थानों पर पढ़ी जाती है। प्रायः इस दौरान यातायात की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए जरूरी है कि इस अवसर पर पूर्व से विवाद ग्रस्त मस्जिदों, ईदगाहों और इमामबाड़ों की विशेष निगरानी की जाए और सतर्कता बरती जाए। पर्व के अवसर पर काफी भीड़ एकत्रित होती है एवं लोग आपस में खुशी का इजहार करते हैं। इस क्रम में दूसरे संप्रदाय के लोगों के द्वारा टिका-टिप्पणी करने तथा पूर्व दुश्मनी या असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी प्रकार की गलत हरकतों के कारण सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है।


## डीसी-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** निकाय चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की ट्रेनिंग का कार्य पूरा हो गया है। बुधवार को मतदान कर्मियों की ट्रेनिंग का अंतिम दिन था। इस बार चुनाव बैलेट पेपर से होना है। पलामू के पांच अलग-अलग क्षेत्रों में निकाय चुनाव होना है। पलामू के मेदिनीनगर में जीएलए कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है जबकि वहीं से मतदान कर्मियों को रवाना भी किया जाएगा। पलामू डीसी समीरा एस और एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया एवं कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। इसके बाद डीसी और एसपी ने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया। दोनों ने बहलोलवा, पहाड़ी और रेडमा पशुपालन मतदान केंद्र का निरीक्षण किया है। इस दौरान मतदान केंद्रों पर वोटरों की सुविधा और सुरक्षा की समीक्षा की है। डीसी समीरा एस ने कहा कि पोलिंग पार्टी का तीसरा और अंतिम दिन का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो



गया है। स्ट्रांग रूम डिस्पैच एरिया की क्या तैयारी है, इसका जायजा लिया गया है और समीक्षा की गई है। ट्रैफिक प्लान को भी देखा गया है और अगल-बगल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्र पर एंट्री और एग्जिट की सुविधा का भी जायजा लिया गया है एवं समीक्षा की गई है। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि प्रशिक्षण का कार्य पूरा हो गया है। डिस्पैच एरिया एवं स्ट्रांग रूम का जायजा लिया गया है। ट्रैफिक एवं विधि व्यवस्था का प्लान तैयार किया गया है। मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया है और अधिकारियों को कई बिंदुओं पर निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों को मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो और उन्हें सुविधा उपलब्ध हो इसकी भी समीक्षा की गई है। पलामू के पांच अलग-अलग क्षेत्र में निकाय चुनाव होना है। मेदिनीनगर नगर निगम, बिश्रामपुर नगर परिषद, हुसैनाबाद, छतरपुर और हरिहरगंज नगर पंचायत के 246 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। पलामू के मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है जबकि पोलिंग पार्टी का डिस्पैच सेंटर भी बनाया गया है। वहीं जीएलए कॉलेज में ही वोटों की गिनती होनी है।



## संक्षिप्त समाचार

### झिंझरी मुहल्ला में महापौर प्रत्याशी प्रकाश दास का जनसंपर्क, विकास के लिए मांगा समर्थन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत झिंझरी मुहल्ला के विभिन्न इलाकों में बुधवार को महापौर पद के प्रत्याशी प्रकाश दास ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से



मुलाकात की और आगामी चुनाव में समर्थन एवं आशीर्वाद देने की अपील की जनसंपर्क के दौरान प्रकाश दास ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि नगर निगम क्षेत्र के समुचित विकास स्वच्छता व्यवस्था में सुधार जल निकासी की समस्या के समाधान और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग और आशीर्वाद मिला तो गिरिडीह नगर निगम को एक आदर्श और व्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे प्रकाश दास ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे चुनाव चिन्ह ह्लबाल्टी छापह्व पर अपना बहुमूल्य मत देकर उन्हें विजयी बनाएं। उनका क्रमांक 09 है जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिया और कई स्थानों पर उनका स्वागत भी किया गया।

### महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा का वार्ड नंबर 12, 15 और 36 में जनसंपर्क अभियान

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 12,15 और 36 के विभिन्न मुहल्लों में बुधवार को महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा का जनसंपर्क अभियान चला जन सम्पर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से आशीर्वाद मांगा और कहा कि हर वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा वार्ड कमेटी को सशक्त किया जाएगा। वार्ड कमेटी का योजनाओं



के चयन में सीधी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद मिला तो जनता की समस्या के निदान के लिए हर महीने हर वार्ड में जनता दरबार लगाया जाएगा। मौके पर राकेश कुमार रॉकी, हरिमोहन कंधवे, प्रमोद कंधवे विनय खेतान बंटी केडिया, संतु कंधवे गोपाल बगेड़िया, टिंकू सिंह, योगेन्द्र सिंह, सोनू कुमार, किशोर दास, सुशील शर्मा, मो पलटन, मो गांधी, मो चांद, मो पप्पु, गीता शर्मा, प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

### श्री चैतन्या अकेडमी ने जेईई मेन सेशन 1, 2026 में पटना से सिटी टॉपर दिए

**पटना (नबिटासं)।** श्री चैतन्या अकेडमी - इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर उत्तम परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने गर्व से अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन 1 के परिणामों की घोषणा की। इस सेंटर ने अमन आनंद और रिशु कुमार झा को पटना टॉपर घोषित किया, जिन्होंने प्रभावशाली 99.58 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। अमन और रिशु, पटना में श्री चैतन्या अकेडमी में रेगुलर क्लासरूम के छात्र है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर ऑफ श्री चैतन्यो एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर, ने कहा, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एवं को-फाउंडर, इन्फिनिटी लर्न, ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई मेन 2026 सेशन 1 में अमन और रिशु जैसे छात्रों को शानदार प्रदर्शन करते देखना बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को सेशन 2 के लिए शुभकामनाएँ दीं। उज्ज्वल सिंह, फाउंडिंग सीईओ ऑफ इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हर शहर के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। अमन और रिशु की सफलता और अन्य कई छात्रों की उपलब्धियाँ हमें बेहद गर्व और खुशी से भर देती हैं। अपनी सफलता पर अमन आनंद और रिशु कुमार झा ने शिक्षकों और परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान की मॉक टेस्ट श्रृंखला और अध्ययन सामग्री ने उनकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### कुसेर्ला अग्निकांड के बाद पप्पू यादव का बड़ा ऐलान

### 10 लाख की नगद राहत बांटी, सरकार से मांगी विशेष पैकेज की मांग

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले के कुसेर्ला हाट में हुये भीषण अग्निकांड के बाद पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पीड़ितों के बीच पहुंचे और नगद राहत राशि का वितरण किया। उन्होंने अपने सहयोगियों और नजदीकी मित्रों के सहयोग से लगभग 10 लाख रुपये की नगद सहायता अग्नि पीड़ितों को प्रदान की। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कोशी और सीमांचल का इलाका उनके घर का आंगन जैसा है, इसलिए वे यहां के लोगों के हर सुख-दुख में शामिल रहने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि कुसेर्ला में लगी आग से सैकड़ों



दुकानदारों की जिंदगी की कमाई जलकर राख हो गई है और यह सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि मानवीय त्रासदी भी है। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि जिन लोगों का इस अग्निकांड में सब कुछ जलकर खत्म हो गया है। उनके लिए जल्द से जल्द विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। उन्होंने प्रशासन से भी त्वरित सर्वे कराकर उचित मुआवजा सुनिश्चित करने की अपील की। बीते दिनों कुसेर्ला हाट में लगी आग में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई थीं। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग की इस भयावह घटना के बाद पूरे इलाके में मायूसी का माहौल है और पीड़ित परिवार पुनर्वास की उम्मीद लगाए बैठे हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान, वकील दास,अरुण सिंह, रवि यादव सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे ।

# दारू प्रखंड के स्कूलों में खेल किट वितरण से बच्चों में बढ़ा खेल के प्रति जोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दारू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर महेशरा उच्च विद्यालय महेशरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेढ़कुरी, सरस्वती उच्च विद्यालय दारू, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तीउज एवं पुनाई स्कूल में अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को खेल सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू एवं प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने किया। विद्यार्थियों को क्रिकेट टेनिस बॉल, स्टंप, क्रिकेट बैट, बैटिंग पैड, ग्लव्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और फर्स्ट एड किट जैसी आवश्यक खेल सामग्री प्रदान की गई।

खेल किट पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आगे बढ़ें और अपनी प्रतिभा को पहचान सकें। वहीं महेशरा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल सामग्री मिलने से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वार्ड 8 में अर्चना गुप्ता ने मांगा जनसमर्थन पेश किया विकास का संकल्प पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम निकाय चुनाव 2026 के तहत वार्ड संख्या 8 से पार्षद पद की प्रत्याशी अर्चना गुप्ता ने क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से समर्थन की अपील की और अपना संकल्प पत्र 2026-2030 प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में अर्चना गुप्ता कोर्रा, मटवारी, कुम्हार टोली सहित कई मोहल्लों में पहुंचीं, जहां स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और उम्मीदें जताईं।



अर्चना गुप्ता ने कहा कि वे पार्षद नहीं, बल्कि ह्लवार्ड सेविकाह्व बनकर सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्मठता के साथ वार्ड के हर नागरिक की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि उनका संकल्प पत्र प्रति सप्ताह स्वच्छता अभियान, पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, ह्लहर घर जल योजनाह्व का विस्तार, नाला-नाली निर्माण, जर्जर बिजली पोल-तार बदलना, नए इलाकों में बिजली पहुंचाना, सामुदायिक भवन का निर्माण और पुराने भवनों के आधुनिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रित है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धा-विधवा पेंशन, राशन कार्ड, खाद्य सुरक्षा कार्ड, जनधन और स्वास्थ्य योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति को जोड़ने का भी लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोर्रा व मटवारी में उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, सरकारी स्कूलों में शिक्षा और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधार, आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात भी उन्होंने कही। इसके अलावा उपेक्षित सड़कों के ढउउ निर्माण, विवादित रास्तों का आपसी सहमति से समाधान, तथा मटवारी-कुम्हार टोली क्षेत्र में तालाब सौंदर्यीकरण, श्मशान घाट विस्तार, सड़क-नाली और पुलिया निर्माण जैसे विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अर्चना गुप्ता ने मतदाताओं से अपील की कि 23 फरवरी 2026 को बैलेट पेपर में क्रम संख्या 2 पर ह्लबेबी वॉकरह्व चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वार्ड 8 को एक स्वच्छ, विकसित और सुविधायुक्त आदर्श वार्ड बनाया जा सके।

# अभियुक्त के घर चिपकाया कोर्ट का इश्तहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी थाना कांड संख्या 188/23 के फरार अभियुक्त विकास साव (पिताझ मुंशी साव), निवासी ग्राम पतरातू बस्ती, थाना पतरातू, जिला रामगढ़ के खिलाफ न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए इश्तहार जारी किया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बुधवार, 18 फरवरी 2026 को पुलिस ने अभियुक्त के आवास पर विधिवत इश्तहार चस्पा किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और बार-बार समन के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था।

इसी के बाद माननीय न्यायालय से इश्तहार निर्गत हुआ। आदेश के तहत पु०अ०नि० अनुप




कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम पतरातू बस्ती पहुंची, जहां स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में इश्तहार की तामिला कराई गई। इस दौरान आसपास के ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि यदि अभियुक्त तय समय सीमा के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती जैसी आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून से बचना किसी के लिए संभव नहीं है और फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी तरह की जानकारी तुरंत थाना को दें। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** हिलसा- एकंगरसराय मुख्य मार्ग पर ढिबरापर गांव के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के जहानचक गांव निवासी यदुनंदन प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक मंगलवार देर रात अपने ससुराल हिलसा थाना क्षेत्र के कौड़ियाबिगहा से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। ढिबरापर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# महेशरा स्कूल परिसर में लगे बिजली के खंभों से छात्रों की सुरक्षा पर संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रौशन सिन्हा (दारु/हजारीबाग)।** महेशरा उच्च विद्यालय, महेशरा के खेल मैदान में लगे बिजली के खंभे अब छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। जिस मैदान में रोजाना सैकड़ों छात्र खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, वहीं बीच मैदान में खड़े ये खंभे कभी भी किसी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश ने बताया कि खेल के दौरान कई बार बच्चे इन खंभों से टकरा चुके हैं, जिससे चोट लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं। लगातार ऐसी घटनाओं से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ती जा रही है। सबसे बड़ी आशंका बरसात के मौसम को लेकर है।

बारिश के दौरान बिजली के खंभों और उनके आसपास करंट फैलने का खतरा बना रहता है, जिससे किसी भी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी इस गंभीर समस्या पर नाराजगी और चिंता जताई है। विद्यालय प्रबंधन की मांग है कि इन बिजली के खंभों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि बच्चों के लिए खेल का मैदान पूरी तरह सुरक्षित बनाया जा सके और किसी संभावित हादसे को रोका जा सके।

# मेयर रेस में अरविंद कुमार राणा की ताकत दिखी जनसंपर्क में उमड़ी भीड़ ने बढ़ाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहर का सियासी माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। इसी क्रम में महापौर प्रत्याशी अरविंद कुमार (राणा) के जनसंपर्क अभियान को अलग ही रफ्तार मिलती नजर आ रही है। बाबू गांव, दिपूगढ़ा जबरा, एसपी कोठी, विकास नगर सरले, बुंदेलनगर, हाउसिंग कॉलोनी गोलंबर, बाम्बे हाउस और देवांगन सहित कई इलाकों में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

जगह-जगह फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ समर्थकों ने उनका अभिनंदन कर समर्थन का खुला इजहार किया। जनसंपर्क के



दौरान अरविंद कुमार राणा ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान से सुना। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना, सड़कों की स्थिति सुधारना, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, ह्लहजारीबाग का समग्र विकास ही मेरा लक्ष्य है, और जनता का भरोसा ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। अभियान के दौरान कई मोहल्लों में लोगों ने स्वेच्छा से उन्हें सहयोग भी दिया। समर्थकों का कहना है कि यह सहयोग सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि उनके प्रति जनता के विश्वास और उम्मीद का प्रतीक है। जिस तरह युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और व्यापारी वर्ग बढ़-चढ़कर अभियान में शामिल हो रहे हैं, उससे चुनावी मुकाबला और भी दिलचस्प होता दिख रहा है।

इस अवसर पर रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सुधीर यादव उर्फ पिंकू यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनके साथ ऋषभ कुमार, चंदन मंडल, मुकेश मेहता, तिलेश्वर कुमार, योगेंद्र यादव, संदीप राणा, संतोष गुप्ता, मोहन राणा, संदीप सिंह, विवेक कुमार, अमित सिंह, संतोष पासवान, राजेश गुप्ता, हिरा राम, ब्रजेश कुमार, लिलेश कुमार, सन्नी पासवान और नवीन कुमार वर्मा समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# प्रशासन की पहल से पटरी पर लौटी चट्टीबरियातु कोल माइंस, दो माह से जारी अस्थिरता पर लगा ब्रेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ठळढउ की चट्टीबरियातु कोल माइंस बुधवार को प्रशासनिक सहयोग से एक बार फिर शुरू कर दी गई। बीते 31 दिसंबर से स्थानीय नेता सह पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के कारण माइंस का संचालन बार-बार बाधित हो रहा था, जिससे दो माह से बंदझचालू का सिलसिला बना हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, प्रभावित ग्रामीणों द्वारा मुआवजा, विस्थापन नीति में संशोधन, प्रदूषण पर नियंत्रण और स्थानीय लोगों को रोजगार देने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा था। आंदोलनकारियों का कहना था कि कंपनी की ओर से विस्थापित और प्रभावित परिवारों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे क्षेत्र में नाराजगी बढ़ती जा रही थी।

लगातार रुकावटों के कारण कोयला उत्पादन और डिस्पैच पर बुरा असर पड़ा और कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जिला प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के बीच कई चरणों में बातचीत के बाद हालात को सामान्य करने की दिशा में पहल की गई। बुधवार को प्रशासन की मौजूदगी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच माइंस में दोबारा कामकाज शुरू कराया गया। उत्पादन और परिवहन का कार्य फिर से पटरी पर लौट आया। प्रशासन ने साफ किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है, वहीं प्रभावित ग्रामीणों की जायज मांगों पर नियमों के तहत विचार किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मुख्य मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक असंतोष पूरी तरह खत्म होना मुश्किल है। दूसरी ओर, कंपनी प्रबंधन को उम्मीद है कि बातचीत के जरिए स्थायी समाधान निकलेगा और परियोजना का संचालन सुचारू रूप से चलता रहेगा। फिलहाल प्रशासन की निगरानी में चट्टीबरियातु कोल माइंस का कार्य सामान्य रूप से जारी है।

## हिलसा के 9 केंद्रों पर 236 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को हिलसा अनुमंडल मुख्यालय के कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में कुल 236 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आंकड़ों के अनुसार दोनों पालियों में रामबाबू हाईस्कूल परीक्षा केंद्र कुल 4153 परीक्षार्थियों में 71 अनुपस्थित रहे। एसयू कॉलेज परीक्षा केंद्र में 1506 में 40, सरदार पटेल कॉलेज में 1408 में 26, डीपीएस स्कूल 1087 में 13,मध्य विद्यालय हिलसा 825 में 8, उच्च विद्यालय मई 1806 में 39, मध्य विद्यालय गुलनी हैदरपुर 709 में 8, विद्या विहार 1409 में 23,ख्रीस्त ज्योति विद्यालय 734 में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी समीर राज चौधरी का डोर-टू-डोर अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी समीर राज चौधरी का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान लगातार तेज रफ्तार में जारी है। बुधवार को उन्होंने शहर के बड़ा चौक, टुंडी रोड, गांधी चौक, तिरंगा चौक, कुटिया गली, दर्जी अध्यक्ष सतीश केडिया ने बताया कि पिछले चुनाव में जनता ने बड़ी संख्या में समर्थन दिया था। इस बार भी वे अपील करते हैं कि जनता कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को अवसर दे, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके।



मोहल्ला और आईसीआर रोड समेत विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन की अपील की जनसंपर्क के दौरान समीर राज चौधरी ने कहा कि नगर निगम बने आठ वर्ष बीत जाने के बावजूद शहर आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। आज भी हम नालियों को ढकने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की बात कर रहे हैं। शहर ट्रैफिक जाम से कराह रहा है और मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ दिखता है। इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जनता का सहयोग और समर्थन जरूरी है।

उन्होंने कहा मौके पर जिला उन्होंने कहा कि चुनाव मैदान में कई ऐसे प्रत्याशी हैं जो पहले भी जनप्रतिनिधि रह चुके हैं, इसलिए मतदाता उनके पूर्व कार्यों का आकलन कर सोच-समझकर मतदान करें।

इस अभियान में अनिमेष देव, यश सिन्हा, अमित सिन्हा, सोहेल इराकी, विनीत भास्कर, मोहम्मद निजामुद्दीन विनय बसई वाला, रॉकी जलन, गौरव शर्मा, बिलाल अंसारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डोर-टू-डोर अभियान के दौरान कई जगहों पर लोगों ने उनका स्वागत किया और शहर के विकास को लेकर अपनी समस्याएं भी साझा कीं।

# वार्ड 5 और 34 में मेयर प्रत्याशी अर्जुन बैठा का जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने बुधवार को वार्ड संख्या 5 और 34 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और आगामी चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने उनका स्वागत किया और स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया।




अर्जुन बैठा ने क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली एवं स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वार्ड 5 और 34 को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा उन्होंने कहा कि नगर निगम की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पहल की जाएगी अभियान के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उनके साथ जनसंपर्क में शामिल रहे। अर्जुन बैठा ने कहा कि जनता का समर्थन और स्नेह उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है अंत में उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर डीआईजी सख्त




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) किशोर कौशल आज चैनपुर स्थित पुलिस निरीक्षक सदर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देशों का अनुपालन करते हुए नगर निकाय चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन तथा अन्य प्रतिबंधित चीजों की आवाजाही पर रोक लगाने हेतु पूरी सख्ती बरतने, क्षेत्र में पेट्रोलिंग की व्यवस्था को तेज करने तथा रात्रि गस्ती में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लोगों से आपसी समन्वय स्थापित करने, उनकी समस्याओं से अवगत होने और समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तत्परता बरती जाए। अपराध करने वाले अपराधी किसी भी सूरत में पुलिस गिरफ्त से बचना नहीं चाहिए। उन्होंने विभिन्न थानों में दर्ज कांडों का निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न थाना प्रभारी फरार वारंटी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें तथा जेल से बाहर आये अपराधियों पर पैनी नजर रखना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। आमलोगों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में संधारित अभिलेखों एवं पंजियों को शीघ्र ठीक करने का भी निर्देश दिया। इंस्पेक्टर कार्यालय पहुंचने पर डीआईजी का स्वागत किया गया। वहीं पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के मौके पर पुलिस निरीक्षक पुनम टोप्पो, सदर अंचल चैनपुर के पुलिस अवर निरीक्षक श्रीराम शर्मा, थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वज्रगृह व मतगणना केंद्र का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस एवं एसपी रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से गणेश अग्रवाल कॉलेज, स्थित वज्रगृह (स्ट्रांग रूम) तथा मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इसके पूर्व साइंस ब्लॉक में चल रहे अंतिम पार्टीवार प्रशिक्षण में डीसी ने सभी मतदान कर्मियों को ब्रीफ किया। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि आज आप सभी का फाइनल ट्रेनिंग है, ऐसे में कोई भी डाउट हो तो आज ही क्लियर कर लें।इसके पश्चात दोनों पदाधिकारियों द्वारा स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, सुरक्षा व्यवस्था, कमरों की स्थिति, पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने,विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में डीसी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने की बात कही। निरीक्षण के क्रम में कॉलेज परिसर के कमरों, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति सहित उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की गयी। वहीं डिस्पैच के दिन की जाने वाली तैयारियों का अवलोकन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह, सदर पुलिस उपाधीक्षक,जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक जनसपंर्क पदाधिकारी अजित सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## भेंड्रा के पारंपरिक लौह शिल्प को प्रोत्साहित करेगी गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** गुरु गोविन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस के इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज तथा भेंड्रा टूल्स इंडस्ट्रीज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम भेंड्रा, प्रखंड नवाडीह, जिला बोकारो के बीच मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर कॉलेज निदेशक प्रियदर्शी जरुहार और भेंड्रा के मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भेंड्रा के गोपाल विश्वकर्मा, पांचू विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा और बासु बिहारी उपस्थित रहे। बताया गया कि भेंड्रा को झारखंड का शेफील्ड कहा जाता है। यह गांव पंद्रहवीं सदी में शेरशाह सूरी द्वारा बसाया गया था और तब से यह लोहे के हथियार और औजारों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध रहा है। अंग्रेजी शासन के दौरान रेलवे में प्रयुक्त बाल पेन हैमर का निर्माण भी यहीं शुरू हुआ। कॉलेज निदेशक प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भेंड्रा के पारंपरिक लौह शिल्प और इंजीनियरिंग की अद्यतन तकनीक के समन्वय से दोनों पक्षों को लाभान्वित करना है, ताकि इंजीनियरिंग के छात्रों को आधुनिक तकनीक के साथ पारंपरिक शिल्प का व्यवहारिक ज्ञान मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने नरेश कुमार विश्वकर्मा को शाल प्रदान कर सम्मानित किया। नरेश कुमार विश्वकर्मा ने सुरेंद्र पाल सिंह को उपहार स्वरूप हस्तशिल्प भेंट किया और भेंड्रा आने का निमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम कॉलेज के स्टूडेंट पार्लियामेंट हाल में सभी फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विकास जैन ने किया, जबकि संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने समझौते पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## डीसी-एसपी ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नगर निकाय चुनाव 2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को डीसी समीरा एस व एसपी रीष्मा रमेशन समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने वार्ड 5 अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,बहलोलवा के बूथ संख्या 2 और 3,वार्ड 6 स्थित राजकीयकृत नव प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या 3 और 4, वार्ड 6 के पशुपालन कार्यालय, रेड़मा में बने बूथ संख्या 1 तथा शहर के पहाड़ी मोहल्ला स्थित वार्ड 26 के मतदान केंद्र संख्या 5 (मदरसा अलहेदया, कुंड मोहल्ला) का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से आवश्यक निर्देश दिए, वहीं डीसी ने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बूथों पर पेयजल, शौचालय,प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध करा दी जाये ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

## मस्टैंग साझेदारी के दम पर गोबोल्ट का बड़ा लक्ष्य: वित्त वर्ष 27-28 तक 3,000 करोड़ रुपये राजस्व का टारगेट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के तेजी से उभरते वियरेबल्स और ऑडियो ब्रांड गोबोल्ट ने अपनी दीर्घकालिक विकास रणनीति का ऐलान करते हुए वित्त वर्ष 2027-28 तक 3,000 करोड़ रुपये के राजस्व का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 800 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज करने के बाद कंपनी अब प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस बढ़ाते हुए तेज़ विस्तार की राह पर है।

कंपनी ने अपनी रणनीति के तहत मस्टैंग के साथ साझेदारी का विस्तार किया है। इस मल्टी-प्रोडक्ट रोडमैप के अंतर्गत गोबोल्ट ने मस्टैंग ब्रांड के तहत तीन नई स्मार्टवॉच—स्टैलियन, रेसर और मसल—तथा 'मस्टैंग स्प्रिंट' टीडब्ल्यूएस लॉन्च करने की घोषणा की है। तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी यह साझेदारी अब केवल ऑडियो तक सीमित नहीं रही, बल्कि वियरेबल्स और ऑडियो को मिलाकर एक व्यापक इकोसिस्टम के रूप में विकसित हो रही है।

गोबोल्ट के को-फाउंडर वरुण गुप्ता ने कहा कि कंपनी प्रीमियम और मिड-प्रीमियम उत्पादों के जरिए सतत और गुणवत्तापूर्ण वृद्धि पर ध्यान दे रही है। उनका दावा है कि मस्टैंग के साथ डिजाइन-केंद्रित साझेदारी ने ब्रांड को नई पहचान दी है। वहीं, को-फाउंडर तरुण गुप्ता के अनुसार कंपनी ऐसे उत्पाद विकसित कर रही है जो गुणवत्ता, विश्वसनीयता और उपयोगकर्ता अनुभव के मानकों पर खरे उतरें। फिलहाल कंपनी की 70 प्रतिशत आय ऑडियो और 30 प्रतिशत वियरेबल्स से आती है। वित्त वर्ष 2026 तक प्रीमियम और मिड-प्रीमियम उत्पादों का योगदान 70 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। ऑफलाइन बिक्री हिस्सेदारी भी 20 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में बढ़ती मांग के कारण।

## प्रशिक्षण: जी.एल.ए कॉलेज में बुधवार को 282 पोलिंग पार्टियों को मिला अंतिम प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (पलामू)/नबिटा संवाददाता।** आगामी नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर बुधवार को स्थानीय गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में पांचों नगर निकायों के लिये कुल 282 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया।इसमें पीठासीन पदाधिकारी समेत पी 1,पी 2,पी 3 और पी 4 के मतदानकर्मी शामिल थे। सभी कर्मियों को 50 से अधिक मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पार्टीवार दिया गया ताकि 23 फरवरी के दिन किसी प्रकार का कोई समस्या न रहे।मतदान कराने जाने वाले कर्मियों को पहले एक-दूसरे से परिचय प्राप्त करवाया गया जिसके बाद सभी पार्टी आपस में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किये जिसके पश्चात सभी को पार्टी वार ग्रुप बनाकर ट्रेनिंग दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को मॉक पोल से लेकर दस्तावेजों की पैकिंग की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया आरंभ, मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को छोटे समूह बनाकर विभिन्न प्रपत्रों का संधारण करने का रिवीजन कराया गया।


रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)
(An Autonomous Scientific Society under Ministry of Electronics & Information Technology(MeitY),Govt. of India
2nd Floor, RIADA Bhawan(Opposite GEL Church) Main Road, Ranchi-834001
Website: http://nielit.gov.in/ranchi/ | Email: ranchi@nielit.gov.in | Phone: 0651-2332554 | Mob: 7667160032

**Admission Notice for NSQF Aligned Courses**

NIELIT Ranchi invites applications from eligible SC/ST and EWS (Women) candidates for undergoing skill based training in NSQF aligned Short Term Courses to be conducted in Five Districts of Jharkhand Under the Project "*Employability Enhancement and Livelihood Training Program [EELTP] of SC/ST& EWS (Women) youth through Capacity Building and Skill Development in IECT in Jharkhand*" sponsored by Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY), Govt. of India.

| S.N | NSQF Course Name [Level] | Eligibility | Fee |
|---|---|---|---|
| 1 | Certified Computer Application Accounting and Publishing Assistant [Level 3] | Matriculation OR 8th pass pursuing regular schooling OR 8th pass with one year experience in relevant field. | Free for SC/ST & EWS (Women) Candidates |
| 2 | Certified Data Entry and Office Assistant (Upskilling) [Level 3] | Matriculation OR 8th pass pursuing regular schooling OR 8th pass with one year experience in relevant field. | |
| 3 | ITeS BPO Executive - Voice [Level 3] | 10th Pass | |
| 4 | O level (IT) [Level 4] | 10+2 or ITI | |
| 5 | Full Stack Development Associate [Level 4] | 12th pass | |
| 6 | Essentials of AI (Upskilling) [Level 4] | 12th with Science subjects or equivalent or 2nd year of 3-year diploma in CS/IT/EC/EE/allied branches after 10th | |
| 7 | Essentials of Cloud Computing and Virtualisation (Upskilling) [Level 4] | Pursuing final year BE/BTech/MCA in any discipline Or BCA/ B.Sc. IT/ B.Sc. Electronics Or 3 Years Diploma after class 10th in Electronics/ IT/ Electrical with 1 Years of Experience in IT Sector Or Level- 5 Qualified in IT Sector | |
| 8 | Internet of Things (IoT) Assistant [Level 3] | Matriculation OR 8th pass pursuing regular schooling OR 8th pass with one year experience in relevant field. | |
| 9 | Internet of Things (IoT) Associate [Level 4] | 12th grade pass or Completed 2nd year of 3-year diploma (after 10th) and pursuing regular diploma | |
| 10 | Assistant Computer Technician [Level 3] | 10th Pass | |

**Districts: Dhanbad, Purbi Singhbhum, Bokaro, Palamu, Hazaribagh**

| S.No | District | Training Centre | Contact Details |
|---|---|---|---|
| 1 | Ranchi | NIELIT Ranchi RIADA Bhawan 2nd Floor Main Road Ranchi 834001 | Swati Samanta [7667160032] |
| 2 | Dhanbad | Shree ComputersThana Chauk Besides Shri Press Katrasgarh ,Dhanbad -828113 | Shalini Bose [8092704699 \| 9304051167] |
| | | Smart Age Computers, 2nd Floor, Anjana Complex, Above Allahabad Bank, Bartand, Dhanbad,826001 | Rajendra Kumar [8789844396 \| 7004225610 \| |
| 3 | Purbi Singhbhum | Aajivika Global Skill Private Limited, East Singhbhum Satraj Hall New Ulidih, Mango Jamshedpur East Singhbhum-831012 | Soni Shrestha [ 9471175696 ] |
| | | Institute of software and Hardware Technology Academy 1st Floor Sanatan Complex Road No-4 Adityapur Jamshedpur Purbi Singhbhum 831013 | Satish Prasad [7277325460] |
| 4 | Bokaro | M/s Aajivika Global Skill Private Limited, Bokaro Opp. IDBI Bank Kura Chas Block Bokaro 827013 | Chandan Kumar [6205086858] |
| 5 | Hazaribagh | Aajivika Global Skill Private Limited, Hazaribag Khata No-105, Plot no-187, Near Kud Aashram, Chatra Road, Hazaribagh Jharkhand -825302 | Aman Kumar [7870496717] |
| 6 | Palamu | Purvanchal Computer Shikshan Sewa Sanstha Redma Chowk Bypass Road Daltonganj Palamu 822101 | Sanjay Kumar Soni [9835121360] |

- ✓ Training is free of cost for all eligible SC/ST/EWS (Women) candidates under the scheme.
- ✓ Admission is on first come basis to eligible candidates.
- ✓ The NSQF course details are available at: https://www.nielit.gov.in/content/nsqf
- ✓ Further details about the training scheme are available on our website at: https://nielit.gov.in/ranchi/content/employability-enhancement-livelihood-training-program-eeltp-scst-ewswomen-youth-through

Advt No:- NIELIT/RNC/Advt/2026/01 — Sd/- Executive Director

RAN.NIELIT | @NIELITIndia — RAN_NIELIT | @NIELITIndia

CBC06156/11/0001/2526



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 277_2025-26, दिनांक 16.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ 2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। कार्य का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,44,52,201/-, **बयाना राशि:** रु. 2,22,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-623/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 276_2025-26, दिनांक 13.02.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ 2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। कार्य का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति । **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,02,94,270/- **बयाना राशि:** रु. 2,51,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-622/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**सं. एस.जी. 664-27-संकेत-2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं० 1, विवरण: कार्य का नाम :** धनबाद मंडल के अंतर्गत अरिगाडा (ARGD) यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) की व्यवस्था हेतु ।, **2. कार्य का आकलित मुल्य:** ₹3,85,07,447.02 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 3,42,500.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 10.03.2026 (12:30 बजे)।, **5.** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य:-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1805/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/25-26/36



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलसीगेट-12ए-6-3-एनडीएई, दिनांक: 16.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलसीगेट-12ए-6-3-एनडीएई** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल- निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-शेड्यूल ए1- एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2- एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम्यूनिकेशन लागत। शेड्यूल बी1- एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 6/3 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल बी2-एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 6/3 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,82,81,027.01, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,41,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 16.02.2026 को 10.45 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 23.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 09.03.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-626/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**आद्रा मंडल के तहत पार्किंग और विज्ञापन अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: **कैटेगरी: पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क104, लॉट संख्या/कैटेगरी:** पार्किंग-एडीआरए-आरकेआई-टीडब्ल्यू-66-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** दिनांक 25.02.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** दिनांक 25.02.2026, 12.30 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क105, लॉट संख्या/कैटेगरी:** पार्किंग-एडीआरए-सीएनआई-एमएक्स-84-26-1 (पार्किंग-मिक्स्ड)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** दिनांक 05.03.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय :** 05.03.2026, 12.30 बजे।

**ई-ऑक्शन सूचना संख्या: सीओएमएमएल/पीयूबी./एडीवीटी/02/26, दिनांक 16.02.2026, कैटेगरी: विज्ञापन, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: एडीवीटी79, लॉट संख्या/कैटेगरी:** एडीवीटी-एडीआरए-वीएसयू-ओएच-17-26-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), एडीवीटी-एडीआरए-ओडीएम-ओएसएन-127-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 06.03.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय :** 06.03.2026, 12.40 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1206) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/11, दिनांक: 16.02.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

- **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं:**(1) 10251037;** ईएलजीआई प्रस्तुतकारक डिस्क टाइप कपलिंग आदि; रु. 1,34,330/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.03.2026 को 13.30 बजे (2) 10261766;** प्लग के साथ हाई वोल्टेज केबल आदि; रु. 3,92,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 09.03.2026 को 13.30 बजे (3) 11251809ए;** निम्नलिखित का क्रय क) आरडीएसओ के ड्रॉ.सं.सीजी-के 4059, ऑल्ट.सं.-4 और आरडीएसओ के स्पेसि.सं.सी-के409 (रिव.3) ऑफ अप्रैल 2023 के प्राइमरी सस्पेंशन के लिए हाइट्रेल लोअर वॉशर। (ख) आरडीएसओ के ड्रॉ.सं.सीजी-के 4058 ऑल्ट.सं.-3(तीन) और आरडीएसओ के स्पेसि.सं.सी-के409 (रिव-3) ऑफ अप्रैल 2023 के प्राइमरी सस्पेंशन के लिए हाइट्रेल अपर वॉशर। टिप्पणी:- (1 सेट = 1 लोअर + 1 अपर); रु. 4,82,380/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 04.03.2026 को 13.30 बजे (4) 10262450;** सिंगल डक्ट लेदर बेल्लो का सेट आदि; रु. 10,21,490/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 09.03.2026 को 13.30 बजे (5) 10252516;** ई-70 ब्रेक के "आईओएच शेड्यूल के लिए किट; रु. 3,12,580/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 04.03.2026 को 13.30 बजे (6) 10261873;** वर्टिकल के लिए रेसिस्टर ग्रिड एलिमेंट आदि; रु. 5,28,550/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 05.03.2026 को 13.30 बजे (7) 10261765;** ट्रांसफॉर्मर के लिए मोटर के साथ ऑयल पंप आदि; रु. 2,10,770/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 30.03.2026 को 13.30 बजे (8) 10251167;** हिटाची ट्रैक्शन मोटर के मैग्नेट फ्रेम कम्पोनेंट (पीई) का सेट; रु. 3,68,290/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 09.03.2026 को 13.30 बजे (9) स्पेशल पीएससी स्लीपर2628;**स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपर्स का क्रय; रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 05.03.2026 को 13.30 बजे। निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 9 प्रत्येक हेतु)।
- **(ख) क्रम सं.; निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण; अनुमानित निविदा मूल्य** निम्नानुसार हैं: **(1) 52257780;** केबीआईपीएल के लिए मॉडिफाइड जंक्शन बॉक्स और कनेक्टर के साथ संशोधित वायरिंग का रेट्रो फिटमेंट और रु. 64,01,500/- **(2) 52265379;** बैटरी एवं बैटरी बॉक्स और रु. 61,01,780/-, **निविदा की अंतिम तिथि : 14.03.2026** क्रम सं. 1 और 2 के लिए।
- **(ग) क्रम सं. : (1), निविदा सं. : 52265508; संक्षिप्त विवरण :** एयर स्प्रिंग के लिए किट मटीरियल्स का सेट **और अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 4,03,55,764.00/- **निविदा की अंतिम तिथि : 18.03.2026.**

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-68/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# सोन नहर में गिरी अनियंत्रित कार

## ⇨औरंगाबाद निवासी दंपत्ति की मौत
## ⇨दो ने कूद कर बचायी अपनी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम(पटना)।** थाना क्षेत्र के सोन नहर पर मोजक्का टोला गांव के समीप बुधवार सुबह करीब दस बजे एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे सोन नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार पति-पत्नी की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में कुल चार लोग सवार थे। जैसे ही वाहन का संतुलन बिगड़ा और वह नहर की ओर मुड़ने लगी, उसमें बैठे दो लोगों ने तत्काल गाड़ी का दरवाजा खोलकर छलांग लगा दी। उनकी सूझबूझ से जान बच गई। लेकिन चालक और एक महिला कार के अंदर ही फंस गए। कार के नहर में गिरते ही वह तेजी से पानी में डूबने लगी। नहर में पानी का स्तर अधिक होने के कारण अंदर फंसे दोनों लोग बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने तुरंत शोर मचाया और बचाव का प्रयास शुरू किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डूबने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के सरईबार गांव निवासी जितेंद्र कुमार (56 वर्ष) और उनकी पत्नी मालती देवी (45 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

घटना की सूचना मिलते ही बिक्रम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से कार को बाहर निकाला गया और शवों को बरामद किया गया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हादसे के बाद नहर रोड पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से नहर किनारे सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के हथौड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत परशुराम गांव के समीप बुधवार की सुबह एक सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना रोसड़ा-हथौड़ी मुख्य पथ पर हुई, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नारायण दास गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, परशुराम गांव निवासी नारायण दास सुबह के समय सड़क किनारे से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्ध सड़क पर ही गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल इलाज के लिए समस्तीपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक बताते हुए उपचार शुरू किया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हथौड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हिंसा की शिकार महिलाओं की मदद को बनेंगे वन स्टॉप सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा की स्थिति में अब सहयोग टीम तुरंत सहायता पहुंचाएगी। समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम की पहल पर राज्यभर में 26 नए वन स्टॉप सेंटर बनाए जा रहे हैं। इनके पूरा होने के बाद प्रदेश में कुल केंद्रों की संख्या 65 हो जाएगी। फिलहाल 39 केंद्र संचालित हैं।

वर्तमान में सभी जिलों में एक-एक और पटना में दो वन स्टॉप सेंटर कार्यरत हैं। प्रत्येक केंद्र में 13 प्रशिक्षित कर्मियों की टीम तैनात है। ये टीम पीड़ित महिलाओं को आश्रय, चिकित्सा सहायता, भोजन, कपड़े, मनो-सामाजिक परामर्श और कानूनी सहयोग उपलब्ध कराती है। नए केंद्र अनुमंडल मुख्यालयों में स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी आसानी से सेवाएं प्राप्त कर सकें।

पिछले तीन वर्षों में इन केंद्रों पर 23,585 मामले दर्ज हुए, जिनमें 20 हजार से अधिक का सफल निष्पादन किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,517 मामलों में से 6,599 का निपटारा हुआ। 2024-25 में 8,888 में से 7,185 मामलों का समाधान किया गया। वहीं 2025-26 में जनवरी तक 7,180 मामलों में 6,322 का निष्पादन हो चुका है।

पीड़ित महिलाएं हेल्पलाइन नंबर 181 पर कॉल कर सहायता मांग सकती हैं। वन स्टॉप सेंटरों को इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम 112 से भी जोड़ा गया है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। इसके अलावा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है। वन स्टॉप सेंटर एक समेकित सहायता तंत्र के रूप में कार्य कर रहे हैं, जहां पीड़िता को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। जरूरत पड़ने पर विभिन्न विभागों से समन्वय कर राहत दिलाई जाती है। समाधान के बाद छह माह तक सतत निगरानी की जाती है।

## बंगाल की महिला से दुष्कर्म

**मुजफ्फरपुर।** पश्चिम बंगाल की युवती को दुष्कर्म के बाद बदमाशों ने अहियापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा छोड़ दिया। होश आने पर पीड़िता ने मामले की सूचना अस्पताल संचालक की ओर से पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने उसे एसकेएमसीएच में भर्ती कराया और उसका बयान दर्ज किया। पीड़िता ने बताया कि फेसबुक से समीर राज उर्फ सेहबान से दोस्ती हुई थी। उसने उसे पश्चिम बंगाल से वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को बुलाया था। बखरी में एक मकान में उसे रखकर दुष्कर्म कर रहा था। उसे चेन्नई ले जाने की बात बोलकर उसके बेटे को भी 15 फरवरी को बुला लिया।

वह जब चेन्नई नहीं ले गया और उसके साथ गलत करता रहा तो तंग होकर घर जाने को बोली। आरोपित उसे ट्रेन से घर पहुंचाने की बात कही। इसके बाद समीर ने दोस्त सुशील कुमार को बुला लिया। बेटे को बेच देने की धमकी देने लगा। उससे रुपये की डिमांड की। डरी-सहमी उसने पति से 10 हजार रुपये मंगवाए। इसके बाद फिर दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ी तो उसे बेहोशी की हालत में एनएच-57 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा फरार हो गया। पुलिस ने बताया घटनास्थल की जांच की जा रही है। बयान के आधार पर आरोपित की गिरफ्तारी की कवायद शुरू कर दी गई है। एसआइ प्रमोद प्रसाद ने बताया निजी अस्पताल संचालक को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

# खेल महोत्सव को ले उत्सवमय हुआ स्कूल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बुधवार को स्कॉटिश पब्लिक विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का प्रथम दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति से उत्सवमय बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम तथा खेल भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक व्यायाम का भव्य प्रदर्शन किया गया।

विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा सामूहिक भावना का विकास होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए इस प्रकार के आयोजनों का निरंतर संचालन करता रहेगा।

# औरंगाबाद समाहरणालय को कुर्क करने का आदेश

## कोर्ट ने 15 दिनों में मांगा प्रगति प्रतिवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन प्रथम डॉ. दीवान फहद की कोर्ट ने बुधवार को समाहरणालय को कुर्क करने का आदेश दिया है। डिक्री अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने पुराने इजराय वाद में डिक्री के अनुपालन नहीं होने पर ऋणी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद डिक्रीधारी अधिवक्ता हरेकृष्ण प्रसाद को देय राशि का भुगतान नहीं किया गया, जिससे वाद का निस्तारण लंबित है।

अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि डिक्रीधारी द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को दायर आवेदन के आधार पर 14 नवंबर 2025 को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया था। इसके आलोक में अपर समाहर्ता और विशेष कार्यक्रम सह प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा के कार्यालय से 9 दिसंबर 2025 को प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, किंतु उसमें डिक्री राशि के भुगतान को लेकर कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं था।11 दिसंबर 2025 तथा पांच फरवरी 2026 को सरकारी अधिवक्ता (जीपी) की ओर से डिक्री के अनुपालन हेतु समय की मांग की गई, परंतु पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया गया।

न्यायालय ने इसे गंभीर मानते हुए कहा कि यह इजराय वाद प्राचीनतम वाद की श्रेणी में आता है, जिसके त्वरित निष्पादन हेतु उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा भी दिशा-निर्देश जारी है।



उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय ने समाहरणालय को कुर्क करने का आदेश दिया है। व्यवहार न्यायालय के नाजिर को निर्देश दिया गया है कि उक्त संपत्ति को नियमानुसार कुर्क कर 15 दिनों के भीतर न्यायालय में प्रतिवेदन समर्पित करें। मामले की अगली सुनवाई नौ मार्च को निर्धारित की गई है।

अधिवक्ता ने बताया कि इस आदेश के बाद समाहरणालय की नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। डीएम अभिलाषा शर्मा ने बताया कि क्या मामला है, न्यायालय के आदेश को दिखवाया जाएगा।

## चौड़ीकरण का रास्ता साफ

**बिहारशरीफ।** दनियावां से हुलासगंज तक जाने वाले दनियावां-हिलसा-एकंगरसराय- हुलासगंज मार्ग के चौड़ीकरण की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। बिहार विधानसभा के द्वितीय सत्र में विधायक रुहेल रंजन द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि उक्त मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है। विभागीय उत्तर के अनुसार यह मार्ग तक अत्यधिक संकीर्ण होने और भारी यातायात दबाव के कारण लगातार जाम व दुर्घटनाओं का केंद्र बना रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए सड़क के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 330 करोड़ 89 लाख 40 हजार रुपये की लागत का प्राक्कलन तैयार किया गया है। पथ निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि संसाधनों की उपलब्धता और प्राथमिकता के आधार पर परियोजना पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। योजना लागू होने के बाद इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग पर यातायात सुगम होने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# मंदिर से भगवान का मुकुट व कड़ा चोरी

## पिछले वर्ष भी तीन किलो चांदी के आभूषण की हुई थी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** जिले के सकरी थाना क्षेत्र के भवानीपुर स्थित उगना महादेव मंदिर में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और बाबा उग्रनाथ मंदिर के महादेव के मुकुट, बजरंगबली मंदिर से बजरंग बली का कड़ा, तथा दान पेटी में रखे नकद और करीब 10 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। मंदिर परिसर में चोरों की आहट सुनने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर एसडीएम चंदन कुमार झा और डीसीपी अमित कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की जांच मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में की जा रही है। पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। फुटेज में चोर की तस्वीर स्पष्ट दिखाई दे रही है, और इस आधार पर जांच की जा रही है।

स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि एक साल पहले भी मंदिर परिसर में लाखों रुपये मूल्य की चोरी हुई थी और पुलिस गस्ती सही ढंग से नहीं कर रही, जिसके कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। ग्रामीण इस घटना को लेकर काफी आक्रोशित हैं।

सदर डीएसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वे और एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मंदिर से महादेव के करीब एक किलो चांदी का मुकुट, बजरंगबली मंदिर से 2 किलो चांदी का कड़ा, और दान पेटी में रखे नकद चोरी हुए हैं। फिलहाल मंदिर प्रशासन की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया है, जिसने चोर के भागने के रास्ते को चिन्हित कर लिया है। डीएसपी ने कहा कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# केंद्र और राज्य के विवाद में 11 लाख लाभुकों के समक्ष आर्थिक संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि पिछले चार माह से जारी नहीं होने के कारण करीब 11 लाख लाभुकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को प्रतिमाह 1000 रुपये मिलते हैं। समय पर भुगतान नहीं होने से बुजुर्गों और जरूरतमंदों को दवा, राशन तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भी कई माह से लंबित बताई जा रही है, जिससे लाभार्थी महिलाओं में असंतोष बढ़ रहा है।

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने देरी के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि राज्य के हिस्से के लगभग 1.36 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं तथा विकास मद में भी कटौती की जा रही है। दूसरी ओर, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने आरोप लगाया कि उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर नहीं भेजे जाने के कारण केंद्र से राशि निर्गत नहीं हो सकी। उनका कहना है कि बिना लेखा-जोखा के केंद्र सरकार भुगतान नहीं कर सकती।

## भाजपा और झामुमो के बीच बहस

सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने अक्टूबर तक की किस्त जारी कर दी थी। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने लगभग दो माह पूर्व उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजा, किंतु देरी के कारण अगली किस्त अटक गई। राज्य सरकार ने ऐसी स्थिति से निपटने के लिए 100 करोड़ रुपये का कॉरपस फंड बनाया था, जिसका उपयोग पहले ही किया जा चुका है। अब राज्य को केंद्र से राशि जारी होने की प्रतीक्षा है। उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च तक धनराशि प्राप्त होने पर बकाया पेंशन का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

## कालेज में चिकन पार्टी के बाद विवाद

**आरा।** शिक्षा संस्थान केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में मटन और चिकन बनाए जाने का मामला अब शिक्षा की मयार्दा और संस्थान की परंपरा पर सवाल खड़ा कर रहा है। दरअसल वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की इस अंगीभूत इकाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के लिए मांसाहारी भोजन तैयार कराया गया। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। छात्र नेता आरोपियों और प्रधानाचार्य पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और कॉलेज के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।

गुस्साए छात्रों का कहना है कि यह महाविद्यालय जैन समाज की सांस्कृतिक और वैचारिक धरोहर माना जाता है, जहां अहिंसा और सात्विक जीवन शैली को अहम स्थान दिया जाता है, इसलिए इस कदम को लेकर विरोध तेज हो गया। मामले ने तूल तब पकड़ा जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कॉलेज परिसर पहुंचे और जमकर विरोध करते हुए इसे शिक्षा संस्थान की गरिमा के खिलाफ बताया। छात्र नेताओं का कहना है कि कॉलेज परिसर में ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के सामने गलत संदेश जाता है और संस्थान की पहचान को धक्का पहुंचता है।

## रोका गया सीओ का वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** टंडसपुर में सरकारी बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन से संबंधित प्रस्ताव समय पर नहीं भेजने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। लापरवाही सामने आने पर बथनाहा के अंचलाधिकारी (सीओ) का वेतन भुगतान रोक दिया गया है।

समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इसी क्रम में टंडसपुर और बथनाहा क्षेत्र में प्रस्तावित सरकारी बस स्टैंड निर्माण को लेकर जमीन प्रस्ताव भेजने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई गई। डीएम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीओ को तलब किया और वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। वहीं, रुन्नीसैदपुर बाजार एवं सरकारी बस स्टैंड को अतिक्रमण से मुक्त कराकर सुचारू रूप से संचालित कराने की जिम्मेदारी एसडीओ सदर को सौंपी गई है। डीएम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बच्चा चोरी के आरोप में भीड़ ने एक को किया अधमरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर सलखन्नी में भीड़ ने एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है और घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घायल को भीड़ के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान भीड़ ने पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया। किसी तरह पुलिस ने घायल व्यक्ति को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया।

## जख्मी की पहचान नहीं, इलाजरत

घटना महुआ थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर सलखन्नी गांव की है। स्थानीय लोगों ने व्यक्ति को बच्चा चोरी के आरोप में पकड़ लिया और तब तक पीटा जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। पुलिस के अनुसार, घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो सकी है, लेकिन वह महुआ अनुमंडल क्षेत्र के चेहराकलां का रहने वाला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के होश में आने के बाद ही उसकी सही पहचान की जा सकेगी।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पूरी घटना की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने यह भी कहा कि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है, उन्हें चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में जारी है और पुलिस उसके परिवार वालों से संपर्क कर मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बिहार कांग्रेस में मचा घमासान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कांग्रेस में अंदरूनी कलह अब खुलकर सतह पर आ गई है। पार्टी लाइन से अलग बयानबाजी और संगठनात्मक अनुशासन तोड़ने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पूर्व विधायक छत्रपति यादव और रिसर्च विभाग के पूर्व चेयरमैन व पूर्व प्रवक्ता आनंद माधव को छह वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। इस कार्रवाई ने प्रदेश इकाई में सियासी हलचल तेज कर दी है।

अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दोनों नेताओं की पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता लगातार बढ़ रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष से विमर्श के बाद यह कठोर निर्णय लिया गया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संगठन की मयार्दा और कांग्रेस के मूल सिद्धांतों से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हालांकि, कार्रवाई के तुरंत बाद दोनों नेताओं ने पलटवार करते हुए फैसले की वैधता पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि जिस अनुशासन समिति का गठन ही पार्टी संविधान के अनुरूप नहीं हुआ, उसे एआइसीसी सदस्य को निष्कासित करने का अधिकार कैसे मिल सकता है।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी के नियमों के अनुसार अनुशासन समिति का गठन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के हस्ताक्षर से होता है और इसमें पांच सदस्य अनिवार्य होते हैं, जबकि वर्तमान समिति में इन प्रविधानों का पालन नहीं किया गया।

# नए रूट पर जल्द दौड़ेगी मेट्रो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए मलाही पकड़ी तक प्रस्तावित मेट्रो सेवा अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। भूतनाथ से आगे मलाही पकड़ी स्टेशन तक परिचालन शुरू करने से पहले बुधवार को स्टेशन पर अग्नि सुरक्षा प्रणालियों का अंतिम निरीक्षण और परीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण बिहार अग्निशमन सेवा के निदेशक और उनकी टीम ने किया। इस दौरान पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (पीएमआरसीएल) तथा दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्टेशन पर स्थापित फायर डिटेक्शन और फायर प्रोटेक्शन सिस्टम की विस्तृत जांच की।निरीक्षण के क्रम में सभी विद्युत उपकरणों के तकनीकी विनिदेर्शों का गहन सत्यापन किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप हैं। आपातकालीन स्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धुआं पहचान प्रणाली (स्मोक डिटेक्शन सिस्टम), निकास मार्गों (ईग्रेस रूट) और निकासी योजना की विस्तार से समीक्षा की गई।




टीम ने स्टेशन के सभी महत्वपूर्ण हिस्सों प्रवेश और निकास द्वार, पंप रूम, भूतल, कानकोर्स स्तर तथा प्लेटफार्म स्तर का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रत्येक घटक की कार्यक्षमता और सुरक्षा अनुपालन की पुष्टि की गई, ताकि स्टेशन पूर्ण रूप से परिचालन के लिए तैयार हो सके। यह प्रक्रिया अग्नि सुरक्षा सत्यापन की अंतिम कड़ी है, जो आगामी सीएमआरएस निरीक्षण से पहले आवश्यक है।

अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद स्टेशन के चालू होने का मार्ग प्रशस्त होगा। अभी मेट्रो का संचालन न्यू आइएसबीटी से भूतनाथ रोड तक तीन स्टेशन के बीच ही हो रहा है।

# युवक की गला घोंटकर हत्या मामले में दो धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक युवक की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तीन दिन पहले हुई थी इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।

गिरफ्तार आरोपियों को हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के भुइयांसाई गांव स्थित उनके घरों से पकड़ा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतक वैषाखी ग्वाला की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दोनों आरोपियों ने 15 फरवरी की सुबह उसके पति की पिटाई की और गला घोंटकर हत्या कर दी।

बता दें कि पुलिस ने ग्वाला का शव हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के परमसाई गांव स्थित एक तालाब से बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अमित रेनू के निर्देश पर जगन्नाथपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राफेल मुर्मू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ग्वाला को उसके घर से माघे पर्व मनाने के लिए बाहर ले गए थे। रास्ते में तीनों ने ह्यहड़ियाह्ल (क्षेत्र की लोकप्रिय चावल से बनी पारंपरिक शराब) का सेवन किया। पुलिस के अनुसार, नशे की हालत में ग्वाला ने एक आरोपी को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने मिलकर उसका गला घोंट दिया और शव को तालाब में फेंक दिया।

मीडिया से बात करते हुए पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। हांलाकि मृतक की पत्नी के शिकायतस के आधार पर आरोपियों के गिरफ्तारी कर ली गई है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि रोड मैप से किसानों की आय तेजी से बढ़ रही : रामकृपाल

## फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन व कृषि आधारित उद्यमिता को नई गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि कृषि रोड मैप से राज्य में उत्पादन व उत्पादकता के साथ-साथ किसानों की आय भी तेजी से बढ़ रही है। इसके माध्यम से उर्वरक, सिंचाई सुविधाएं, आधुनिक कृषि यंत्र, डिजिटल सेवाएं व विभिन्न सहायता योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया गया है। फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, बेहतर बाजार व्यवस्था एवं कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानती है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ एवं स्मार्ट खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि मंत्री बुधवार को सूचना एवं जन-संपर्क विभाग, सूचना भवन स्थित संवाद कक्ष में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, नवाचार आधारित पहलों तथा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सरकार का स्पष्ट संकल्प कृषि को लाभकारी, आधुनिक व सम्मानजनक पेशा बनाना है। छोटे एवं सीमांत किसानों को विकास की मुख्यधारा में लाना तथा उनकी आय बढ़ाना है। योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे, इसके लिए डीबीटी एवं डिजिटल प्रणाली को मजबूत किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। भ्रष्टाचार एवं बिचौलिया व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मीडिया से कहा कि वह सरकार और किसानों के बीच सशक्त सेतु की भूमिका निभाए। योजनाओं की सही जानकारी हर किसान तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विधानमंडल सत्र समाप्त होने के बाद विभाग हर जिले में जाकर किसानों, वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों एवं नवाचारी युवाओं के साथ संवाद करेगा। इस मौके पर विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा कि सुनियोजित रणनीति और समन्वित प्रयासों से बिहार कृषि विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 'कृषि कर्मण पुरस्कार' के माध्यम से राज्य को प्राप्त राष्ट्रीय पहचान, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि तथा डिजिटल कृषि पहलों के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परंपरागत फसलों के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली, कम अवधि में बेहतर प्रतिफल देने वाली एवं बाजार की मांग के अनुरूप फसलों की खेती की ओर भी अग्रसर हों। कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने बताया कि बीते वर्षों में धान, गेहूं एवं मक्का के उत्पादन तथा उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है तथा उर्वरक वितरण से संबंधित शिकायतों पर विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि छोटे एवं सीमांत किसानों की आय में बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित खेती की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। इससे उत्पादन की लागत में कमी, तकनीकी मार्गदर्शन की सहज उपलब्धता तथा विपणन की बेहतर व्यवस्था संभव हो सकेगी। विपणन निदेशालय के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य के बाजार प्रांगणों को राष्ट्रीय कृषि बाजार पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। इस डिजिटल मंच के माध्यम से किसान अपने उत्पादों का ऑनलाइन क्रय-विक्रय कर रहे हैं जिससे व्यापार प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है तथा उन्हें देशव्यापी बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिला है।

## आइपीआरडी की सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को विभाग ने किया सम्मानित

### सिविल सेवा कबड्डी में रश्मि कुमारी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सहायक प्रशाखा पदाधिकारी रश्मि कुमारी को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए विभागीय अधिकारियों ने सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। बुधवार को विभाग के निदेशक अनिल कुमार ने उन्हें विशेष रूप से बधाई दी। गौरतलब है कि रश्मि कुमारी बीते दिनों चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सेवा कबड्डी टूर्नामेंट में बिहार महिला टीम की प्रमुख सदस्य रहीं। इस प्रतियोगिता में बिहार टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने पिछले वर्ष भी बिहार राज्य की सिविल सेवा महिला कबड्डी टीम में भाग लिया था जहां टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। लगातार दो वर्षों से अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली रश्मि ने प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ खेल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर विभाग के अपर सचिव बिधू भूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमारिल सत्यानंदन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# बिहार विधान सभा में शून्यकाल की प्रक्रिया होगी पूरी तरह ऑनलाइन : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने आज अपराह्न पांच बजे अपने कार्यालय कक्ष में शून्यकाल को ऑनलाइन करने को लेकर सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों और नेवा टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शून्यकाल की वर्तमान प्रक्रिया से सदस्यों को हो रही असुविधा पर विस्तार से चर्चा हुई। शून्यकाल के दौरान सदस्य बिना पूर्व सूचना के तात्कालिक जनहित और लोक महत्व के मुद्दे उठाते हैं जिनकी अनुमति अध्यक्ष द्वारा दी जाती है। अभी सदस्यों को शून्यकाल की सूचना सुबह नौ से दस बजे के बीच देनी होती है जिससे सत्र शुरू होने से पहले उन्हें विधान सभा आना पड़ता है। सदस्यों की इस कठिनाई को दूर करने के उद्देश्य से अध्यक्ष ने नेवा टीम को निर्देश दिया कि सोमवार, 23 फरवरी 2026 से शून्यकाल की पूरी प्रक्रिया डिजिटल कर दी जाए। नई व्यवस्था के तहत सदस्य शून्यकाल में उठाए जाने वाले मुद्दे को अधिकतम पचास शब्दों में यूनिकोड फॉन्ट में नेवा पोर्टल पर दर्ज करेंगे। सुबह नौ बजे से दस बजे तक नेवा पोर्टल पर भेजें बटन सक्रिय रहेगा जिससे शून्यकाल की सूचना ऑनलाइन नोटिस के रूप में विधान सभा के पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। यह सूचना अनुमोदन के लिए अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। नई ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी सदस्यों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अध्यक्ष ने नेवा टीम को निर्देश दिया कि 19 फरवरी 2026 से 21 फरवरी 2026 तक विभिन्न बैचों में सदस्यों के निजी सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह, नेवा टीम के सदस्य तथा विधान सभा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्रपति शिवाजी की जयंती पर विधान सभा अध्यक्ष ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलों और अन्य बाहरी आक्रमणकारियों से संघर्ष कर एक स्वतंत्र मराठा साम्राज्य की स्थापना की और पारंपरिक युद्ध प्रणालियों से अलग छापामार युद्ध नीति अपनाकर शत्रुओं को परास्त किया। मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका निर्भीक और स्वातंत्र्य प्रिय व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व राष्ट्रसेवा की भावना को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

## कॉम्फेड का नया रिकॉर्ड, एक दिन में 30.67 लाख किलोग्राम दूध संग्रहण

### 20 वर्षों में कॉम्फेड की दूध संग्रहण क्षमता पांच गुना और प्रसंस्करण क्षमता आठ गुना हुई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डेयरी एवं मत्स्य संसाधन विभाग की इकाई कॉम्फेड अपने ब्रांड सुधा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में कॉम्फेड ने अपने दूध संग्रहण और प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ा ली है। विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार कॉम्फेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पशुपालकों से रोजाना 22 लाख 52 हजार किलोग्राम दूध का संग्रहण किया है। वहीं इसने अब अपनी रोजाना दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर 48 लाख 55 हजार कर लिया है।

COMFED

**20 वर्षों में कॉम्फेड की बड़ी छलांग**

20 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2004-05 में दुग्ध संग्रहण जहां मात्र 4.88 लाख किलोग्राम प्रतिदिन था, वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.52 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है। इस तरह से दूध संग्रहण में करीब 5 गुना की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि लगभग 8.5 प्रतिशत की यौगिक वार्षिक वृद्धि दर से हुई है, जो की सराहनीय है। वहीं इस अवधि में कॉम्फेड ने तेजी से अपनी दूध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाई है। वर्ष 2006-07 में राज्य में दूध प्रसंस्करण क्षमता 6.30 लाख लीटर प्रतिदिन थी, जो कि वर्ष 2023-24 में ही बढ़कर 48.55 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई थी। इस तरह कॉम्फेड दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर करीब 8 गुना कर चुका है। आज यह रोजाना जितने दूध का संग्रहण करता है उससे करीब दोगुना अधिक दूध प्रसंस्करण करने की क्षमता रखता है।

# छत्रपति यादव और आनंद माधव छह वर्षों के लिए निष्कासित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के खिलाफ लगातार बयानबाजी और अवांछित व भ्रामक बयान जारी करने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पूर्व विधायक छत्रपति यादव और रिसर्च विभाग के पूर्व चेयरमैन व पूर्व प्रवक्ता आनंद माधव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह वर्षों के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आनंद माधव, पूर्व चेयरमैन रिसर्च विभाग एवं छत्रपति यादव, पूर्व विधायक का पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता बढ़ती जा रही है। अतः विषय की गंभीरता को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के बिहार प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से विमर्श के उपरांत इन दोनों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

# महेन्द्रूघाट एवं करबिगहिया में बनेगा रेलकर्मियों के लिए आवास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पटना में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेल आवास की सुविधा मुहैया कराने की योजना बनाई गयी है। इस संबंध में आज मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी जिसमें प्रस्तावित योजना के सभी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। प्रस्तावित योजना के तहत महेन्द्रूघाट, पटना में निर्माण विभाग हेतु अतिरिक्त कार्यालय भवन एवं निर्माण विभाग तथा दानापुर मंडल के कर्मचारियों हेतु टाइप-4 के 12 यूनिट तथा टाइप-3 के 88 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत टाइप-4 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 06 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे। इसी तरह टाईप-3 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 11 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे। साथ ही इन टावरों में 200 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा। यहां पर पंप रूम के साथ फायर फाइटिंग टैंक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, डीजल जेनरेटर तथा केन्द्रीयकृत पैनल रूम आदि का निर्माण भी किया जाएगा।

इसी तरह करबिगहिया, पटना में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के अधिकारियों हेतु 56 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत टाईप-5 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 07 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे। इसी तरह टाईप-6 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 07 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे। साथ ही इन टावरों में 196 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा। अन्य सुविधाओं के साथ ही यहां 8 दुकान एवं 1 रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया जाएगा ।

# लुइस फिलीप ने लांच किया टिकट टू बहामास कलेक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम मेंसवेयर ब्रांड, लुइस फिलीप ने अपना स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन टिकट टू बहामास पेश किया है। यह कलेक्शन लग्जरी बीच क्लबों के सुकून भरे ग्लैमर और धूप से सराबोर ट्रॉपिकल नजारों से प्रेरित है। लान्च के अवसर पर लुइस फिलीप के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनिल एस कुमार ने कहा कि टिकट टू बहामास कलेक्शन एक लग्जरी बीच क्लब अनुभव के आरामदायक और सुखद एहसास को दर्शाता है। हवादार कपड़ों, गर्मियों के जीवंत रंगों और आरामदायक लेकिन सोफिस्टिकेटेड स्टाइल के साथ यह कलेक्शन उस आत्मविश्वास और सहज शालीनता को पेश करता है जो गर्मियों के मौसम में एक लुइस फिलीप मैन की पहचान है। बहुमुखी और विचारपूर्वक तैयार किया गया टिकट टू बहामास कलेक्शन, वेकेशन और पूल-साइड ब्रंच से लेकर समंदर किनारे की शामों और शहर की मुलाकातों तक, हर मौके के लिए एकदम सही है। हल्के टेक्सचर, धूप जैसे नरम रंग और आधुनिक टेलरिंग मिलकर एक ऐसा समर वॉर्डरोब तैयार करते हैं जो शानदार, ताजगी भरा और बेहद क्लासी है।

# अब जमाना आ.इ नहीं, ए.आ.इ का है, सही दिशा में उपयोग से बदलेगी देश की दशा : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आ.ई) के बढ़ते प्रभाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा ने कहा कि आज का युग व्यक्तिगत सोच 'आ.ई' का नहीं, बल्कि सामूहिक विकास की तकनीक 'ए.आ.इ' का युग है। यदि ए.आ.इ का सही दिशा में उपयोग किया जाए तो यह देश की दशा और दिशा दोनों बदलने की क्षमता रखता है। आनंद रंजन झा ने कहा कि हाल ही में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट से यह स्पष्ट हुआ है कि भारत ए.आ.ई से हो रहे वैश्विक बदलावों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्टार्टअप, रोजगार और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ए.आ.इ का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ए.आ.इ सिर्फ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब यह आम लोगों और युवाओं के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ ए.आ.इ भारत की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बना सकती है।

आनंद रंजन झा ने यह भी कहा कि ए.आ.इ के बढ़ते उपयोग के साथ डाटा सुरक्षा और साइबर खतरों की चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि तकनीक के साथ-साथ नैतिकता, जिम्मेदारी और सुरक्षा पर भी बराबर ध्यान दिया जाए। अंत में उन्होंने कहा कि ए.आ.इ का उद्देश्य इंसान की जगह लेना नहीं, बल्कि इंसान की क्षमता को और मजबूत बनाना है। सही नीति, सही सोच और सही दिशा के साथ ए.आ.इ भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

## प्राउट दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति के तत्वावधान में 18, 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय 'प्राउटिष्ट सर्वसमाज कार्यकर्ता सम्मेलन' का शुभारम्भ आज प्रउत भवन पाटलिपुत्र में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह, प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के सेक्रेटरी जनरल आचार्य नभातीतानन्द अवधूत, उपाध्यक्षगण आचार्य रणधीर देव, आचार्य शिवानन्द दानी, सरोज पटनायक, महासचिव कल्लूराम सिंह, पंचशाखा सचिव आचार्य विनीत देव, वित्त सचिव मनोज जैन, विधि सचिव प्रभुनाथ, आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के भुक्ति प्रधान आचार्य विनोद, महिला सचिव शारदा दीदी तथा देश के विभिन्न समाजों से पधारे प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा की गई।

## जयप्रकाश नगर में हिंदू सम्मेलन के तहत विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** जयप्रकाश नगर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन के तत्वावधान में विभिन्न इलाकों में अलग-अलग धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ कांग्रेस मैदान में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भारत माता के पूजन के साथ किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से मोहल्लों के मंदिरों तथा सामूहिक स्थलों पर विविध आयोजन संपन्न हुए। इनमें दरियापुर स्थित मां ब्लड सेंटर में सुंदरकांड पाठ, हनुमान मंदिर दरियापुर में हनुमान चालीसा पाठ, बिड़ला मंदिर में भजन-कीर्तन तथा दुरुखी गली अखाड़ा में हनुमान चालीसा पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदू जागरण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सक्रिय योगदान दिया। राजेश बजाज ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव, समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। युवा वर्ग के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। इससे नई पीढ़ी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। भजन-कीर्तन और सामूहिक पाठ के माध्यम से भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन एवं शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा गया।

## श्री चैतन्या एकेडमी ने जेईई मेन सेशन 2026 में पटना से सिटी टॉपर दिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री चैतन्या अकेडमी-इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर उत्तम परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने गर्व से अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन 1 के परिणामों की घोषणा की। इस सेंटर ने अमन आनंद और रिशु कुमार झा को पटना टॉपर घोषित किया जिन्होंने प्रभावशाली 99.58 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। अमन और रिशु, पटना में श्री चैतन्या अकेडमी में रेगुलर क्लासरूम के छात्र है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर ऑफ श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर ने कहा श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एवं को-फाउंडर, इन्फिनिटी लर्न ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई मेन 2026 सेशन 1 में अमन और रिशु जैसे छात्रों को शानदार प्रदर्शन करते देखना बेहद प्रेरणादायक है।

# गयाजी, दरभंगा और भागलपुर में कामकाजी महिला के लिए सुरक्षित छात्रावास

## कामकाजी महिलाओं के लिए 'आकांक्षा' छात्रावास, मात्र तीन हजार में भोजन, रहना मुफ्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के आई.ए.एस. कॉलोनी, (रूपसपुर) में कामकाजी महिलाओं के लिए बुधवार को छात्रावास (आकांक्षा) का शुभारंभ किया गया। मुजफ्फरपुर, पटना के बाद अब गयाजी, दरभंगा और भागलपुर में भी ऐसे ही छात्रावास खोलने की योजना है। इसका संचालन महिला बाल विकास निगम के तहत किया जाता है। इसमें 50 महिलाओं के रहने की सुविधा है। छात्रावास में अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, रसोइया समेत अन्य आवश्यक कर्मी भी मौजूद होंगे। इस मौके पर विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम पहल है। सुरक्षित आवास मिलने से महिलाएं बिना किसी भय के नौकरी कर सकेंगी और उनकी आत्मनिर्भरता की राह और आसान होगी। साथ ही यह कदम राजधानी समेत अन्य जगहों पर महिला सुरक्षा और सामाजिक भरोसे को भी मजबूत करेगा। यह छात्रावास विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए बनाए गए हैं जो अकेले रहकर सरकारी या अन्य तरह की नौकरी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 'अपना घर' की तर्ज पर तैयार की गई इस छात्रावासों में उन्हीं महिला को रखा जाएगा जिनकी मासिक आय अधिकतम 75 हजार रुपये प्रति है। इसकी क्षमता 50 बेड की है। छात्रावास में रहने के लिए महिलाओं को किसी तरह का कोई किराया नहीं देना होगा।

## पुणे, मुंबई, अहमदाबाद एवं श्रीगंगानगर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, श्रीगंगानगर हेतु स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल 23 फरवरी से 06 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पुणे से 19.55 बजे खुलकर तीसरे दिन 04.20 बजे डीडीयू, 05.40 बजे बक्सर, 06.38 बजे आरा रूकते हुए 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल - गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन पुणे से 15.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 23.00 बजे डीडीयू, तीसरे दिन 00.16 बजे बक्सर, 01.00 बजे आरा रूकते हुए 02.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01143/01144 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल - गाड़ी संख्या 01143 लोकमान्य तिलक-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन लोकमान्य तिलक से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.25 बजे डीडीयू, 16.40 बजे बक्सर, 17.40 बजे आरा रूकते हुए 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

## संपादकीय

# दुनिया में अब एआई अगला दशक तय करेगा भविष्य, अवसर भी, चेतावनी भी

हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। शिक्षा जगत से लेकर रक्षा और कारोबार के विभिन्न क्षेत्र में नए स्तर पर इसका प्रयोग हो रहा है। तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है। दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई। हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। दूसरी ओर, एआइ के फैलते पांव के समांतर रोजगार पर इसके व्यापक प्रभाव और खतरों को लेकर आशंकाएं भी जताई गई हैं। दिल्ली के सम्मेलन में एक उद्देश्य एआइ से रोजगार, आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने वाले असर और उसके खतरों को कम करने के लिए ठोस उपायों तथा प्रयासों पर भी चर्चा करना है। यह जगजाहिर है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दायरा कितने बड़े क्षेत्र में फैल चुका है। हाथ में मौजूद स्मार्टफोन अब केवल तस्वीरें संपादित करके सोशल मीडिया के मंचों पर सुर्खियां हासिल करने का जरिया भर नहीं है।

**देश में लगभग एक करोड़ साठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें से करीब 65 फीसद भूमि की सिंचाई वर्षा पर आधारित है। भारतीय कृषि व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले यूरिया उर्वरक को लेकर केंद्र सरकार के हालिया निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आदेश के तहत यूरिया की बोरी का वजन 50 किलो से घटा कर 40 किलोग्राम कर दिया गया है। इसके साथ ही यूरिया में नाइट्रोजन की मात्रा भी 46 से घटा कर 36 फीसद कर दी गई है। सरकार इसे सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इस निर्णय ने किसानों की लागत बढ़ा दी है और कृषि उत्पादन तथा देश की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। यूरिया खेती में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला नाइट्रोजन उर्वरक है। गेहूं, धान और मक्का जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलों की उपज काफी हद तक नाइट्रोजन की उपलब्धता पर निर्भर करती है। यह पौधों की बढ़वार, पत्तियों के विकास और दाने भरने की प्रक्रिया के लिए अनिवार्य तत्त्व है।**

# यूरिया नीति में बदलाव, बढ़ती लागत, घटती पैदावार और खाद्य सुरक्षा पर संकट, क्या फैसला देश की परीक्षा है

(देवेंद्रराज सुथार)

ऐसे में यूरिया के स्वरूप में किया गया कोई भी बदलाव सीधे तौर पर फसलों की पैदावार, किसानों की आय और अंततः उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। सरकार के नए फैसले के बाद यूरिया की एक बोरी में उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में भारी गिरावट आई है। पहले 50 किलो की बोरी में 46 फीसद नाइट्रोजन के हिसाब से लगभग 23 किलो नाइट्रोजन उपलब्ध होती थी। अब 40 किलो की बोरी में 36 फीसद नाइट्रोजन के साथ यह मात्रा घट कर केवल 14.4 किलो रह गई है।

इसका सीधा अर्थ यह है कि किसान को उतनी ही नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक यूरिया खरीदना पड़ेगा। अगर मौजूदा 270 रुपए प्रति बोरी की कीमत को आधार बनाया जाए, तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। पहले जहां किसानों को प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की जरूरत पूरी करने के लिए लगभग साढ़े सत्रह सौ रुपए खर्च करने पड़ते थे, अब वही जरूरत पूरी करने के लिए 2835 रुपए खर्च करने होंगे। यानी बिना दाम बढ़ाए ही किसानों पर करीब 37 फीसद अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। यह बोझ खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद मुश्किल भरा साबित हो सकता है।

देश में लगभग एक करोड़ साठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें से करीब 65 फीसद भूमि की सिंचाई वर्षा पर आधारित है। यहां दलहन, तिलहन और बागवानी जैसी फसलें उगाई जाती हैं। इन फसलों में यूरिया की खपत अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में एक टन प्रति हेक्टेयर से भी कम रहती है।

लेकिन शेष लगभग पचास लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि पर गेहूं और धान जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलें ली जाती हैं, जिनके लिए नाइट्रोजन की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। मौजूदा कृषि सिफारिशों के अनुसार गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर सालाना लगभग तीन सौ किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है।

जबकि 46 फीसद नाइट्रोजन वाले यूरिया के हिसाब से यह आवश्यकता लगभग 620 किलो यूरिया से पूरी हो जाती थी। इसी आधार पर देश के सिंचित क्षेत्रों के लिए सालाना करीब तीन करोड़ बीस लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत आंकी जाती है।

जब कुल खपत चार करोड़ मीट्रिक टन से अधिक है, तो सवाल उठता है कि बाकी यूरिया कहां जा रहा है? इस सवाल का जवाब देश में लंबे समय से चले आ रहे यूरिया के दुरुपयोग में छिपा है।

यह किसी से छिपा नहीं है कि सबसिडी वाले यूरिया का एक बड़ा हिस्सा कृषि के बजाय औद्योगिक उपयोग में चला जाता है। अनुमान है कि कुल सबसिडी वाले यूरिया का लगभग एक-तिहाई, यानी एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक फैक्टरियों में खप जाता है।

केंद्रीय बजट 2022-23 में यूरिया में सबसिडी के लिए एक लाख 32 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। यह राशि निश्चित रूप से सरकारी खजाने पर भारी बोझ डालती है। मगर सवाल यह है कि इस बोझ को कम करने की कीमत किसान क्यों चुकाए।

यदि आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती, तो सबसिडी का बड़ा हिस्सा बचाया जा सकता था। इसके बजाय सरकार ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे ईमानदार किसान ही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

इस नीति का एक और गंभीर पहलू है यूरिया की उपलब्धता और आपूर्ति संकट। पहले ही देश के कई हिस्सों में किसान बुआई के समय घंटों लंबी कतारों में लग कर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। कई बार समय पर पूरी मात्रा नहीं मिल पाती। इससे खाद डालने का सही समय निकल जाता है।

अब जब प्रति हेक्टेयर जरूरत पूरी करने के लिए अधिक बोरियां खरीदनी पड़ेंगी, तो यह संकट और गहराने की आशंका है। इसका सीधा असर फसलों के विकास और अंततः पैदावार पर पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गेहूं, धान और मक्का जैसी फसलों की पूरी पैदावार के लिए प्रति हेक्टेयर 120 से 150 किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। पहले किसानों को यह मात्रा प्राप्त करने के लिए 50 किलो वाले यूरिया की लगभग सात बोरियां डालनी पड़ती थी।

अब वही मात्रा पाने के लिए उसे दस से ग्यारह बोरी यूरिया की जरूरत होगी। इससे न केवल लागत बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी के संतुलन और पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा।

यह संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से भी है। पिछले तीन वर्षों में गेहूं के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सरकारी खरीद अपने लक्ष्य से काफी पीछे रही है।

यह स्थिति तब है, जब सरकार पैदावार के बड़े-बड़े दावे करती रही है। इस विरोधाभास से संकेत मिलता है कि देश में गेहूं का वास्तविक उत्पादन और घरेलू खपत लगभग बराबर स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में यदि यूरिया की कमी या महंगाई के कारण पैदावार में गिरावट आती है, तो देश को अनाज आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है।

खाद्य सुरक्षा किसी भी देश की संप्रभुता और सामाजिक स्थिरता का आधार होती है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में अनाज उत्पादन में थोड़ी-सी भी कमी व्यापक प्रभाव डाल सकती है। महंगाई, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर दबाव और ग्रामीण असंतोष इसके संभावित परिणाम हो सकते हैं।



इसलिए यूरिया जैसी बुनियादी कृषि सामग्री को लेकर तय की गई किसी भी नीति का मूल्यांकन केवल बजट संतुलन के नजरिए से नहीं किया जाना चाहिए। समाधान के रास्ते मौजूद हैं, बशर्ते नीति-निर्माण में इच्छाशक्ति और व्यावहारिक दृष्टिकोण हो। सबसे पहले यूरिया के औद्योगिक दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगानी होगी। किसानों के लिए उपलब्ध यूरिया की गुणवत्ता और मात्रा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

नीतियां जमीनी वास्तविकताओं और वैज्ञानिक सिफारिशों के अनुरूप होनी चाहिए, न कि केवल कागजी आंकड़ों पर। यह समझना होगा कि किसान, कृषि और खाद्य सुरक्षा एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

इनमें से किसी एक को कमजोर कर बाकी दो को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और खाद्य सुरक्षा का आधार भी है। ऐसे में कोई भी प्रयोग दूरगामी परिणाम लेकर आता है। यदि किसान लागत बढ़ने या उपलब्धता की कमी के कारण आवश्यक मात्रा में यूरिया नहीं डाल पाता, तो उपज में गिरावट तय है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# दान का सुख, बेईमानी की बेड़ियां और जीवन का सच, स्वर्ग-नरक यहीं बसते हैं

(गिरीश पंकज)

कुछ लोग कहते हैं कि स्वर्ग-नरक सब यहीं है। अच्छे काम करना और सुखमय जीवन जीना स्वर्ग से कम नहीं है। ईश्वर को किसी ने नहीं देखा। पुनर्जन्म होता या नहीं, इसके बारे में भी कहा नहीं जा सकता, लेकिन एक डर लोगों के मन में बैठा रहता है। हमेशा बैठाया भी जाता है कि अच्छे काम करोगे, तो अगले जन्म में मनुष्य बनकर पैदा होगे और बुरे काम करोगे तो तरह-तरह के पशुओं में तुम्हारा जन्म होता रहेगा। चौरासी लाख योनियों में भटकने की बात धर्मग्रंथ करते हैं। व्यक्ति के मन में भय इसलिए पैदा किया जाता है कि वह नैतिक दृष्टि से ठीक-ठाक रहे। उसके अंदर मानवता, करुणा, सच्चाई, ईमानदारी जिंदा रहे। जिस समाज में ऐसे सज्जनों की बहुलता रहती है, वह समाज खुशहाल रहता है। इसलिए सदियों से हमारे धर्मग्रंथों और ऋषि-मुनियों ने मनुष्यों में सदाचरण पर जोर दिया और उस सदाचरण को बरकरार रखने के लिए उन्होंने स्वर्ग-नरक की कथाएं भी रचीं।

सच्चाई यह है कि इस स्वर्ग-नरक को किसी ने देखा नहीं है, लेकिन धर्मभीरू समाज के मन में यह बात बिठा दी गई है कि ईश्वर हमें देख रहा हैः हमारे हर गलत सही काम पर उसकी नजर है। इस भय से ही आम इंसान जीवन में गलत काम करने से बचता है। यह सिर्फ एक कल्पना है और एक तरह से मनुष्य को सन्मार्ग दिखाने, उस पर चलाने की एक उत्तम प्रविधि है। जैसे आजकल बहुत सारे अपराध सिर्फ इसलिए नहीं होते कि जगह-जगह खुफिया कैमरे लगे होते हैं और किसी दीवार पर एक पंक्ति लिखी होती है कि 'आप कैमरे की निगाह में हैं।' पहले लोगों से कहा जाता था कि आप ईश्वर की निगाह में हैं। उस चेतावनी को बहुत कम लोग मानते थे, लेकिन इस भौतिक चेतावनी को लोग गंभीरता से मानते हैं और गलत काम करने से बचते भी हैं। ज्यादा दुस्साहसी अपराधी पहले खुफिया कैमरे को तोड़ भी देते हैं।

कुछ लोग कहते हैं कि स्वर्ग-नरक सब यहीं है। अच्छे काम करना और सुखमय जीवन जीना स्वर्ग से कम नहीं है। और बुरे काम करके उसका कुपरिणाम भोगना नरक है। यह सभी महसूस भी करते हैं। अपने सामने ऐसा घटित होते देखते भी हैं। न जाने कितने अरबपति व्यापारी, भ्रष्ट नेता या घोटालेबाज अफसर बेईमानी की कमाई करने के बाद एक दिन जब गिरफ्तार होकर जेल भेज दिए जाते हैं, तो लोग यही कहते हैं कि देखो, उन्हें अपने किए का फल मिल गया। कल तक वे स्वर्ग भोग रहा थे, आज नरक भोग रहे हैं।

दूसरी तरफ स्वर्ग वे भोग रहे होते हैं, जो संतोषी हैं और सुखी हैं। लोग जब दान-पुण्य करते हैं, तो उनके अंतर्मन में एक सुखानुभूति होती है। यह सुखद अनुभूति किसी स्वर्ग से कम नहीं है। उदार मन का धनी व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा दान करता है, तो उसकी ख्याति बढ़ती जाती है। तब उसके मन को जो परमानंद मिलता है, दरअसल वही स्वर्ग है।

जो व्यक्ति जितना सुखी है या पूरी तरह से स्वस्थ है, तो वह जीवन में एक तरह से वास्तविक स्वर्ग का जीवन जी रहा है। अगर उसके जीवन में ईर्ष्या, द्वेष, षड्यंत्र आदि दुर्गुण भरे हुए हैं, तो उसका जीवन अपने आप में नरक है। वह कुंठित होकर अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि वह अपने नारकीय जीवन को पहचान नहीं पाता। वह अपनी धूर्त मानसिकता और हल्केपन को अपनी चालाकी समझता है और हर घड़ी दूसरे के अहित को अपनी उपलब्धि मानकर प्रसन्न रहता है।

जिस दिन ऐसे लोग आत्म-मंथन करते हुए यह विचार करने लगेंगे कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई', तो वे अपना रास्ता बदल सकते हैं। वे अपने हृदय को निर्मल कर लें, उदार कर लें और यह सोचने लगें कि सभी सुखी रहें, सभी निरोगी रहें, सभी का कल्याण हो, तो फिर उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आ जाएगा। धर्म-कर्म के पथ पर चलने वाले सच्चे लोग इसीलिए भीड़ में भी अलग दिखाई देते हैं।

धर्म-कर्म पर चलने का अर्थ यह नहीं कि लोग कट्टर हो जाएं और अपने-अपने धर्म के लिए आपस में भिड़ जाएं। अनेक लोग जीवन की सार्थकता लोक कल्याण के कार्य को ही समझते हैं। यही सच्ची धार्मिकता है। सोशल मीडिया के दौर में हम सब अनेक ऐसे वीडियो देखते हैं, जिसमें कोई पुलिसवाला किसी गरीब की मदद कर रहा है, उसे खाना खिला रहा है, कोई अमीर व्यक्ति फटेहाल बच्चों को अच्छे कपड़े पहना रहा है, कोई किसी की झोंपड़ी को पक्का करवा रहा है।

# क्या एआई के क्षेत्र में दुनिया को पछाड़ पाएगा भारत?

**भारत ने पहले भी तकनीकी मोड़ पर सही फैसले लेकर इतिहास बदला है। नब्बे के दशक में सूचना तकनीक और सॉफ्टवेयर सेवाओं पर जोर देने से लाखों रोजगार बने, भारतीय कंपनियां दुनिया भर में छा गईं और देश को नई पहचान मिली। आज एक वैसा ही मोड़ फिर सामने है, लेकिन इस बार दांव कहीं बड़ा है। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे वैश्विक एआई सम्मेलन में दो दिन से चल रहे विचार मंथन से एक बात उभर कर आई है कि एआई के समक्ष खड़ी चुनौतियों के हल के लिए दुनिया भारत की ओर निहार रही है।**

(नीरज कुमार दुबे)

देखना होगा कि सम्मेलन के अंत में दिल्ली डिक्लेरेशन से क्या निकल कर आता है। लेकिन यहां एक ओर बात की आवश्यकता महसूस हुई कि भारत को यदि इस क्षेत्र में नेतृत्व हासिल करना है तो बड़े निवेश और सरल तथा प्रभावी नीतियों की भी जरूरत है। देखा जाए तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब केवल नई तकनीक का आकर्षण नहीं रही, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, उद्योग, ऊर्जा, नीति और वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बन चुकी है। दुनिया के बड़े देश इसे रणनीतिक साधन की तरह देख रहे हैं। डाटा, कंप्यूटिंग शक्ति और उन्नत चिप आज के दौर का नया तेल बन चुके हैं। ऐसे समय में भारत के सामने मूल प्रश्न यह है कि वह एआई की दौड़ में केवल उपभोक्ता बन कर रहेगा या निर्माता और नेता की भूमिका निभाएगा।

भारत ने पहले भी तकनीकी मोड़ पर सही फैसले लेकर इतिहास बदला है। नब्बे के दशक में सूचना तकनीक और सॉफ्टवेयर सेवाओं पर जोर देने से लाखों रोजगार बने, भारतीय कंपनियां दुनिया भर में छा गईं और देश को नई पहचान मिली। आज एक वैसा ही मोड़ फिर सामने है, लेकिन इस बार दांव कहीं बड़ा है। एआई न केवल सेवाओं को, बल्कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, दवा उद्योग, परिवहन और ऊर्जा व्यवस्था तक को बदल सकती है।

यह समझना जरूरी है कि एआई एक ही तरह की चीज नहीं है। उपभोक्ता एआई, जैसे चैट टूल या मनोरंजन आधारित अनुप्रयोग, तेजी से लोकप्रिय होते हैं, पर इन पर अक्सर कुछ ही बड़ी कंपनियों का दबदबा हो जाता है। इसके विपरीत औद्योगिक एआई हर क्षेत्र के लिए अलग समाधान मांगती है। हर उद्योग का अपना डाटा, अपनी समस्या और अपना कामकाज होता है। इसलिए क्षेत्र विशेष मॉडल बनते हैं। यही भारत की ताकत बन सकती है, क्योंकि यहां उद्योगों की विविधता और पैमाना दोनों मौजूद हैं।

उदाहरण के लिए दो पहिया वाहन उद्योग को लें। भारत दुनिया के सबसे बड़े दो पहिया बाजारों में है। यह क्षेत्र रोजगार, शहरीकरण और आय वृद्धि से जुड़ा है। अब इलेक्ट्रिक दो पहिया का चलन भी बढ़ रहा है। ऐसे में एआई आधारित मांग अनुमान, डिजाइन सुधार, गुणवत्ता जांच और आपूर्ति प्रबंधन से भारी लाभ हो सकता है। मशीन लर्निंग सिस्टम खराबी का पहले ही संकेत दे सकते हैं। इससे ठहराव घटता है, लागत कम होती है और उत्पादन तेज होता है।

दवा उद्योग में भी अवसर विशाल हैं। भारत जेनेरिक दवाओं का बड़ा उत्पादक है, पर गुणवत्ता बनाए रखना चुनौती रहता है। एआई आधारित विजन सिस्टम उत्पादन के दौरान सूक्ष्म दोष पकड़ सकते हैं। डाटा विश्लेषण से प्रक्रिया स्थिर रखी जा सकती है। रोबोटिक ऑटोमेशन दोहराव वाले काम सुरक्षित और सटीक तरीके से कर सकता है। इससे भारत की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ऊंचे मूल्य वाले बाजार खुलेंगे।




लेकिन एआई की ताकत केवल सॉफ्टवेयर से नहीं आती, इसके लिए भारी कंप्यूटिंग शक्ति चाहिए, जो उन्नत चिप यानी जीपीयू से मिलती है। ये चिप बहुत महंगी होती हैं। एक उन्नत जीपीयू की कीमत लाखों रुपये तक जा सकती है। भारत ने हजारों जीपीयू लगाए हैं और डाटा केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष डाटा केंद्रों ने बिजली ग्रिड से भारी मात्रा में बिजली ली, जो किसी बड़े शहर की मांग के बराबर बैठती है। आने वाले वर्षों में यह मांग कई गुना बढ़ सकती है। यह भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का संकेत है, पर साथ ही ऊर्जा चुनौती का भी। अगर भारत को एआई में अग्रणी बनना है तो केवल कुछ हजार जीपीयू काफी नहीं होंगे। अमेरिका आज भी इस क्षेत्र में आगे है। उसके पास विशाल डाटा केंद्र क्षमता है और वह उन्नत जीपीयू की आपूर्ति पर नियंत्रण रखता है। इसी कारण वह तकनीकी बढ़त बनाए हुए है। चीन को रोकने की रणनीति में भी चिप आपूर्ति अहम रही है। चीन ने भी इस दौड़ को बहुत पहले समझ लिया था। उसने चिप निर्माण में भारी निवेश किया। उसकी बड़ी तकनीकी कंपनियां अपने एआई चिप बना रही हैं। भले वे अभी सबसे उन्नत स्तर पर न हों, पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अमेरिका में भी बड़ी तकनीकी कंपनियां खुद चिप डिजाइन में उतर चुकी हैं। ऐसे माहौल में यदि भारत केवल पुराने स्तर की चिप बनाता रह गया तो वह पीछे छूट सकता है। तो क्या समाधान है? क्या हमें अपनी आकांक्षा घटा लेनी चाहिए? कुछ लोग कहते हैं कि भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत अभी विकसित देशों से कम है। जैसे जैसे लोग समृद्ध होंगे, उन्हें घरों में अधिक बिजली चाहिए होगी। अगर एआई के कारण बिजली महंगी हुई तो जीवन स्तर प्रभावित हो सकता है। यह चिंता सही है, पर इसका मतलब यह नहीं कि हम पीछे हट जाएं। दरअसल जरूरत बड़े सोच की है। भारत को एक साथ दो मोर्चों पर काम करना होगा। पहला, घरेलू चिप निर्माण और डिजाइन को बढ़ावा देना। इसके लिए नीति समर्थन, निवेश और कौशल विकास जरूरी है। दूसरा, ऊर्जा ढांचा मजबूत करना। नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, बेहतर ग्रिड और भंडारण तकनीक पर जोर देना होगा ताकि डाटा केंद्रों की मांग पूरी हो सके। इसके साथ ही एआई का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे। मध्यम और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। इसके लिए साझा प्लेटफॉर्म, क्लाउड ढांचा और क्षेत्र विशेष समाधान जरूरी हैं। सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों को मिल कर काम करना होगा। शोध संस्थान मॉडल विकसित करें, उद्योग वास्तविक समस्याएं और डाटा दें, और सरकार नियम, प्रोत्साहन तथा अवसंरचना दे। भारत को ऐसे नेतृत्व की भी जरूरत है जो अलग अलग पक्षों को जोड़ सके और भरोसा बना सके। एआई को नौकरी छीनने वाली नहीं, बल्कि नई क्षमता देने वाली तकनीक के रूप में समझाना होगा। कौशल प्रशिक्षण, पुनः प्रशिक्षण और शिक्षा सुधार पर जोर देना होगा। बहरहाल, अब सवाल यह है कि एआई की दिशा कौन तय करेगा? अगर भारत ने समय रहते साहसिक फैसले लिए, चिप निर्माण, ऊर्जा ढांचा और औद्योगिक एआई पर जोर दिया, तो वह केवल तकनीक का बाजार नहीं रहेगा, बल्कि दिशा देने वाला देश बन सकता है। आईटी क्रांति ने भारत को विश्व मंच पर जगह दी थी। एआई और उन्नत कंप्यूटिंग भारत को आर्थिक शक्ति और तकनीकी आत्मनिर्भरता के नए दौर में पहुंचा सकती है। अवसर हमारे सामने है। अब निर्णय और क्रियान्वयन हमारी जिम्मेदारी है।


# कुसेर्ला अग्निकांड की स्थिति भयावह : तारिक अनवर

## उचित मुआवजा और दमकल की हो जल्द व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले के कुसेर्ला हाट में बीते दिनों देर शाम लगी भीषण आग की घटना ने सैकड़ों परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। इस भयावह अग्निकांड में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। कटिहार के सांसद तारिक अनवर कुसेर्ला पहुंचकर अग्नि पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा लिया। सांसद ने पीड़ित दुकानदारों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस कठिन समय में हम सभी पीड़ित दुकानदार भाइयों के साथ खड़े हैं। जिन लोगों की वर्षों की मेहनत कुछ ही घंटों में राख हो गई, उनके दर्द



को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, उन्होंने कहा। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि सभी अग्नि पीड़ितों को शीघ्र और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें। उन्होंने प्रशासन से क्षति का त्वरित आकलन कर राहत राशि उपलब्ध कराने की अपील की। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में यदि समय पर दमकल पहुंचती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुसेर्ला सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दमकल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग से बात की जाएगी। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके। मौके पर मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस अग्निकांड ने सैकड़ों परिवारों की आजीविका छीन ली है।

इस संकट की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ है और उन्हें हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा, उन्होंने कहा स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और राहत कार्य जारी है। कुसेर्ला हाट का यह अग्निकांड जिले के सबसे बड़े हादसों में से एक माना जा रहा

■ अग्नि पीड़ितों से मिले सांसद, हर संभव मदद और सरकारी सहायता का दिया भरोसा

है। अब पीड़ितों की निगाहें सरकार और प्रशासन की ओर टिकी हैं कि उन्हें कब तक राहत और मुआवजा मिल पाता है। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, शहनवाज खान, कुरसेला प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, बरारी प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, संजय सुमन, अकबर अंसारी, सत्यनारायण चौधरी, शमशाद आलम, अशोक मंडल सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के कानकी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 75705 /75706 के निर्धारित ठहराव के उपलक्ष्य में ट्रेन संख्या 75706 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कार्तिक चन्द्र पाल ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस ठहराव से क्षेत्रीय यात्रियों को अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी।

कार्यक्रम में कटिहार रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार



सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, डीएससी, डीइएन, डीईई, डीएसटीई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। रेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अररिया के जिला पर्यवेक्षक बने नैयर मसूद खान

**कटिहार (नबिटासं)।** कांग्रेस पार्टी की ओर से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार पूर्णिया सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान को अररिया जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अररिया जिले के लिए कुल चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें कटिहार सांसद तारिक अनवर, कटिहार अमला टोला निवासी नैयर मसूद खान, मुदस्सिर शम्स और प्रेमचंद सिंह शामिल हैं। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक पार्टी की संरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका दी जाएगी। अररिया जिला पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नैयर मसूद खान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्णिया सांसद राजेश रंजन, सांसद रंजीता रंजन, प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम तथा वरिष्ठ नेता तारिक अनवर सहित सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। नैयर मसूद खान ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और वे कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कांग्रेस को अररिया जिले में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में काम करेंगे। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं ने नैयर मसूद खान को बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।



### ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार रेल मंडल के पश्चिम बंगाल स्थित डालकोला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या - 15629 /15630 के ठहराव प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में ट्रेन संख्या 15629 नागोन एक्सप्रेस को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कार्तिक चन्द्र पाल ने कहा कि इस ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी। इस कार्यक्रम में कटिहार रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री मनोज कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, डीएसटीई एवं अन्य रेल अधिकारीगण उपस्थित रहे। रेल प्रशासन ने यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड में आगामी हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर गंगेश्वर नाथ शिवमंदिर बारीनगर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में सम्मेलन के आयोजन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम स्थल के रूप में राम जानकी ठाकुरबाड़ी गुरुबाजार, बरारी का चयन किया गया। अतिथि निमंत्रण, मंच व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, संचालन व्यवस्था तथा विद्यालयों से संपर्क कर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष



बल दिया गया। साथ ही कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।

इस बैठक में कटिहार से श्री आशीष झा, श्री अनीश सिंह एवं अभिषेक सिंह प्रिंस की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में कार्यक्रम प्रमुख गंगा समग्र के जिला संयोजक मनोज साह को बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रवीण रिंकू, जीवछ गुप्ता, राजकुमार साह, राणा सिंह, अखिलेश कुशवाहा, दीपक चौधरी, हरदेव मंडल, विकास साह, सुमन साह, राजेन्द्र मंडल इत्यादि सनातनि उपस्थित रहे।

## हत्या मामले में तीन दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पाण्डेय ने बुधवार को हत्या के एक चर्चित मामले में तीन आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 41-41 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रभारी अपर लोक अभियोजक राजाराम सिंह ने बताया कि मामला परवलपुर थाना क्षेत्र के गदाईचक गांव से संबंधित है। यह परवलपुर थाना कांड संख्या 340/95 तथा सत्रवाद संख्या 112/96 से जुड़ा हुआ था। न्यायालय ने गदाईचक गांव निवासी बृजा उर्फ बृजनंदन सिंह, संजीव सिंह एवं अनंत उर्फ आनंद सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा 302/34, 307/34, 324/34 तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाया।

## डीआरएम कप मुकाबले में इलेक्ट्रिक और एसएडंटी विभाग की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में चल रहे अंतर विभागीय क्रिकेट टूनामेंट के डीआरएम कप 2026 में दूसरे दिन खेले गए दोनों मुकाबले भूमिका अनुराग और दीपक ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में सिद्धांत सिंह और कमेंट्री की जिम्मेदारी अमित सागर ने सफलतापूर्वक संभाली। दूसरा



काफी रोमांच, उत्साह और शानदार खेल प्रदर्शन से भरपूर रहा।

खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने पूरे मैदान को खेलमय बना दिया।इसमें पहला मुकाबला रेल की इलेक्ट्रिकल बनाम पर्सनल के साथ हुए मैच में इलेक्ट्रिकल और पर्सनल विभाग आमने-सामने थे। पर्सनल टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। इलेक्ट्रिकल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित ओवरों में 195 रन बनाकर पर्सनल को 196 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्सनल टीम 102 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इलेक्ट्रिकल टीम ने 93 रनों से शानदार विजय दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौरव सिन्हा रहे, जिन्होंने 22 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलने के साथ-साथ 3 विकेट भी झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।मैच में अंपायर की मुकाबला रेल की एस एंड टी बनाम अकाउंट्स विभाग के बीच खेला गया। अकाउंट्स विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन एस एंड टी की सटीक गेंदबाजी के सामने उनकी टीम निर्धारित 20 ओवर में केवल 96 रन ही बना सकी और 97 रनों का लक्ष्य दिया।

जवाब में उतरी एसएडंटी टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और शानदार जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच एस एंड टी के राजीव यादव रहे, जिन्होंने 4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 3 विकेट झटके और विरोधी टीम की कमर तोड़ दी। टूनामेंट के दौरान आयोजन समिति के सदस्य राकेश रंजन, वेद प्रकाश, बुबली, संजीव, पिंटू, पीपू, गौतम, सतीश, सोनू, संतोष सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# होलिका दहन समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** शहर के अरगडा चौक स्थित श्याम मंदिर परिसर में बड़ा बाजार हाट होलिका दहन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए होलिका दहन समिति के संयोजक राजकुमार मुरारका ने बताया कि पंडित जयप्रकाश पांडेय एवं राजकुमार शर्मा की ओर से निकाले गए शुभ मुहूर्त के अनुसार 2 मार्च सोमवार को सुबह 10:30 बजे स्तंभ रोपण एवं मध्य रात्रि को 12.35 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम किया जाएगा।



बैठक में अध्यक्ष विश्वनाथ मुकिम, सचिव किशन बजाज उर्फ बुली, अनिल चमाडिया, नरेश शर्मा, मनोज रुंगटा, राहुल मुरारका, चीकू मुकीम, टप्पू चौधरी, रामनिवास शर्मा, राजेश चमड़िया, विनोद तंबाकूवाला, विकास पोद्दार, हेमंत चौधरी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता को लेकर जिला महिला फुटबाल टीम का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिला फुटबाल संघ की ओर से एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला ने बताया कि 8 मार्च महिला दिवस पर बिहार राज्य फुटबाल संघ द्वारा सीनियर महिला अन्तर जिला फुटबाल टूनामेंट आयोजित किया जा रहा है। अंतर जिला फुटबाल मैच में भाग लेने हेतु कटिहार महिला फुटबाल टीम का चयन किया गया। चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ।

मुख्य चयनकर्ता हीरालाल, चयनकर्ता बिनोद कुमार चौधरी, शुभाशीष मूर्मू, शुभम कुमार राजा, आशीष कुमार साह के देख रेख में जिला महिला फुटबाल खिलाड़ियों का चयन किया गया। अंतर जिला फुटबाल मैच में भाग लेने हेतु



कटिहार महिला फुटबाल टीम का चयन किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को मनिहारी बेतेल मिशन में प्रशिक्षक शुभाशीष मूर्मू के द्वारा 10 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण शिविर मुख्य प्रशिक्षक हीरालाल वरिष्ठ खिलाड़ीके निगरानी में चलाया जाएगा। चयनित सभी खिलाड़ियों का प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, नीशा हेम्ब्रम रेशमा टूड्डु, सजोनी मूर्मू,मंती बास्की, ममता कुमारी, खुशबू मरांडी, खुशबू सोरेन, सोनिया हेम्ब्रम, रेशमा खान, प्रीया हेम्ब्रम, सोनाली कुमारी,शांति टूडू, अंजलि हेम्ब्रम, जोनिता टुडू, कपूर मुनी हांसदा, राखी कुमारी, रुपाली डे, मनिषा कुमारी, सुमित्रा मुर्मू, राधा कुमारी, खुशबू हेम्ब्रम इत्यादि खिलाड़ियों को कटिहार जिला फुटबाल टीम के लिए चयन किया गया है। जो कि अंतर जिला टूनामेंट में भाग लेंगी।

# राधा-कृष्ण प्रतिमा विसर्जन के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के सार्वजनिक शिव मंदिर मोहनपुर में आयोजित 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन राधे - कृष्ण की प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया। इस मौके पर कमेटी के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक आजाद कुमार मंडल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर सार्वजनिक शिव मंदिर मोहनपुर में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई।

48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया। जिसमें पांच मंडली हरे राम हरे कृष्णा का गायन किया। वहीं रासलीला का पाठ मोहनपुर कीर्तन मंडली के द्वारा दिखाया गया। वहीं




महिलाओं ने नम आंखों से विदाई गीत गाकर राधे कृष्ण की प्रतिमा को विदाई दी। वहीं राधे कृष्ण की प्रतिमा को पूरे मोहनपुर गांव,मोहनपुर चौक घुमाते हुए डिघरा नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान लोग एक दूसरे से अबीर लगाकर लगाया। इस अवसर पर कमेटी के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे ।

# चित्रकूट विश्वविद्यालय में सम्मानित हुए डॉ. अनिल सुलभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ का बुधवार को चित्रकूट स्थित, जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान किया गया। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में विभाग के अध्यक्ष डा शांति कुमार चौथा, अर्थात अविवेक है । यह यदि उन तीनों में से किसी भी एक से मिलता है तो उसे घोर अनर्थकारी बना देता है । सदविद्या मनुष्य को ज्ञानी, विनम्र और विवेकवान बनाती है, जो मनुष्यता के लिए परम आवश्यक है। सेवा की भावना, मनुष्य को कल्याणकारी और यशस्वी बनाती है। युवा जब ज्ञान और सेवा



दूबे ने डा सुलभ का सम्मान करते हुए, उन्हें सर्वाधिक सक्रिय हिन्दी-सेवी विद्वान बताया। डा सुलभ ने विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण-शिविर को भी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया तथा युवाओं को उनकी ज्ञान-शक्ति और ऊर्जा-शक्ति से भी अवगत कराया।


उन्होंने संस्कृत के एक नीति-श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा कि यह माना जाता है कि यौवन, धन-संपत्ति, प्रभुता और अविवेक में से प्रत्येक अनर्थ कारी है और यदि चारों एक ही स्थान पर एकत्र हो जाएं तो क्या परिणाम होगा! लेकिन इन चारों में प्रथम तीन में से कोई अनर्थकारी नहीं है। बल्कि तीनों महान शक्तियाँ हैं, जिनसे बड़े-बड़े कार्य संपन्न किए जा सकते हैं। किए जाते रहें हैं और किए जाते रहेंगे। अनर्थकारी केवल का व्रत लेंगे तभी भारत स्वस्थ, सबल और उन्नत होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राँची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा में वायु का वेग होता है। युवा-शक्ति को दिशा मिल जाए तो कुछ भी असंभव नहीं रहता। युवाओं को अपनी शक्ति और उसके सदुपयोग की विधि जाननी चाहिए। अतिथियों का स्वागत और संचालन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा शांति कुमार दूबे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग की अध्यक्ष प्रो प्रमिला मिश्र ने किया। इस अवसर पर सुख्यात कवि डा संतोष कुमार मिश्र तथा प्रधानाध्यापिका अर्चना समेत बड़ी संख्या में हिन्दी के विद्यार्थी और सेवा योजना के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# असम सहित पूर्वोत्तर में बदल रहा रेलवे का बुनियादी ढांचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ।** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे में आधुनिक, यात्री अनुकूल रेल अवसंरचना के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम शुरू की। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि इस योजना में दीर्घकालीन, चरणबद्ध तरीके से रेलवे स्टेशनों का संपूर्ण विकास करने का लक्ष्य है, जिसमें प्रत्येक चयनित स्टेशन के लिए विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करना और यात्री सुविधाओं एवं बुनियादी संरचना को बेहतर बनाने के लिए उसे व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाना है।

इस योजना के तहत, स्टेशन तक पहुंच और सकुर्लेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाने, प्रतीक्षालय और शौचालय को अपग्रेड करने, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने, साफ-सफाई बढ़ाने और फ्री वाई-फाई की सुविधा देने पर फोकस किया जा रहा है। आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक मीटिंग के लिए विशेष स्थान, लैंडस्केपिंग और स्टेशन के अग्रभग को आकर्षक बनाना इत्यादि पुनर्विकास के अभिन्न घटक हैं। यह योजना ह्वन स्टेशन वन प्रोडक्टह्व कियोस्क जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है, जिससे स्थानीय समुदाय के लिए नए आर्थिक अवसरों का सृजन होता है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले असम सहित पूर्वोत्तर के रेल परिदृश्य को पुनः परिभाषित कर रहा है। एनएफआर जोन में पुनर्विकास के लिए कुल 92 स्टेशनों का चयन किया गया है, जिनमें से



पूर्वोत्तर के 60 स्टेशनों को इस योजना के अधीन चयनित किया गया है। इनमें असम के 50 स्टेशन, त्रिपुरा के 4 और सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड के 1-1 स्टेशन शामिल हैं। पूर्वोत्तर का गेटवे होने के कारण, असम इस क्षेत्र में सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है, जिसमें पुनर्विकास का कार्य बड़े शहरी केंद्रों और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय कस्बों दोनों को कवर करता है। हयबरगांव रेलवे स्टेशन को असम का पहला अमृत भारत स्टेशन बनने का गौरव हासिल है। मई 2025 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। पुनर्विकसित यह स्टेशन यात्री सुविधाओं, अवसंरचना और डिजाइन में नए बेंचमार्क स्थापित करता है। ह्वविरासत भी विकास भीह्व के सिद्धांत पर पुनर्निर्मित यह स्टेशन, आधुनिक सुविधाओं को असमिया संस्कृति और विरासत के साथ सहजता से जोड़ता है। इसे सिर्फ.एक ट्रांज़िट प्वाइंट के तौर पर नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढ़ांचा समेत विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस एक जीवंत सिटी केंद्रस्थल के तौर पर डिजाइन किया गया है। असम में, कई मंडलों में काफी प्रगति हुई है।

अलीपुरद्वार मंडल के अधीन फकिराग्राम स्टेशन का 88 प्रतिशत , कोकराझार का 78 प्रतिशत, धुबड़ी का 80प्रतिशत और गौरीपुर का 82 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। रंगिया मंडल के अधीन माजबाट रेलवे स्टेशन का 98 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बिश्वनाथ चारआली स्टेशन का 97 फीसद कार्य पूरा कर लिया गया है। लामडिंग मंडल के अधीन चापरमुख स्टेशन का 85 फीसदी प्रगति हुआ है। वहीं, तिनसुकिया मंडल में, उत्तर लखिमपुर स्टेशन और शिमलगुड़ी जंक्शन, दोनों का 65 फीसदी फिजिकल प्रोग्रेस हुआ है। मेघालय में रंगिया मंडल के मेंदीपथार स्टेशन ने अपने पुनर्विकास में 73 फीसदी प्रगति हासिल किया है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम, तेजी से विकसित हो रहे देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अपग्रेड किए गए स्टेशनों से नए रोजगार और व्यापार के अवसर पैदा होने, यात्रा को सुलभ बनाने और आस-पास के इलाकों के लिए सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के तौर पर उभरने की उम्मीद है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाओं और क्षेत्रीय पहचान को बनाए रखने के जरिए, यह योजना असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में सबका साथ और भावी विकास के लिए सरकार के मजबूत प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड के 9 वाले शेयर में 11 प्रतिशत उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार भले ही बुधवार को सुस्त रहा हो लेकिन कुछ पेनी शेयर रॉकेट की तरह बढ़े। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड के शेयर में भी कुछ ऐसी ही तेजी आई। वैसे तो यह शेयर लगातार तीन दिन से चढ़ रहा है लेकिन बुधवार को इसमें 11 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई। बीएसई पर शेयर 11 पर्सेंट की तेजी के साथ 10.57 प्रति शेयर के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। सिर्फ तीन दिन में यह शेयर 40 पर्सेंट से ज्यादा उछल चुका है। शेयर का 52 वीक हाई 14.02 रुपये है।




अर्थकुंभ वेंचर्स एलएलपी द्वारा बल्क डील के माध्यम से कंपनी के शेयर खरीदने के बाद शेयर डिमांड में आ गए हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बल्क डील आंकड़ों के अनुसार 17 फरवरी 2026 को अर्थकुंभ वेंचर्स एलएलपी ने कंपनी के 3,92,88,523 शेयर 9.41 प्रति शेयर के भाव पर खरीदे। इसके अलावा, शेयर इंडिया सिक्योरिटीज ने 9.41 प्रति शेयर के भाव से 5,10,71,609 शेयर खरीदे लेकिन 9.36 प्रति शेयर के भाव से 5,09,01,609 शेयर बेचे। इसी बीच, मनसुख सिक्योरिटीज एंड फाइनेंस ने 9.14 रुपये प्रति शेयर के भाव से 5,17,51,726 शेयर खरीदे, लेकिन 9.16 रुपये प्रति शेयर के भाव से 5,55,51,726 शेयर बेच दिए। इसी तरह, जैनम ब्रोकिंग ने 9.47 रुपये प्रति शेयर के भाव से 3,68,73,832 शेयर खरीदे लेकिन 9.39 रुपये प्रति शेयर के भाव से 2,12,73,833 शेयर बेच दिए।

## सिगरेट के बढ़े दाम, खबर के बीच रॉकेट की तरह भागे तीन शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को सिगरेट निर्माता कंपनी- आईटीसी लिमिटेड, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और वीएसटी इंडस्ट्रीज



के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। यह तेजी उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें बताया गया है कि इन कंपनियों ने उत्पाद शुल्क में वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए सिगरेट के दाम बढ़ाए हैं। आईटीसी के शेयर की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और आज यह करीब डेढ़ पर्सेंट बढ़कर 330 पर पहुंच गया। वहीं, गॉडफ्रे फिलिप्स के शेयरों में 13 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और यह 2315 तक पहुंच गया। एक अन्य सिगरेट निर्माता कंपनी वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर की कीमत में भी 3 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। बता दें कि पिछले महीने, सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में भारी वृद्धि के बाद मार्जिन और वॉल्यूम को लेकर चिंताएं बढ़ने के कारण सिगरेट निर्माता कंपनियों के शेयरों में 9 प्रतिशत से 26 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। बीएंडके सिक्योरिटीज और इनक्रेड के विश्लेषकों के हवाले से कहा गया है कि आईटीसी ने उत्पाद शुल्क में वृद्धि के परिचालन आय पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए कुछ कैटेगरी में सिगरेट की कीमतें बढ़ा दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड फ्लेक और क्लासिक (प्रीमियम) की कीमतों में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, क्लासिक कनेक्ट (स्लिम) की कीमतों में 20 प्रतिशत की और गोल्ड फ्लेक सुपरस्टार (वैल्यू) की कीमतों में लगभग 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

# एसआरएफ के 'मालिक' बेच रहे हैं 3 प्रतिशत हिस्सा, करीब चार प्रतिशत लुढ़का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्केट में तेजी के बीच एसआरएफ के शेयरों की कीमतों में आज मंगलवार को करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बिकवाली के पीछे की वजह प्रमोटर्स की तरफ से होने वाली शेयरों की बिक्री है। कंपनी के प्रमोटर कामा होल्डिंग्स अपनी हिस्सेदारी घटाने जा रहे हैं। इस खबर ने निवेशकों के सेंटीमेंट को झटका दिया। आज 17 फरवरी को एसआरएफ के शेयर बीएसई में 2833.65 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव करीब 4 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2883.35 रुपये के लेवल पर आ गया। बता दें, कंपनी के शेयर मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर 3.69 प्रतिशत की गिरावट के बाद बीएसई में 2743.20 रुपये के लेवल पर था। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार कामा होल्डिंग्स ने कहा है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ



डायरेक्टर्स ने एसआरएफ में 3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति दे दी है। यह बिक्री मार्च 2027 तक हो जाएगी। इस बिक्री के बाद प्रमोटर्स की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 50 प्रतिशत के नीचे आ जाएगी। एसआरएफ की दिसंबर 2026 की शेयरहोल्डिंग के अनुसार कंपनी में प्रमोटर कामा होल्डिंग्स के पास 50.21 प्रतिशत हिस्सा था। अक्टूबर से दिसंबर 2026 के दौरान एसआरआफ का नेट प्रॉफिट 433 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, कंपनी का रेवन्यू चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3713 करोड़ रुपये रहा था। इस कंपनी का पीई रेशियो 47 है। पिछले महीने ही कंपनी ने एक शेयर पर 5 रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले कंपनी ने 2025 में दो बार डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 7.60 रुपये का डिविडेंड दिया था। बीते एक महीने में स्त्रस्न के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 0.21 प्रतिशत गिरा है। इस कंपनी का 52 वीक हाई 3319 रुपये और 52 वीक लो लेवल 2569.95 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 81315 करोड़ रुपये का है।

## महंगी बाइक्स की बिक्री में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोग अब सस्ती मोटरसाइकिल्स को छोड़कर महंगी बाइक्स का रुख कर रहे हैं। इस फाइनेंशियल ईयर के पहले 10 महीनों में प्रीमियम बाइक्स की बिक्री में तेजी आई है। इस दौरान 125 सीसी और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली बाइक्स की बिक्री बढ़कर 26 फीसदी हो गई है। अमूमन इन बाइक्स की कीमत 80,000 रुपये से शुरू होती है। ईटी की एक रिपोर्ट में सोसाइटी ऑफ इंडिया ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के आंकड़ों के हवाले से यह दावा किया गया है। पिछले साल सरकार ने सितंबर में जीएसटी दरों में कटौती की थी। इससे इन बाइक्स की कीमत कम हुई हैं। साथ ही उपभोक्ताओं की पसंद में भी बदलाव आया है। इन कारणों से देश में महंगी बाइक्स की डिमांड बढ़ी है। फाइनेंशियल ईयर 2025 में इस सेमेंट की बिकी 24.4 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव से मोटरसाइकिल की बिक्री में मजबूत रिकवरी दिख रही है। मोटरसाइकिल की बिक्री में अब भी 125 सीसी तक के एंट्री लेवल मॉडल का जलवा है। कुल बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 73 फीसदी है लेकिन धीरे-धीरे 150 से 350 सीसी रेंज की डिमांड बढ़ रही है।



# अडानी पावर के शेयर की सुस्त चाल, ब्रोकरेज ने कहा- खरीदो

### 187 तक जाएगा भाव, अडानी पावर के शेयर का टारगेट प्राइस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी-अडानी पावर के शेयर की सुस्त चाल के बीच ब्रोकरेज इसको लेकर बुलिश है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग ने पावर सेक्टर पर अपना पॉजटिव आउटलुक बरकरार रखा। इसके साथ ही अडानी ग्रुप की पावर कंपनी के शेयर को खरीदने की सलाह दी। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि अडानी पावर की थर्मल परियोजनाओं में 64 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और चल रहे कर्ज में कमी के कारण वित्त वर्ष की तीसरी छमाही तक इसकी क्षमता में 2.3 गुना वृद्धि होकर 41.9 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है।

एंटीक ने अडानी पावर के शेयर पर बाय रेटिंग है और टारगेट प्राइस 187 रुपये तय किया है। वर्तमान में अडानी पावर के शेयर की कीमत 145 रुपये के नीचे है। अडानी पावर के शेयर का 52 वीक हाई और लो रेंज 182.75 रुपये से 93.23 रुपये के बीच है। शेयर की ये दोनों कीमतें पिछले साल रही थीं।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में अडानी पावर का नेट प्रॉफिट 15 प्रतिशत से अधिक गिरकर 2,488 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने मुनाफे में इस कमी का मुख्य कारण पिछली अवधि की एकमुश्त आय का कम होना बताया है। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में मुनाफा 2,488 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में यह 2,940 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल राजस्व 12,717 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,434 करोड़ रुपये था। मानसून के जल्दी आने और लंबे समय तक



रहने के कारण मांग में आए व्यवधान के बावजूद, कंपनी की बिजली बिक्री की मात्रा 23.6 अरब यूनिट (बीयू) रही। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 23.3 अरब यूनिट था। बीते दिनों अडानी पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एस बी ख्यालिया ने कहा थाकि हम अपनी आगामी क्षमताओं के लिए तेजी से लॉन्गटर्म के पावर परचेज डीज सुरक्षित कर रहे हैं। हमारी 23.7 गीगावाट की विस्तार योजना का लगभग आधा हिस्सा पहले ही राज्य डिस्कॉम के साथ पीपीए के तहत जुड़ चुका है। हमारी परियोजना कार्यान्वयन प्रक्रिया भी बेहद शानदार रही है और हम अपने लक्ष्यों को समय पर या उससे पहले हासिल कर रहे हैं।

### नई कंपनी का गठन

हाल ही में अडानी पावर ने एक कंपनी अडानी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (एएईएल) का गठन किया है। एएईएल को 5,00,000 रुपये की अधिकृत पूंजी के साथ गठित किया गया है। इसे 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 50,000 शेयर में विभाजित किया गया है। अडानी पावर की एएईएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### 3 साल में 1782 प्रतिशत उछल गए हैं ई2ई नेटवर्क्स के शेयर

# 57 रुपये का शेयर 3000 रुपये के पार, एआई फैक्ट्रीज के लिए दिग्गज कंपनी से पार्टनरशिप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर कंपनी ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। जीपीयू क्लाउड उपलब्ध कराने वाली कंपनी ई2ई नेटवर्क्स के शेयर बुधवार को ह्रस्थ्र में 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 3068.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने एडवांस्ड ॒ढ्ढ फैक्ट्रीज डिलीवर करने के लिए ई2ई नेटवर्क्स को सहयोग करने की घोषणा की है, इस अनाउंसमेंट के बाद कंपनी के शेयरों में तेज उछाल आया है। ई2ई नेटवर्क्स अपने प्लेटफॉर्म पर एक एनवीडिया ब्लैकवेल जीपीयू क्लस्टर बना रही है। ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड के शेयर पिछले 3 साल में 1782 पर्सेंट चढ़ गए हैं। ई2ई नेटवर्क्स के शेयर 17 फरवरी 2023 को 163 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 18 फरवरी 2026 को 3068.20 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 2 साल में ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों में 284 पर्सेंट की जोरदार तेजी आई है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर 53 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयर करीब 46 पर्सेंट चढ़ गए हैं। एक महीने



में ई2ई नेटवर्क्स के शेयरों में 37 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3894.70 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1710.05 रुपये है।

### आईपीओ में 57 रुपये था कंपनी के शेयर का दाम

ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड का आईपीओ दांव लगाने के लिए 3 मई 2018 को खुला था और यह 7 मई तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 57 रुपये था। ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड के शेयर 15 मई 2018 को ह्रस्थ्र में 85 रुपये पर लिस्ट हुए थे और लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर उछाल के साथ 89 रुपये पर बंद हुए। कंपनी के शेयर 18 फरवरी 2026 को 3068.20 रुपये पर जा पहुंचे दिग्गज टेक्नोलॉजी फर्म एनवीडिया भारत और वैश्विक इस्तेमाल के लिए ॒ढ्ढ सॉल्यूशंस बनाने वाले सभी स्टेजेज के स्टार्टअप्स की पहचान और उन्हें फंड उपलब्ध कराने के लिए प्रमुख वेंचर कैपिटल फर्मों पीक जेड 47, इलेवेशन कैपिटल, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और एक्सेल इंडिया समेत प्रमुख वेंचर कैपिटल फर्मों के साथ भी पार्टनरशिप कर रही है।

# बीएचईएल को मिला 1500 करोड़ रुपये का काम

### सेल से मिला वर्क ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की तरफ से एक बड़ा वर्क ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह काम पश्चिमबंगाल के बुरनपुर स्थिति स्थिति स्टील प्लांट में करना है। कंपनी को अवार्ड लेटर 17 फरवरी को मिला था। इस वर्क ऑर्डर की कीमत 1200 करोड़ रुपये से 1500 करोड़ रुपये के बीच है। इसमें जीएसटी शामिल नहीं है। बता दें, कॉन्ट्रैक्ट की समय सीमा 39 महीने की है।

**पिछले हफ्ते हुई थी शेयरों की बिक्री:** नवर प्रतिशत कंपनी का ऑफर फार सेल पिछले हफ्ते 11 फरवरी को खुला था। पहले दिन ओएफएस 2.3 गुना सब्सक्राइब किया गया था। ऑफर किए गए 9.4 करोड़ शेयरों के लिए 22 करोड़ शेयर की बोली आई थी। इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 5650 करोड़ रुपये की बोली दी थी। बता दें, सरकार ने 5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए ग्री शू का विकल्प अपनाया है।

**शेयरों में तेजी:** आज मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 0.11 प्रतिशत की तेजी मार्केट के बंद होने के समय पर दर्ज की गई थी। तब यह स्टॉक 262.80 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने में नवर प्रतिशत कंपनी के शेयरों की कीमतों में 18 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 35 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में करीब 10 प्रतिशत की तेजी आई है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 305.85 रुपये और 52 वीक लो लेवल 176 रुपये प्रति शेयर है। भेल का मार्केट कैप 91508 करोड़ रुपये का है।

दो साल में यह स्टॉक 16 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, तीन साल में भेल के शेयरों की कीमतों में 262 प्रतिशत की तेजी आई है। बता दें, 5 साल में नवर प्रतिशत कंपनी के शेयरों का भाव 555 प्रतिशत बढ़ा है।

**लगातार डिविडेंड भी दे रही है कंपनी:** भेल उन कुछ सरकारी कंपनियों में से एक है। जिन्होंने निवेशकों को लगातार डिविडेंड दिया है। 2025 में कंपनी ने एक शेयर पर 0.50 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2024 में कंपनी ने एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड दिया था।

## सबसे बड़ी रिफाइनरी पर मंडराया खतरा, पहले ही हो चुकी है 4 साल की देर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने महाराष्ट्र के र प्रतिशतागिरि में देश की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी लगाने की योजना बनाई थी लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह कई दशकों से अटकी हुई है। अब इससे विदेशी निवेशकों के भी र प्रतिशतागिरि रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स से किनारा करने की आशंका है। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी पहले ही इस प्रोजेक्ट से बाहर हो चुकी है जबकि सऊदी अरामको भी शर्तों की समीक्षा चाहती है। यह रिफाइनरी की कल्पना अरामको, एडनॉक और सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के बीच जॉइंट वेंचर के रूप में की गई थी। इसमें अरामको और एडनॉक की 50 फीसदी हिस्सेदारी रहनी थी जबकि बाकी 50 फीसदी हिस्सेदारी भारत की तीन कंपनियों के पास रहनी थी। इस प्रोजेक्ट को 2022 में कमीशन हो जाना था लेकिन भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण इस पर अभी कोई काम नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने कहा कि संभवत इस प्रोजेक्ट से निकल चुकी है क्योंकि उसकी दूसरी प्राथमिकताएं हैं। इसी तरह सऊदी अरामको भी पुरानी शर्तों की समीक्षा चाहती है। अरामको इन इस पर कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

# 8वें वेतन आयोग में 3.25 का फॉर्मूला, 18 हजार से बढ़कर 58500 हो जाएगी सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार है। वैसे तो वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होन में 18 से 20 महीने लगेंगे लेकिन इससे पहले लोग अपने तरीके से कैल्कुलेशन कर रहे हैं। दरअसल, वेतन आयोग की सिफारिशों में फिटमेंट फैक्टर बड़ी भूमिका निभाने वाला है। फिटमेंट फैक्टर के आधार पर ही सातवें वेतन आयोग ने सैलरी में बढ़ोतरी की थी और अब एक बार फिर से इसी को आधार बनाए जाने के आसार हैं। इसे बेसिक सैलरी से गुणा किया जाता है। अब सवाल है कि आखिर फिटमेंट फैक्टर कितना हो सकता है दरअसल, कर्मचारी संगठनों ने 2.86 से लेकर 3.25 तक के फिटमेंट फैक्टर की मांग रखी है। यदि 3.25 का फैक्टर लागू होता है तो वर्तमान न्यूनतम बेसिक वेतन 18,000 रुपये से बढ़कर 58,500 रुपये पर पहुंच सकता है। बता दें कि सातवें वेतन आयोग ने 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू



किया था, जिससे न्यूनतम वेतन 7,000 रुपये से बढ़कर 18,000 रुपये हो गया था।

आठवें वेतन आयोग से डिमांड को लेकर नेशनल काउंसिल (स्टाफ साइड) की जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी की ड्राफ्टिंग कमेटी 25 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में बैठक कर रही है। इस बैठक में कर्मचारियों और पेंशनरों की मांगों का संयुक्त ज्ञापन तैयार किया जाएगा। यह चर्चा लगभग एक सप्ताह तक चलने की संभावना है। कर्मचारी संगठनों ने फिटमेंट फैक्टर के अलावा 5 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) के तर्कसंगत निर्धारण, महंगाई भत्ता की नई संरचना और पेंशन संशोधन फॉर्मूले पर भी चर्चा की मांग की है। 8वें वेतन आयोग की वेबसाइट हाल ही में शुरू हो गई है।

## कर्ज मुक्त होने की तैयारी, 68 प्रतिशत चुका दिया है लोन, 10 रुपये का शेयर बना रॉकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर कर्ज मुक्त होने की तैयारी में है। पीसी ज्वैलर ने अपना 68 पर्सेंट लोन चुका दिया है। ज्वैलरी कंपनी के शेयरों में बुधवार को अच्छी तेजी आई है। पीसी ज्वैलर के शेयर बुधवार को ब्रस्थ्र में 6 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 10.68 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को 10 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अब तक पीसी ज्वैलर के शेयरों में करीब 13 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पिछले 5 साल में ज्वैलरी कंपनी के शेयर 250 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। पीसी ज्वैलर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम गर्ग ने पिछले दिनों बताया कि कंपनी पूरी तरह कर्ज मुक्त होने के अपने लक्ष्य की दिशा में सधी रफ्तार से बढ़ रही है। गर्ग ने पीटीआई को बताया, 30 सितंबर 2024 को बैंकों के साथ सेटलमेंट एग्रीमेंट होने के बाद से कंपनी ने अपने कुल बकाया कर्ज का करीब 68 पर्सेंट चुका दिया है, जो कि कंपनी की वित्तीय स्थिति में अच्छे सुधार को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि कोर ऑपरेशंस को मजबूत करने, ओन्ड और फ्रेंचाइजी फॉर्मेट्स के जरिए अपनी रिटेल मौजूदगी बढ़ाने पर कंपनी का फोकस है। पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने पिछले दिनों बताया है कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका कंसॉलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 28 पर्सेंट बढ़कर 190.10 करोड़ रुपये पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 147.96 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में पीसी ज्वैलर की टोटल इनकम बढ़कर 900.51 करोड़ रुपये पहुंच गई है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 683.44 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीने में पीसी ज्वैलर का मुनाफा बढ़कर 561.57 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 482.92 करोड़ रुपये था।

### पिछले साल नोएल टाटा ने रखा था प्रस्ताव

# 24 फरवरी को टाटा समूह बोर्ड की अहम बैठक, चंद्रशेखरन के भविष्य पर होगा फैसला!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह के लिए अगला सप्ताह काफी अहम होगा। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अगले सप्ताह टाटा संस के बोर्ड की मीटिंग होने वाली है। 24 फरवरी को प्रस्तावित इस बैठक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर फैसला होगा। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में बोर्ड के सामने तीसरे कार्यकाल को मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। बिजनेस स्टैंडर्ड के एक सूत्र के अनुसार टाटा संस बोर्ड में कार्यकाल बढ़ाने की चर्चा से चंद्रशेखरन खुद को अलग रखेंगे। बता दें कि एन चंद्रशेखरन का दूसरा कार्यकाल अगले वर्ष पूरा होने वाला है, ऐसे में समय से पहले ही उनके नेतृत्व को लेकर स्पष्टता लाने की तैयारी की जा रही है।

टाटा संस के सबसे बड़े शेयरधारक टाटा ट्रस्ट्स ने पिछले साल एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल की सिफारिश करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। उस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने चंद्रशेखरन को टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के लिए फिर से नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा था। अब इस प्रस्ताव पर बोर्ड की मंजूरी जरूरी है।

चंद्रशेखरन के दूसरे कार्यकाल की बात करें तो साल 2022 में जब कार्यकाल बढ़ाया गया था, तब टाटा ट्रस्ट्स के तत्कालीन अध्यक्ष और समूह के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने टाटा संस बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया था। इसके साथ ही अगले पांच वर्षों के लिए चंद्रशेखरन के नाम की सिफारिश की थी।



बता दें कि नमक से सेमीकंडक्टर तक के कारोबार में सक्रिय टाटा समूह इस समय कई रणनीतिक विस्तार योजनाओं पर काम कर रहा है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व की निरंतरता को समूह की दीर्घकालिक रणनीति के लिए अहम माना जा रहा है। चंद्रशेखरन के नेतृत्व में समूह ने एयरलाइन, टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और डिजिटल कारोबार में बड़े फैसले लिए हैं, जिससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत हुई है। नटराजन चंद्रशेखरन टाटा समूह की सभी कंपनियों के प्रमोटर टाटा संस के चेयरमैन हैं।

# बिरहोर परिवारों की समस्याओं के समाधान का निर्देश

**गुणवत्ता जांच में बच्चों से सही उत्तर पाकर बांटे चॉकलेट**

**परिवारों की स्थिति देख उपायुक्त ने दिखायी संवेदनशीलता**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा (कोडरमा)।** सतगावां प्रखंड में बुधवार को उपायुक्त ने दौरा कर विकास योजनाओं और सरकारी संस्थानों की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य और विशेष रूप से संरक्षित जनजाति बिरहोर परिवार के उत्थान के लिए कई कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। दौरे की शुरूआत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दोनैया से हुई। उपायुक्त ने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखकर बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की। बच्चों के सही उत्तर और उत्साह को देखते हुए उन्होंने उन्हें टॉफी देकर प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोठियार-दोनैया का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। खवासडीह में रह रहे 11 बिरहोर परिवारों कुल 42 सदस्य की स्थिति देख उपायुक्त ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कहा कि सभी परिवारों के राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार और आयुष्मान कार्ड पंचायत सचिवालय में सुरक्षित रखे जाएं। जिनके कार्ड नहीं बने हैं,उन्हें अविलंब बनाया जाए। बिजली की समस्या दूर करने के लिए कोठियार फीडर के बजाय अम्बवाबाद फीडर से जोड़ने को कहा गया। वहीं बिरहोर परिवारों के बीच पानी की समस्या को लेकर बंद पड़े जल मीनार पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जेई को 24 घंटे के भीतर सुचारू रूप से चालू करने का अल्टीमेटम दिया। खबासडीह जाने के लिए मुख्य सड़क को पी.एम जनमन योजना से जोड़ने और गांव के अंदर पेवर ब्लॉक बिछाने, सोलर लाइट लगाने आदि के निर्देश दिए। साथ ही जर्जर आवासों की मरम्मत,सामूहिक स्नानघर और शौचालय निर्माण की भी बात कही। सभी बिरहोर परिवारों का बैंक खाता खुलवाने और महिलाओं को जीविका समूह से जोड़ने का निर्देश दिया। बीडीओ को इन सभी कार्यों की रिपोर्ट 15-20 दिनों में सौंपने को कहा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के गझहड़, ठेसवा में बसे बिरहोर परिवारों को भी इन सारी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खवासडीह आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में अनियमितता पाए जाने पर सेविका गुड़िया कुमारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सुधार करने और बच्चों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। इसी क्रम में उन्होंने खूँटा पंचायत सचिवालय का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए। इसके आलावे उन्होंने ब्लॉक सभागार में शिक्षा विभाग, सेविकाओं व सहायिकाओं के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड में डॉक्टर की कमी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां के लिए आयुष्मान से चार एमबीबीएस डॉक्टरों कि नियुक्ति कि गई है जिसमें दो डॉक्टर अंकित शर्मा एवं राजकुमार को प्रखंड कार्यालय में नियुक्ति पत्र उपायुक्त के द्वारा दिया गया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए ग्रामीणों की समस्या को बारी बारी से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। अंत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना अनिवार्य है। कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, सीओ केशव प्रसाद चौधरी, बीपीओ मुकुन्द श्रीवास्तव के आलावे एएसआई बलराम प्रसाद दल बल के साथ मौजूद थे।

# शराबबंदी पर मांझी ने सरकार को दी सलाह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार की शराबबंदी नीति एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में आ गई है। इसपर फिर चर्चा तेज हो गई है।

राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक माधव आनंद द्वारा विधानसभा में समीक्षा की मांग उठाए जाने के बाद विवाद और तेज हो गया।

कांग्रेस विधायक ने तो सभी विधायकों के ब्लड टेस्ट तक की मांग कर दी। इसी बीच सत्ताधारी एनडीए के घटक दल हिंदुस्तान अवामी मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शराबबंदी पर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान तीन अहम बिंदुओं पर खींचा है। उन्होंने साफ कहा कि शराबबंदी रहनी चाहिए, लेकिन इसकी गंभीर समीक्षा अब जरूरी हो गई है।

क्रियान्वयन में गड़बड़ी: मांझी ने कहा कि नियमों के अनुसार थोड़ा-बहुत पीने या सीमित मात्रा में शराब ले जाने वालों को नहीं पकड़ना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इम्प्लीमेंटिंग अथॉरिटी उल्टा काम कर रही है। छोटे लोगों को फंसाया जा रहा है, जबकि हजारों-लाखों लीटर की तस्करी करने वाले पैसे लेकर छोड़ दिए जाते हैं।

आर्थिक नुकसान और बाहरी शराब: उन्होंने कहा कि प्रभावी शराबबंदी नहीं होने से शराब बाहर से बिहार आ रही है। इससे बिहार की जनता का पैसा दूसरे राज्यों में जा रहा है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह है।

गरीबों पर सबसे ज्यादा असर: मांझी ने कहा कि शराबबंदी के कारण गरीब तबका विषैली शराब बनाने और पीने को मजबूर है। अमीर जहां हजारों से लेकर 50 हजार रुपये तक की शराब पी लेते हैं, वहीं नुकसान गरीबों को उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति और मुसहर-भुइयां समाज के लोगों की आयु इस वजह से कम हो रही है।


केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि शराबबंदी कानून के तहत दर्ज



करीब छह लाख मुकदमों में से चार लाख मामले अनुसूचित जाति के लोगों पर हैं। मुकदमों के बोझ से ये लोग लगातार परेशान हैं।

उन्होंने अपने गांव के एक हमउम्र व्यक्ति का उदाहरण देते हुए बताया कि शराब के कारण उसकी मौत पांच साल पहले ही हो गई, जबकि गांव का एक हट्टा-कट्टा युवक आज शराब के कारण गंभीर बीमारियों से जूझ रहा है। मांझी ने सीएम से इन बिंदुओं पर गंभीर समीक्षा और तंत्र को दुरुस्त करने की मांग की। साथ ही कहा कि जब गृह मंत्री सम्राट चौधरी कानून-व्यवस्था सुधारने में जुटे हैं, तो शराबबंदी के दुष्प्रभावों पर भी उनका ध्यान जाना चाहिए।

# भाईचारे और आत्मशुद्धि का संदेश लेकर शुरू होगा रमजान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा (कोडरमा)।** गुरुवार से माह-ए-रमजान की शुरूआत होने जा रही है। चांद की तस्दीक के बाद पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल गहरा गया है। मस्जिदों से लेकर घरों तक इबादत की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस पवित्र महीने को आत्मसंयम, त्याग और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताते हुए जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती अमीरुद्दीन मिस्बाही ने कहा कि रमजान इंसान को अंदर से बदलने का अवसर देता है। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का अभ्यास नहीं, बल्कि अपने विचार, व्यवहार और आचरण को सुधारने का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि इस महीने में जरूरतमंदों की मदद, जकात और सदका के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों तक राहत पहुंचाना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। रमजान का असली मकसद आपसी भाईचारा, सौहार्द और इंसानियत को मजबूत करना है।

इधर मस्जिदों में तरावीह नमाज को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और पंखों की व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। बाजारों में भी रोजेदारों की जरूरत की चीजों की खरीदारी बढ़ गई है, जिससे बाजारों में रौनक देखी जा रही है। सेहरी का समय सुबह 5:01 बजे तक और इफ्तार का समय शाम 5:46 बजे निर्धारित किया गया है।

# मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया महायज्ञ का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत तेतरौन पंचायत के ग्राम मतौनी में आयोजित श्री श्री 1008 महाकाली सह श्री वासंतिक दुर्गा एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर बुधवार को 501 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की उपस्थिति में हुआ, जबकि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया आशा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे। यज्ञ समिति द्वारा सभी अतिथियों का माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर तेतरौन एवं परसाबाद होते हुए जयकारों और गाजे-बाजे के साथ उत्तरवाहिनी नदी बड़ानो पहुंची, जहां यज्ञचार्य बसंत शास्त्री एवं उपाचार्य सह कथावाचक पंडित





विष्णुकांत पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरवाया गया। इसके पश्चात श्रद्धालु पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे। अपने संबोधन में मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन हमारी सनातन परंपरा को सशक्त करते हैं। यज्ञ और पूजा से वातावरण शुद्ध होता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

उन्होंने लोगों से सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। महायज्ञ का आयोजन 18 फरवरी से 27 फरवरी तक विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया जा रहा है। 18 फरवरी को प्रातः कलश यात्रा, पांगण देव पूजन, आचार्य सहित ब्राह्मण पूजन एवं मंडप प्रवेश हुआ। 19 को वेदी स्थापना पूजन, श्रीमद देवी भागवत पारायण, दुर्गा सप्तशती पाठ, अरणी मंथन द्वारा अग्निदेव का बाल स्वरूप में प्राकट्य, हवन तथा जलाधिवास,20 को दैनिक पूजन-पाठ हवन, महास्नान तथा श्री महाकाली, श्री वासंतिक दुर्गा एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा,21 को दैनिक पूजन-पाठ हवन के साथ संध्या पूजन, महाआरती एवं दीप महायज्ञ,22 और 23 को नियमित पूजा-पाठ एवं हवन,24 को दैनिक पूजन के साथ नगर कल्याणी एवं संध्या घृतधारी,25 को दैनिक पूजन-पाठ एवं सामूहिक हवन, 26 को पूर्णाहुति,कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज, महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 27 फरवरी को महाभंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा। 18 से 25 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे आरती, प्रवचन एवं प्रसाद वितरण होगा। कथा वाचिका मानस कोकिला संगीता सुमन दीदी के द्वारा कथा किया जाएगा। यज्ञ समिति अध्यक्ष महेश दास ने क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है। मौके पर उपाध्यक्ष शिव शंकर यादव कोषाध्यक्ष प्रसादी चंद्र राणा, उपकोषाध्यक्ष चंद्र देव यादव, सचिव अर्जुन यादव, उपसचिव विकास यादव, होरील दास, काली दास, दीपक दास,महादेव दास, प्रसाजी राणा, दिवाकर राणा, प्रताप राणा,रविशंकर राणा, अजय राणा, अशोक राणा, विकास राणा, शिवलाल राणा, सुरेश राणा, बीरेंद्र यादव,महावीर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# अभिभावकों को स्कूल- अनुशासन में करना चाहिए सहयोग : थानाध्यक्ष





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर।** स्थानीय चट्टी के गोवर्धन विद्यापीठ का 56 वां वर्षगांठ बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच धूमधाम से मना।स्कूल के संस्थापक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डीके ओझा ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश व समाज के विकास की रीढ़ होती है।इसी उद्देश्य से उन्होंने शहर से दूर अपने गांव- जवार के बच्चों के लिए इस विद्यालय की स्थापना उन्होंने की थी। मुख्य अतिथि स्थानीय थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अभिभावकों भी कुछ त्याग की जरूरत है। विद्यालय के अनुशासन में धैर्य पूर्वक अभिभावकों को सहयोग करनी चाहिए। विद्यालय के शिक्षक प्राचार्य विशु श्रीवास्तव, हंसराज कुमार, अतुल व्याहुत, रागिनी देवी, देवन्ती देवी आदि के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, बिरसा मुंडा व छतीसगढ़ी आदिवासी पारम्परिक नृत्य,महाभारत एक्ट, भस्मासुर वध, एकलव्य एक्ट आदि झांकी देख भारी संख्या में उपस्थित अभिभावक व अन्य भाव विभोर हो गये।

मौके पर स्थानीय समाजसेवी सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, उमाकांत कुशवाहा, राजेश्वर सिंह, पूर्व सरपंच कृष्णानंद सिंह गांधी, त्रिभुवन दूबे, उज्जवल दूबे, पुरूषोत्तम यादव मुख्य शिक्षक, अखिलेश कुमार सिंह, शहाबुद्दीन, मुकेश कुमार राज आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा के एक दिन पूर्व प्रश्न पत्र बांटे जाने से परीक्षार्थियों में आक्रोश

**जेजे कॉलेज के छात्रों ने जताया विरोध**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा (कोडरमा)।** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित लॉ के सेमेस्टर 2 की परीक्षा कल (आज) होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र आज बंट जाने को लेकर जेजे कॉलेज में छात्रों का विरोध जताया। छात्रों द्वारा बताया गया कि आज होने वाली परीक्षा की जगह उन्हें 19 तारीख को होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया है। छात्रों ने बताया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी द्वारा लॉ के सेमेस्टर 2 की परीक्षा 16 तारीख से 21 तारीख तक आयोजित की जा रही है। जिसके तहत आज लॉ ऑफ क्राइम 2 की परीक्षा ली होनी थी, लेकिन यूनिवर्सिटी द्वारा अगले दिन (19 फरवरी) को होने वाली सीपीसी के प्रश्न पत्र भेज दिए गए। छात्र जैसे ही परीक्षा देने के लिए बैठे और इन्हें महाविद्यालय द्वारा प्रश्न पत्र दिया गया, वैसे ही छात्र प्रश्न पत्र देखते ही अचंभित हो गए।

उन्होंने देखा कि उन्हें लॉ ऑफ क्राइम 2 की जगह सीपीसी का प्रश्नपत्र मिला है। जिससे नाराज छात्रों ने इसकी सूचना जगन्नाथ जैन महाविद्यालय के प्रोफेसर और प्रिंसिपल को दी। बहरहाल प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने सभी छात्रों से प्रश्नपत्र वापस ले लिए और बिना विलंब किए इसकी सूचना विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रबंधन को दी। आज की परीक्षा रद्द करने की सूचना छात्रों को दी। विश्वविद्यालय की इस घोर लापरवाही से छात्रों में खासा रोष देखा गया।

छात्रों ने कहा कि एक तो विश्वविद्यालय द्वारा बिना अंतराल सारे विषयों की परीक्षाओं का समय सारिणी तैयार किया गया जो सरासर गलत है। वहीं उन्होंने कहा कि कई ऐसे परीक्षार्थी हैं जो दूसरे जिले और बिहार से परीक्षा देने आए हुए हैं, ऐसे में यहां किराए पर होटल या लॉज लेकर रहना पड़ रहा है, जिससे उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं उन्होंने मांग की है कि आज और 19 फरवरी को होने वाली परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय जल्द नई घोषणा करे, जिससे विद्यार्थियों को आगे की स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं जगन्नाथ जैन महाविद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिदिन प्रश्नपत्रों का एक सील लिफाफा आता है। पूरी गोपनीयता बरतते हुए सील खोलकर प्रश्न पत्र बांटे जाते हैं। आज होने वाली परीक्षा को लेकर भी यही प्रक्रिया अपनाई गई। उन्होंने कहा कि आज हुई समस्या से विश्वविद्यालय को अवगत करा दिया गया है। आगे की परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय निर्णय लेगा।

## कुएं से सुरक्षित निकाला गया हाथी का बच्चा

**खड़गपुर ।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी प्रखंड से ममता और संघर्ष की एक भावुक कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां के पीड़ाकाटा रेंज अंतर्गत मुसना गांव में मंगलवार की आधी रात एक हाथी का बच्चा अचानक कुएं में गिर गया। अपने कलेजे के टुकड़े को मुसीबत में देख मादा हाथी की चीख से पूरा इलाका दहल उठा। अंततः वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शावक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना मंगलवार रात करीब एक बजे की है। रांजा बीट के मुसना गांव के पास खेतों में हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा था। इसी दौरान एक शावक अनजाने में खेत के बीच स्थित एक खुले कुएं में जा गिरा। बच्चे को संकट में देख हथिनी ने जोर-जोर से चिंघाड़ना शुरू कर दिया। उसकी कान फाड़ देने वाली आवाजें सुनकर ग्रामीण नींद से जाग गए और खेतों की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मादा हाथी अपनी सूंड के सहारे बच्चे को कुएं से बाहर खींचने का बार-बार प्रयास कर रही थी।

# निकाय चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के चुनाव को लेकर प्रचार अपने जोरों पर है। मेयर, अध्यक्ष और पार्षद पद के उम्मीदवार अपना अंतिम जोर लगा रहे हैं। ऐसे में सभी का ध्यान अब 23 फरवरी को होने वाले मतदान पर है और उसके बाद चुनाव परिणाम पर।

इधर जिला प्रशासन की ओर से भी मतदान और मतगणना संपन्न कराने के लिए काम किया जा रहा है। 27 फरवरी से मतगणना होगी। माना जा रहा है कि इस कार्य में दो दिनों का समय लगेगा।

मतगणना को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। निर्बाध तरीके से मतगणना संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्षानुसार तैयार की गई है। इसके तहत धनबाद नगर निगम क्षेत्र के सभी 55 वार्डों की मतगणना 11 चरणों में पूरी होगी, वहीं चिरकुंडा नगर परिषद के लिए चार चक्र में यह कार्य पूरा होगा।

धनबाद नगर निगम के लिए 11 और चिरकुंडा के लिए चार मतगणना हाल बनाए गए हैं। निवार्ची पदाधिकारीवार मतगणना का काम होगा। ऐसे आएगा चुनाव परिणाम : मतगणनाा के दौरान पहले चक्र में छह वार्डों का चुनाव परिणाम आएगा। इस दौरान मेयर और पार्षद के वोटों की गिनती होगी।

इस प्रक्रिया के तहत धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के पांच-पांच वार्डों का चुनाव परिणाम मिलेगा। जबकि मेयर पद के परिणाम के लिए 55 वार्डों तक की गिनती का इंतजार करना होगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मंडल रेलवे अस्पताल में स्टाफ कैंटीन, वाटर वेंडिंग मशीन एवं मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (जीएमयू-एसएमयू) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:

**(क) नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन15**

**क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी:** एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटीजीईएन-132-26-2, **ई-नीलामी की तिथि और समय:** दिनांक 02.03.2026 को 14.00 बजे। **कार्य का विवरण:** मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए स्टाफ कैंटीन का परिचालन एवं रखरखाव।

**(ख) नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-26-1**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ई-नीलामी की तिथि और समय, कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: (1) **एए/1, एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-25-25-1,** 03.03.2026 को 12.30 बजे, अंडाल रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नंबर 1-2 पर ओएचई मास्ट नंबर 186/35 और 187/1 के बीच स्टैंड अलोन आधार पर 05 वर्ष की अवधि के लिए वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना। (2) **एए/2, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-डब्ल्यूवीएम-52-26-1,** 03.03.2026 को 12.40 बजे, दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2-3 पर, हावड़ा छोर एफओबी के पास में स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए 05 वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान करना।

**(ग) नीलामी कैटलॉग सं.: सीएटीजी-जीएमयू-26-3**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ई-नीलामी की तिथि और समय, कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: (1) **एए/1, सीएटीजी-एएसएन-डीयूजे-जीएमयू-13-26-1,** 03.03.2026 को 12.30 बजे, दुबराजपुर रेलवे स्टेशन (कैटेगरी ई) में प्लेटफार्म सं. 1 पर अंडाल छोर पर प्लेटफॉर्म शेड के नीचे जनरल माइनर यूनिट के तहत 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। (2) **एबी/1, सीएटीजी-एएसएन-पीएएन-एसएमयू-146-26-1,** 03.03.2026 को 12.40 बजे, पानागढ़ रेलवे स्टेशन (कैटेगरी बी) पर 05 वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के तहत प्लेटफॉर्म नंबर 1-2 पर आरपीएफ कार्यालय और वाटर कूलर के बीच मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्ग फुट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। स्वतंत्रता सेनानी/युद्ध सैनिकों की विधवा और रेलवे कर्मचारियों की विधवा, व्यक्ति जिनकी जमीन रेलवे द्वारा उनके स्वयं के उपयोग हेतु लिए जाने के कारण वे विस्थापित/स्थानांतरित हुए हैं, के लिए आरक्षित है। (3) **एबी/2, सीएटीजी-एएसएन-जीएलआई-एसएमयू-145-26-1,** 03.03.2026 को 12.50 बजे, गलसी (जीएलआई) रेलवे स्टेशन (कैटेगरी ई) में 05 वर्षों की अवधि के लिए स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के तहत पार्किंग स्टैंड के पास दक्षिण की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्ग फुट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित। (4) **एबी/3, सीएटीजी-एएसएन-यूडीएल-एसएमयू-144-26-2,** 03.03.2026 को 13.00 बजे, अंडाल रेलवे स्टेशन (कैटेगरी डी) में प्लेटफार्म सं. 3-4 पर 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के तहत प्लेटफार्म शेड के पास मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्ग फुट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित।

ASN-357/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# लूट की वारदात से नाराज आभूषण व्यवसायियों ने बंद रखीं सोनार पट्टी की दुकानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप चांदी के आभूषण व्यवसायी से हथियार के बल पर मंगलवार की शाम हुई लूट की घटना के विरोध में बुधवार को एकमा बाजार स्थित सोनार पट्टी की सभी सोना-चांदी की दुकानें सुबह से लेकर दोपहर बाद तक बंद रहीं। स्वर्ण व्यवसायियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए अपराह्न तक कारोबार ठप रखा और घटना के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताया।

एकमा स्वर्णकार व्यवसायी संघ के बैनर तले संघ के प्रतिनिधि अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में एकत्रित दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि लूट की गई राशि लगभग एक लिख 29 हजार 500 रुपए एवं लगभग 4.200 किलोग्राम चांदी के आभूषणों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए तथा वारदात में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

व्यवसायियों का कहना था कि दिनदहाड़े हथियार के बल पर हुई इस घटना ने पूरे बाजार में भय का माहौल बना दिया है। यदि समय रहते अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यवसायियों का आंदोलन और तेज किया जाएगा।



संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने, बालू के स्कैनर की तरह सीसीटीवी कैमरे से अपराधियों की निगरानी सुदृढ़ करने तथा व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होने तक वे चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर विचार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर स्थित आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम दो बाइकों पर सवार छह नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर चांदी के आभूषण व्यवसायी परसागढ़ के कसेरा टोली निवासी सालिग्राम साह के पुत्र सोनू कुमार सोनी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित व्यवसायी सोनू द्वारा बताया गया है कि व्यवसायी रसूलपुर बाजार से चांदी के जेवर की आपूर्ति कर बाइक से एकमा लौट रहे थे, तभी रेलवे ओवरब्रिज के बीचों-बीच अपराधियों ने घेर लिया।

अपराधियों ने उनके बैग में रखे लगभग 1,29,500 रुपए नकद, करीब दो से ढाई लाख रुपये मूल्य के चांदी के लगभग 4.200 किलोग्राम आभूषण, मोबाइल फोन एवं बाइक की चाबी लूट ली और महाराजगंज की दिशा में फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर एकमा थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध वारदात से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-144 से 146 -25-26 (खुली), दिनांक 17.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-144-25-26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में ट्रैक नवीनीकरण और रखरखाव गतिविधियों के संबंध में पी-वे और अन्य रेलवे सामग्री के परिवहन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.1,99,48,049/-, **बयाना राशि :** रु. 2,49,700/-, **क्रम सं.2, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-145-25-26, **कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/टीओपी के खंड में ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.81,80,879.18, **बयाना राशि :** रु. 1,63,600/-, **क्रम सं.3, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-146-25-26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/केएओ के खंड में ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.86,73,626.34, **बयाना राशि :** रु. 1,73,500/-, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 13.03.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-358/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### टी-20 वर्ल्डकप-साउथ अफ्रीका की लगातार चौथी जीत

# यूएई को छह विकेट से हराया

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के 34वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 6 विकेट से हरा दिया। टीम की इस वर्ल्डकप में लगातार चौथी जीत है। वहीं, यूएई की तीसरी हार है। साउथ अफ्रीका सुपर-8 में पहले ही पहुंच चुकी है और यूएई बाहर हो चुकी है। दोनों टीमों का यह आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला था। साउथ अफ्रीका ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। यूएई ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। 123 रन




के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 36, रयान रिकेल्टन ने 30, ऐडन मार्करम ने 28 और क्विंटन डी कॉक ने 14 रन बनाए। जेसन स्मिथ (3) और ट्रिस्टन स्टब्स (6) नाबाद रहें।

यूएई के लिए अलीशान शराफू ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मुहम्मद वसीम 22, ओपनर अर्यांश शर्मा ने 13 और मुहम्मद अरफान ने 11 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने 3 और एनरिक नॉर्त्या ने 2 विकेट लिए। जॉर्ज लिंडे को 1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### दोहा ओपन 2026

# अल्कारेज की शानदार शुरुआत, हार्ड-कोर्ट पर दर्ज की 150वीं जीत

**दोहा (एजेंसी)।** क्वाटर ओपन में विश्व नंबर-1 अल्कारेजने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के बाद अल्कारेज़ ने पहले दौर में फ्रांस के आर्थर को 6-4, 7-6 (5) से हराया। इस जीत के साथ 22 वर्षीय स्पेनिश स्टार ने टूर स्तर पर अपनी 150वीं हार्ड-कोर्ट जीत दर्ज की और 2026 सीजन में अपना रिकॉर्ड 8-0 कर लिया।



**संघर्षपूर्ण मुकाबला, टाई-ब्रेक में दिखाया दम-** दूसरे सेट में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। अल्कारेज़ को दो सेट प्वाइंट बचाने पड़े, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखते हुए टाई-ब्रेक में जीत हासिल की।

मैच के बाद अल्कारेज़ ने कहा, यह आसान नहीं था। आर्थर खतरनाक खिलाड़ी हैं। पहले राउंड में कोई भी उनके खिलाफ नहीं खेलना चाहता। मैं खुश हूं कि मुश्किल पलों में शांत और सकारात्मक रहा।

**आगे की राह- संभावित बड़े मुकाबले-** पिछले साल दोहा में क्वार्टरफाइनल में हारने वाले अल्कारेज़ इस बार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश में हैं। दूसरे दौर में उनका सामना फ्रांस के Valentin Royer से होगा। फाइनल में उनकी भिड़ंत दूसरे वरीय Jannik Sinner से हो सकती है, जो दोनों के बीच 17वां मुकाबला होगा। क्वार्टरफाइनल में उनका सामना 2024 चैंपियन Karen Khachanov से भी हो सकता है।

# 67 साल में जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में

### रणजी ट्रॉफी

**● बंगाल को 6 विकेट से हराया ● आकिब नबी ने 9 विकेट लिए, वहीं मोहम्मद शमी के 9 विकेट बेकार साबित हुए**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कल्याणी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जम्मू-कश्मीर ने दो बार की पूर्व चैंपियन बंगाल को 6 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जीत के लिए मिले 126 रनों के छोटे लक्ष्य को टीम ने चौथे दिन 34.4 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भले ही बंगाल यह सेमीफाइनल मुकाबला हार गया हो। लेकिन भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। शमी ने पहली पारी में 8 तो दूसरी पारी में 1 विकेट लिया। इस तरह उन्होंने पूरे मैच में कुल 9 विकेट झटके।

वंशज शर्मा ने 43 रन बनाए, जबकि आईपीएल स्टार अब्दुल समद 30 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत तक पहुंचाया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज आकीब नबी रहे, जिन्होंने मैच में कुल 9 विकेट लेकर बंगाल की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इसके अलावा उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान भी दिया।

### समद की आक्रामक बैटिंग और वंशज का छक्का

मैच के चौथे दिन जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 83 रनों की जरूरत थी और उनके 8 विकेट सुरक्षित थे। सुबह के सत्र में शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (9) जल्दी आउट हो गए, जिससे टीम पर दबाव बढ़ गया था। इसके बाद अब्दुल समद और 22 साल के युवा वंशज शर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 55 रनों की अटूट साझेदारी हुई। समद ने अपनी 27 गेंदों




की पारी में 3 छक्के और 1 चौका लगाकर बंगाल के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। मैच का अंत वंशज शर्मा ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शानदार छक्का लगाकर किया।

**बंगाल के इंटरनेशनल स्टार्स फेल रहे-** बंगाल की टीम में मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार और शाहबाज अहमद जैसे चार इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल थे। इसके बावजूद टीम दूसरी पारी में महज 99 रनों पर सिमट गई। बंगाल ने पहली पारी में 328 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 302 रन बनाए। दूसरी पारी में अकीब नबी की घातक गेंदबाजी के सामने बंगाल का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। आकाश दीप ने दूसरी पारी में 3 विकेट जरूर लिए, लेकिन वे हार नहीं टाल सके।

**1959 से सफर शुरू हुआ, 44 साल बाद मिली थी पहली जीत-** जम्मू-कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सीजन में रणजी ट्रॉफी खेलना शुरू किया था। शुरुआत में इस टीम को एक कमजोर टीम माना जाता था। टीम को अपनी पहली जीत दर्ज करने में ही 44 साल लग गए थे, जब 1982-83 में उन्होंने सर्विसेज को हराया था।

2013-14 में टीम पहली बार नॉकआउट दौर में पहुंची थी। इस सीजन में कोच अजय शर्मा और कप्तान पारस डोगरा के मार्गदर्शन में टीम ने मुंबई, राजस्थान, दिल्ली और हैदराबाद जैसी बड़ी टीमों को हराकर अपना लोहा मनवाया।

### अकीब नबी ने इस सीजन 55 विकेट लिए

तेज गेंदबाज अकीब नबी के लिए यह सीजन किसी सपने जैसा रहा है। क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ 12 विकेट लेने वाले नबी ने सेमीफाइनल में भी 9 विकेट चटकाए। इस सीजन में उनके कुल विकेटों की संख्या 55 हो गई है और उनका औसत 13 से भी कम का रहा है। गेंदबाजी के अलावा उन्होंने पहली पारी में 42 रनों का अहम योगदान भी दिया था। मैच के बाद नबी ने कहा, पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में चूक गए थे।

**कप्तान पारस डोगरा रणजी में 10 हजार बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज-** 41 साल के कप्तान पारस डोगरा ने मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी में अपने 10,000 रन पूरे किए। वे वसीम जाफर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। हिमाचल प्रदेश और पुडुचेरी से होते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंचे डोगरा ने पहली पारी में 58 रनों की जुझारू पारी खेली थी, जिसने जीत की नींव रखी।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दी बधाई

इस ऐतिहासिक जीत पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह खिलाड़ियों की मेहनत और कोचिंग स्टाफ के अनुशासन का नतीजा है। जम्मू-कश्मीर की टीम ने पिछले कुछ सालों में जबरदस्त सुधार किया है। मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हमारे खिलाड़ी भारतीय टीम में भी अहम भूमिका निभाते दिखेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कैसा रहा ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड

### वनडे के चैंपियन टी20 में हैं फिसड्डी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे क्रिकेट में 6 बार की विश्व विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा जगजाहिर है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में उनका रिकॉर्ड उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। वनडे के सुल्तान माने जाने वाले कंगारू इस छोटे फॉर्मेट में लंबे समय तक संघर्ष करते दिखे हैं। ऐसा लगता ही नहीं कि ये वही टीम है जिसने वनडे फॉर्मेट में पूरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखा है। टी20 फॉर्मेट आते ही वनडे के सुल्तान एक कमजोर टीम लगने लगती है।




### ऑस्ट्रेलिया का टी20 वर्ल्ड कप सफर

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक के सभी टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है, लेकिन उन्हें अपनी पहली और इकलौती ट्रॉफी के लिए 14 साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। किसी ने सोच तक नहीं था कि ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को इतना लंबा

| साल | मेजबान | ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन (स्टेज) |
|---|---|---|
| 2007 | साउथ अफ्रीका | सेमीफाइनल (भारत से हारकर बाहर) |
| 2009 | इंग्लैंड | ग्रुप स्टेज (पहले ही राउंड में बाहर) |
| 2010 | वेस्टइंडीज | रनर-अप (फाइनल में इंग्लैंड से हारे) |
| 2012 | श्रीलंका | सेमीफाइनल (वेस्टइंडीज से हारे) |
| 2014 | बांग्लादेश | सुपर-10 स्टेज (नॉकआउट तक नहीं पहुंचे) |
| 2016 | भारत | सुपर-10 स्टेज (भारत से हारकर बाहर) |
| 2021 | यूएई | विजेता - पहली बार खिताब जीता |
| 2022 | ऑस्ट्रेलिया | सुपर-12 स्टेज (डिफेंडिंग चैंपियन होकर भी बाहर) |
| 2024 | वेस्टइंडीज | सुपर 8 राउंड (भारत ने किया बाहर) |
| 2026 | भारत/श्रीलंका | ग्रुप स्टेज (श्रीलंका से हारकर बाहर) |

इंतजार करना पड़ेगा। बात करें मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के बारे में तो ऑस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप स्टेड से ही बाहर हो गई। किसी ने सोचा तक नहीं होगा कि उन्हें जिम्बाब्वे जैसी छोटी टीम के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ेगा।

**ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 में साल 2021 रहा सबसे सफल-** 2021 का वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया के लिए अपवाद रहा। एरोन फिंच की कप्तानी में टीम ने दुबई में मिचेल मार्श और एडम जाम्पा के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड को हराकर अपना पहला टी20 खिताब जीता।

### ऑस्ट्रेलिया को क्यों कहलाते हैं टी20 में फिसड्डी?

ऑस्ट्रेलिया के फिसड्डी कहलाने के पीछे कुछ ठोस कारण रहे हैं। जहां ऑस्ट्रेलिया वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट में हमेशा पहुंचता है, वहीं टी20 वर्ल्ड कप में वे 2009, 2014, 2016, 2022, 2024 और अब 2026 में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सके। एशियाई पिचों (भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश) पर आयोजित टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। उनके खिलाड़ी स्पिनर्स के खिलाफ काफी परेशानी में दिखते हैं। टी20 फॉर्मेट शुरू होने के 14 साल बाद ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपनी पहली ट्रॉफी जीती, जबकि भारत, वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और इंग्लैंड जैसे देश पहले ही इस पर कब्जा जमा चुके थे।

# विराट से तुलना करना बंद करो...

**● बाबर आजम के घटिया शॉट पर भड़का भारतीय दिग्गज, कर डाली ये मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान की बल्लेबाजी ने भारतीय गेंदबाजों के सामने पूरी तरह सरेंडर कर दिया था। पाकिस्तान की टीम 176 रन के टारगेट का पीछा करते हुए महज 114 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई थी और 61 रन से मुकाबला हार गई थी।एक समय था जब पाकिस्तान के 13 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। उस वक्त पाकिस्तान के लिए क्रीज पर उनके स्टार खिलाड़ी बाबर आजम मौजूद थे, जिनपर पाकिस्तानी फैंस को भरोसा था कि वो वहां से मैच जितवा सकते हैं।




लेकिन बाबर आजम ने अक्षर पटेल के खिलाफ घुटना टेका और बड़ी हिट लगाने की कोशिश की। वह गेंद को पूरी तरह से मिस कर गए और शर्मनाक तरीके से बोल्ड हो गए। बाबर 7 गेंद में 5 रन बनाकर आउट हो गए और अपनी टीम को और मुश्किल में डाल गए। इसपर अब भारत के पूर्व खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने बाबर की आलोचना की है।

**दिनेश कार्तिक ने की बाबर आजम की आलोचना-** दिनेश कार्तिक ने क्रिकबज पर कहा, लंबे समय से एक तुलना जो होती आ रही है और मुझे सही नहीं लगती। विराट कोहली और बाबर आजम। मैं कल्पना नहीं कर सकता कि विराट कोहली पारी की शुरुआत में ऐसा शॉट खेलेंगे। यह समर्पण है। यह खुद पर भरोसा नहीं है कि आप टीम को जिता सकते हैं या अपनी टीम को जीत के करीब ले जा सकते हैं। बाबर आजम का स्लॉग करना दिखाता है कि वह रन रेट के साथ चलना चाहते थे। यह वह आमतौर पर नहीं करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, यह दबाव को एब्जॉर्ब करना ही महानता की पहचान है। हर गेम आसान नहीं हो सकती। जहां आप आते हैं और कुछ शॉट खेलते हैं। जब मैं बाबर आजम को देखता हूं। मुझे महसूस होता है कि वो बिलीफ या दृढ़ विश्वास नहीं है। वो दुनिया के बेस्ट बल्लेबाज होने के आसपास भी नहीं हैं। मुझे लगता है कि मौजूदा समय में अभिषेक शर्मा बेस्ट हैं।

# भारत का परच, 43 मेडल के साथ पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बना नंबर 1

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने दुबई 2026 ग्रां प्री - 17वीं फाज़ा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदकों के साथ पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 16 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए।

कोलंबिया और केन्या ने 20-20 पदक जीते, जिनमें क्रमशः 11 और 6 स्वर्ण पदक शामिल रहे। मेज़बान यूएई 31 पदकों (6 स्वर्ण) के साथ चौथे स्थान पर रहा। यह सीजन का पहला वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री था। भारत के लिए यह प्रदर्शन खास रहा क्योंकि अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होना है। ऐसे में भारतीय एथलीटों ने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की।




दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने पुरुषों की जेवलिन F64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की। वहीं पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप (जेवलिन एफ41) और धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो एफ51) ने भी गोल्ड जीतकर सीजन की बेहतरीन शुरुआत की।

पेरिस 2024 पैरालंपिक्स की डबल ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 में स्वर्ण और 200 मीटर टी35 में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य अपना पर्सनल बेस्ट सुधारना और भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा गोल्ड जीतना है। यह तो बस शुरुआत है।

भाग्यश्री एम. जाधव ने महिलाओं की शॉट पुट और जेवलिन एफ34 में भावनात्मक जीत दर्ज कर शानदार वापसी की।

# खिलाड़ी करते रहे सड़क पर इंतजार

### नहीं मिला ऑस्ट्रेलिया में होटल, अब पाकिस्तान में छिड़ गया नया बवाल




**सिडनी (एजेंसी)।** पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया में होटल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) द्वारा दिए जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में आ गया है। पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले पीएचएफ न खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर रुकने या खाने का कोई इंतजाम नहीं किया था जिससे पीएचएफ और पीएसबी की काफी आलोचना हो रही थी।

**पाकिस्तान हॉकी में हुआ विवाद-** एफआईएच प्रो लीग के लिए कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटल नहीं था क्योंकि पीएचएफ ने भुगतान नहीं किया था। लाहौर से आस्ट्रेलिया का 24 घंटे का सफर तय करने के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ चार सितारा होटल पहुंचे जहां उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं है।

**खिलाड़ियों को करना पड़ा लंबा इंजतार-** खिलाड़ियों को अपने लगैज के साथ कैनबरा में होटल के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ा जिसके बाद कैनबरा में रहने वाले पाकिस्तानियों ने सस्ते एयरबीएनबी होटल का इंतजाम किया। अगले दिन पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच हार गया।

**खेल विभाग ने दिए सबूत-** पीएसबी ने अब पीएचएफ को 28 जनवरी को होटल के इंतजाम के लिए किए गए एक करोड़ और पांच लाख रूपए के चेक की फोटोकॉपी जारी कर दी है। इससे साबित होता है कि पीएसबी ने एयर टिकट और होटल के अलावा दैनिक भत्ते का भी भुगतान कर दिया था।

### वॉशरूम साफ किए, खुद बर्तन धोए और.., पाक हाकी टीम की ऑस्ट्रेलिया में बेइज्जती, कप्तान ने बताई आपबीती

पाकिस्तान की नेशनल हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टीम के साथ हुए दुर्व्यवहार और खराब मैनेजमेंट को लेकर सनसनीखेज खुलासे किए हैं। लाहौर हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कप्तान ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ ) पर मानसिक प्रताड़ना और खिलाड़ियों को मजदूरों की तरह रखने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके इन आरोपों ने पाकिस्तान में तहलका मचा दिया है।कप्तान अम्माद बट ने ऑस्ट्रेलिया से आ रही उन सभी खबरों की पुष्टि की, जिनमें कहा गया था कि टीम को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं दी गई। उन्होंने बताया



कि खिलाड़ियों को मैदान पर उतरने से पहले किचन की सफाई, बर्तन धोना और यहां तक कि टॉयलेट रगड़ने के लिए मजबूर किया गया। टीम को बताया गया कि उन्हें अपने तीन वक्त का खाना महज 115 डॉलर के दैनिक भत्ते में मैनेज करना होगा। अम्माद ने कहा कि मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों को मानसिक रोगी बना दिया है। फेडरेशन ने टीम को बांटने की कोशिश की अम्माद बट ने आरोप लगाया कि पीएचएफ ने टीम में फूट डालने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग के पिता की माफी पर साहिल की मां का दर्द छलका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के द्वारका में हुए भीषण सड़क हादसे में 23 वर्षीय साहिल की मौत के बाद उनके परिवार की दुनिया उजड़ गई। साहिल की मां इन्ना माकन का कहना है कि उनका यह दर्द कभी कम नहीं होगा। 3 फरवरी को हुई इस हिट एंड रन की घटना में साहिल की बाइक को स्कॉर्पियो चला रहे नाबालिग ने उड़ा दिया था। घटना को लेकर अब आरोपी के पिता ने माफी मांगी है, लेकिन साहिल की मां ने माफी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि सॉरी कह देने से मेरी दुनिया वापस नहीं आएगी। दरअसल, नाबालिग आरोपी के पिता ने मीडिया से बातचीत में घटना पर गहरा दुख जताते हुए माफी मांगी थी। आरोपी के पिता के माफीनामे पर साहिल की मां इन्ना का कहना है, वह किस बात की माफी मांग रहे हैं? मेरी जिंदगी खत्म करने की? क्या अगर यह उनके बच्चे के साथ होता तो... सिर्फ 'सॉरी' कह देने से कुछ नहीं होता। 'सॉरी' मेरी दुनिया वापस नहीं ला सकती। इन्ना माकन ने बताया कि साहिल ही उनकी जिंदगी था। मेरे पति का निधन 2018 में हो गया था और तब से मैंने अकेले ही बेटे की परवरिश की। साहिल जल्द ही पोस्टग्रेजुएशन के लिए ब्रिटेन जाने वाला था। मां ने कहा कि अब उनके जीवन में न सुबह बची है, न शाम, न काम पर जाने की वजह और न ही जागने की कोई वजह। दरअसल, द्वारका हादसे को लेकर एक वीडियो ने मामले को और तूल दे दिया है। आरोप है कि घटना के समय कार में बैठी आरोपी की बहन वीडियो शूट कर रही थी। हालांकि आरोपी के पिता ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनकी बेटी केवल तस्वीरें और वीडियो ले रही थी, कोई रील नहीं बना रही थी। गौरतलब है कि आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के निर्देश पर सुधार गृह भेजा गया था। बाद में उसे कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए रिहा कर दिया गया।

### नई दिल्ली में बेटे को बचाने पहुंचे पिता की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली के नंद नगरी इलाके में मंगलवार शाम 15 वर्षीय किशोर से मारपीट के बाद उसे बचाने पहुंचे उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 35 वर्षीय मोहम्मद उमरदीन अपने परिवार के साथ नंद नगरी इलाके में रहता है। इनके परिवार में पिता अब्दुल रशीद के अलावा दो भाई, पत्नी राबिया, चार बेटी व एक बड़ा बेटा तहजीम है। तहजीम दसवीं कक्षा में पढ़ता है। उसके फिलहाल पेपर चल रहे हैं। वह बी-2 ब्लॉक में ट्यूशन पढ़ता है। मंगलवार शाम को छात्र तहजीम शाम को पढ़ाई के बाद घर लौट रहा था। ए-2 ब्लॉक स्थित बड़े स्कूल के पास उसने देखा कि कुछ लड़के उसके तीन दोस्तों की पिटाई कर रहे हैं। तहजीम को देखते ही आरोपियों ने उसे भी पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। घबराए किशोर ने तुरंत अपने पिता मोहम्मद उमरदीन को फोन कर मौके पर बुला लिया। सूचना मिलते ही उमरदीन अपनी पत्नी राबिया के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और पहले हवा में कई राउंड फायर किए। आरोपियों ने इसी दौरान उमरदीन के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़े।

### हाईवे पर 30 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं, 4 की मौत व 29 घायल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य में मंगलवार को आई धूल भरी भीषण आंधी ने जानलेवा हादसे को जन्म दिया। तेज हवाओं के कारण उड़ती धूल से दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जिसके चलते पुएब्लो के दक्षिण में इंटरस्टेट-25 पर 30 से अधिक वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। कोलोराडो स्टेट पेट्रोल के अनुसार, यह हादसा पूर्वाह्न लगभग 10 बजे हुआ, जब अचानक तेज हवाओं के साथ धूल का गुबार उठ खड़ा हुआ। वाहन चालकों को सड़क पर आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे एक के बाद एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते चले गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट**

# मौसम का यू-टर्न, कुछ जगहों पर बूंदाबांदी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आज फिर एक बार मौसम ने करवट ली है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुधवार सुबह कई इलाकों में बूंदाबादी देखने को मिली। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को राजधानी में आज बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय कई स्थानों पर हल्की बारिश तथा दोपहर में गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश के आसार हैं। यही नहीं हवा की गति भी 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटा रह सकती है। शाम को भी हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में जहां मंगलवार की अपेक्षा थोड़ी कमी का अनुमान है, वहीं न्यूनतम तापमान में बढोतरी हो सकती है।

मौसम विभाग ने बुधवार को अलग अलग समयों पर दक्षिणी और दक्षिणी पूर्वी हवा चलने की संभावना जताई है। इस बीच अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय हवा कमजोर है। एक पश्चिमी विक्षोभ बुधवार को सक्रिय होगा जिससे मौसम में बदलाव होगा। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को दिन भर हल्के बादल छाए रहे। दोपहर में धूप तेज हो गई और बादल भी छंट गए। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। हालांकि यह सोमवार की अपेक्षा कम था। मौसम विभाग ने सोमवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन बताया।



### प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार

वहीं दिल्ली के लोगों को अभी प्रदूषित हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। हालांकि मंगलवार को प्रदूषण के स्तर में सोमवार की अपेक्षा मामूली सुधार देखा गया। सोमवार को दिल्ली के सोलह निगरानी केन्द्रों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर यानी बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई थी वहीं मंगलवार को शाम 6 बजे यह 7 जगहों पर बहुत खराब श्रेणी में थी। सीपीसीबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को कम दर्ज किया गया। सोमवार को यह 261 पर था लेकिन मंगलवार को यह 249 दर्ज किया गया। हालांकि रविवार को यह सूचकांक 216 के अंक पर रहा था। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। जबकि, दिल्ली-एनसीआर की हवा में मंगलवार की शाम 5 बजे पीएम 10 का औसत स्तर 224.3 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 102.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। हवा में मानकों से लगभग दो गुना ज्यादा प्रदूषक मौजूद है।

# सुभाष चंद्र बोस मार्ग के सर्विस रोड पर बनेंगे 33 नए एंट्री-एग्जिट

**12 कट होंगे बंद, 20 प्रतिशत सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में मेट्रो निर्माण को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र मार्ग पर मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से लेकर हीरो होंडा चौक तक यातायात को सुगम करने की तैयारी की जा रही है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और ट्रैफिक पुलिस की तरफ से किए गए संयुक्त सर्वे में यह फैसला हुआ है। इसके लिए सर्विस रोड पर एक तरफ जहां 33 नए एंट्री-एग्जिट बनाए जाएंगे, वहीं 12 कट बंद भी किए जाएंगे।

इस सर्वे को जमीनी स्तर पर 15 दिन के अंदर लागू करने का आग्रह गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) से किया है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो परियोजना के तहत पहले चरण में करीब 15.5 किमी लंबे मेट्रो मार्ग के निर्माण को लेकर जीएमआरएल ने एक कंपनी को ठेका आवंटित किया है। इसमें साढ़े सात किमी लंबाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग पर मेट्रो चलनी है। मेट्रो निर्माण को लेकर जीएमआरएल ने करीब 20 प्रतिशत सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी है। मेट्रो निर्माण के दौरान ट्रैफिक जाम से निपटने को लेकर जीएमडीए और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्वे किया था।



इस सड़क पर 12 सेक्टर हैं। इनमें सेक्टर-33, 34, 38 से 41, 44 से 48 और 72ए शामिल हैं। सर्वे में पाया गया कि आसपास लगते सेक्टर और गांवों से 12 कट सीधे आकर मुख्य सड़क पर मिल रहे हैं। इस वजह से यातायात की गति धीमी हो जाती है।

सेक्टर-44 में जीएमडीए कार्यालय के पास, सेक्टर-46 स्थित ग्रीनवुड सिटी, सेक्टर-39 में यूनिटैक साइबर पार्क, सेक्टर-46 में साइबर पार्क के सामने, गांव झाड़सा में तीन कट को बंद किया जाएगा। सेक्टर-39 के सामने मुख्य सड़क के डिवाइडर को बंद किया जाएगा। सेक्टर-47 में पेट्रोल के पास स्टेट विजिलेंस से आ रही सड़कें निकास को बंद करके सर्विस रोड पर निकास बनाया जाएगा।

अमित गोदारा, कार्यकारी अभियंता, जीएमडीए, नेताजी सुभाष चंद्र मार्ग पर मुख्य सड़क की एक-एक लेन की बैरिकेडिंग की जा रही है। सर्विस रोड पर 33 नई प्रवेश और निकासी बनाने और 12 कट को बंद करने के लिए जीएमआरएल से आग्रह किया है। वहीं, गुरुग्राम में ही नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने मंगलवार दोपहर को साउथ सिटी एक कॉलोनी की सड़कों पर अवैध रूप से लगे गेटों को तोड़ दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में इन गेटों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। साउथ सिटी एक की सड़कों पर अवैध रूप से गेट लगे होने की शिकायत सीएम विंडो पर की गई थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि यह गेट दिन-रात बंद रहते हैं।

**जर्जर हो चुके शेल्टर का नवीनीकरण कराया जाएगा**

# ग्रेनो के बस स्टैंडों की बदलेगी सूरत; कैमरों से निगरानी, वेस्ट में बनेगा नया डिपो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों और मुख्य मार्गों पर स्थित बस स्टैंड यानी शेल्टर को संवारा जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मरम्मत कराने के साथ ही ज्यादा जर्जर हो चुके शेल्टर का नवीनीकरण कराया जाएगा। हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह कार्य बिल्ड-ऑपरेट- ट्रांसफर (बीओटी) आधार पर कराया जाएगा। प्राधिकरण ने रुचि की अभिव्यक्ति (आरएफपी) जारी कंपनियों से आवेदन मांगा है।

इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारी ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट इलाके में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के तहत




इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारी चल रही है। रूट का निर्धारण करने सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। बस सेवा शुरू किए जाने से पहले शहर में स्थित बस स्टैंड की मरम्मत कराई जाएगी। दरअसल वर्षों पहले बने ज्यादातर बस स्टैंड रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। कुछ की छत गायब होने के साथ ढांचा भी टूट चुका है। प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि बस स्टैंड के नवीनीकरण का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से बस स्टैंड पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस बस स्टैंड व उसके आसपास होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखने में मदद मिलेगी। सेफ सिटी परियोजना के तहत शहर में 2700 से अधिक कैमरे लगाने की तैयारी भी चल रही है।

### प्लॉट खरीदने का मौका, होली से पहले जीडीए की बड़ी नीलामी

***नई दिल्ली, एजेंसी।*** *होली से पहले दिल्ली और नोएडा से सटे क्षेत्रों में संपत्ति खरीदने का मौका है। जीडीए 20 फरवरी को इंदिरापुरम, कौशांबी, वैशाली योजना में रिक्त पड़े करीब 77 प्लॉटों को बेचेगा। लोग इसे बोली लगाकर खरीद सकेंगे। इसके लिए बुधवार को आवेदन फार्म भरने का अंतिम दिन है। गाजियाबाद में दिल्ली और नोएडा से सटे क्षेत्र में भूखंडों की मांग अधिक होती है। ऐसे में इस बार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी 20 फरवरी को होने वाली नीलामी में इसी क्षेत्र को प्राथमिकता दी है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इस बार इंदिरापुरम और इंदिरापुरम विस्तार योजना में आवासीय, व्यावसायिक और ग्रुप हाउसिंग के भूखंड शामिल हैं। इसके अलावा प्राइमरी स्कूल भूखंड, हायर सेकेंडरी स्कूल भूखंड, हेल्थ सेंटर भूखंड भी इस बार शामिल किया गया है। अधिकारी बताते हैं कि नीलामी में शामिल होने वाले लोग बुधवार को ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जो आवेदन करेगा, वही इस नीलामी में शामिल होकर बोली लगा सकेगा। इंदिरापुरम योजना में 28 व्यावसायिक भूखंड शामिल किए गए हैं। इसके अलावा इंदिरापुरम विस्तार योजना में 27 आवासीय भूखंडों को नीलामी प्रक्रिया में जगह दी गई है।*

# अमेरिकी पैनल में खुलासा: भारत-चीन टकराव खत्म नहीं...सिर्फ़ ठंडा पड़ा, तिब्बत को लेकर दी चेतावनी

**नियंत्रण रेखा पर सैनिकों के आंशिक पीछे हटने से तत्काल तनाव जरूर घटा है**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक संसदीय आयोग के सामने पेश हुए शीर्ष अमेरिकी और भारतीय विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत और चीन के बीच हालिया कूटनीतिक नरमी के बावजूद दोनों देशों की प्रतिद्वंद्विता संरचनात्मक बनी हुई है और भविष्य में भी यह टकराव का रूप ले सकती है। यूएस-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग के समक्ष गवाही देते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि अक्टूबर 2024 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों के आंशिक पीछे हटने से तत्काल तनाव जरूर घटा है, लेकिन शक्ति संतुलन में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया। रणनीतिक विश्लेषकसमीर लालवानी ने आयोग को बताया कि अनिश्चितताओं के बावजूद भारत चीन को एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में ही देखता रहेगा। उनके अनुसार, सीमा आज भी अत्यधिक सैन्यीकृत है और सैन्य संतुलन चीन के पक्ष में झुका हुआ है।

उन्होंने चेतावनी दी कि तिब्बत में



चीन का लगातार बढ़ता बुनियादी ढांचा और किसी संभावित दलाई लामा उत्तराधिकार संकट जैसी राजनीतिक घटना बड़े सैन्य संघर्ष में बदल सकती है। किंग्स इंस्टीट्यूशन की विशेषज्ञ तन्वी मदान ने इसे रणनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि सामरिक नरमी करार दिया। उन्होंने कहा कि 2020 के गलवान संघर्ष के बाद भारत में चीन को लेकर भरोसा लगभग खत्म हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत की चिंता अब सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं है। चीन की दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती नौसैनिक और आर्थिक मौजूदगी ने नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं को कई गुना बढ़ा दिया है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की सौम्या भौमिक ने कहा कि पड़ोसी देशों में चीन का प्रभाव भारत के लिए अभूतपूर्व रणनीतिक चुनौती बन चुका है।आर्थिक मोर्चे पर विशेषज्ञों ने भारत की चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता को गंभीर जोखिम बताया। चंद्रेश हरजीवन ने कहा कि दवाइयों और कच्चे रसायनों के मामले में चीन की भूमिका इतनी बड़ी है कि इससे अमेरिका की स्वास्थ्य सुरक्षा भी अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

# जिनेवा वार्ता से पहले रूस का भीषण हमला, यूक्रेन पर 29 मिसाइलें और 400 ड्रोन दागे

**मास्को, एजेंसी।** यक्रन के राष्टपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने जिनेवा में होने वाली अहम त्रिपक्षीय वार्ता से ठीक पहले यूक्रेन पर एक भीषण और सुनियोजित हमला किया। इस हमले में रूस ने 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे। जेलेंस्की के अनुसार, यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 29 में से 25 मिसाइलों को मार गिराया, जिसे उन्होंने एक बड़ी सफलता बताया। इसके बावजूद हमलों में बच्चों समेत नौ लोग घायल हुए हैं और कई रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा है।राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में कहा कि जिनेवा में नए कूटनीतिक प्रारूप शुरू होने के दिन ही हमला करना रूस की असल मंशा को उजागर करता है। यूक्रेन शांति चाहता है और युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को तैयार है, लेकिन रूस का व्यवहार इसके विपरीत है। उन्होंने यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से आग्रह किया कि वह जिनेवा में अमेरिकी प्रतिनिधियों के सामने इस हमले का मुद्दा मजबूती से उठाए, खासकर तब जब अमेरिका ने दोनों पक्षों से हमले रोकने का प्रस्ताव रखा था। इस बीच, रूस के हमलों से ओडेसा शहर में हालात और बिगड़ गए हैं। ड्रोन हमलों के कारण हजारों लोग पानी और हीटिंग सप्लाई से वंचित हो गए हैं। करीब 10 से



अधिक रिहायशी इमारतें और रेलवे ढांचा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जेलेंस्की ने कहा कि कुल 12 यूक्रेनी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया और यह हमला खास तौर पर देश के ऊर्जा ढांचे को तबाह करने के उद्देश्य से किया गया।

# पाकिस्तान में सरकारी इशारे पर चल रहे 'डेथ स्क्वॉड्स'!




**● बलूचिस्तान में बढ़ी हत्याएं, युवा कारीगर के मर्डर पर बढ़ा बवाल**

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कथित राज्य-समर्थित हिंसा के नए आरोप सामने आए हैं। बीवाईसी ने दावा किया है कि टंप क्षेत्र के 23 वर्षीय युवक की सशस्त्र समूह ने गोली मारकर हत्या कर दी, जो कथित तौर पर आधिकारिक संरक्षण में काम करता है। बीवाईसी के अनुसार, मृतक की पहचान फराज़, पुत्र बहादुर, निवासी कोशकलात (टंप) के रूप में हुई है। समिति का आरोप है कि स्थानीय लोग ऐसे सशस्त्र गिरोहों को डेथ स्क्वॉड कहते हैं, जो असहमति दबाने और युवा बलूच पुरुषों को डराने के लिए सक्रिय हैं। संगठन ने कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण ये नेटवर्क बेखौफ होकर काम कर रहे हैं।

बीवाईसी ने फराज़ को एक कुशल कढ़ाई कारीगर बताया, जो अपने परिवार की आजीविका चलाता था। समिति के मुताबिक, उसकी हत्या नागरिकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का खतरनाक संकेत है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने पहले भी जबरन गुमशुदगी और न्यायेतर कार्रवाइयों के बढ़ते मामलों पर चेतावनी दी है।इसी बीच, पांजगुर जिले में भी शव मिलने की खबरें हैं। मार्ग पर पांजगुर गैस प्लांट के पास एक शव मिला, जिसे पहचान के लिए अस्पताल भेजा गया। इससे पहले शापाटन इलाके से बरामद दो शवों की पहचान जंगियान (पुत्र अब्दुल रशीद) और सईद (पुत्र मोलादाद) के रूप में हुई।

संकलित रिपोर्टों में इस वर्ष कई कथित न्यायेतर हत्याओं का उल्लेख है जैसे करीम जान, जासिम जान, पज़ीर बलोच, नवाब अब्दुल्ला और जंगियान बलोच। जनवरी में जोहैब का शव भी मिला था, जो पहले लापता बताया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कहा भयमुक्त वातावरण बनाना पुलिस का कर्तव्य

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 6 थाना में आज पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना में दर्ज विभिन्न प्राथमिकी और उनसे संबंधित अनुसंधान दस्तावेजों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में केस डायरी, लंबित



मामलों की स्थिति, गिरफ्तारी की प्रगति तथा अनुसंधान की गुणवत्ता की विस्तार से जांच की गई। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साक्ष्य संधारण और समयबद्ध कार्रवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी ने बताया कि नए अनुसंधानकताओं को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की प्रक्रिया में पारदर्शिता, सटीकता और तत्परता बेहद जरूरी है। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने तथा अनुसंधान में अनावश्यक देरी नहीं होने देने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने, गश्ती व्यवस्था मजबूत करने और सूचना तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर दिया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने जे.ई.ई. मेन्स में लहराया परचम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो द्वादश के तीन भैया ने जे.ई.ई. मेन्स में 96 परसेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है । इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव एवं सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं आगे भी अच्छा करने के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह





एवं कृष्णा राय ने भी शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि कक्षा द्वादश के रॉकी कुमार, चंदन कुमार एवं अनुभव सिंह ने 96 परसेंटाइल से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। सभी बालक प्रारंभ से ही होनहार रहे हैं । कक्षा दशम में भी इन तीनों का विद्यालय में अच्छा स्थान रहा है । विद्यालय इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है । इन सभी के अभिभावकों ने भी अपने बालकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ईश्वर के आशीर्वाद एवं विद्यालय के आचार्य , दीदी जी के अथक परिश्रम और मार्गदर्शन के द्वारा ही हमारे बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। हम सभी अपने बालकों के इस प्रदर्शन से काफी खुश हैं।

### लीला जानकी के नित्यम एवं सुहानी ने जेईई मेंस निकालकर क्षेत्र का मान बढाया है

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला स्थित पेटरवार लीला जानकी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा पहले प्रयास में



ही पास कर नित्यम अग्रवाल और सुहानी सिंह ने स्कूल और परिवार का मान सम्मान बढ़ाया है। दोनों बच्चों की सफलता से पूरे पेटरवार में खुशी का माहौल है। पेटरवार के एक साधारण परिवार के होनहार छात्र नित्यम अग्रवाल ने 98.8 प्रतिशत और सुहानी सिंह 96.31 प्रतिशत जेईई मेंस की परीक्षा में अंक पहली बार ही प्राप्त कर पेटरवार का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली लोगों ने बधाइयां देना शुरू कर दिया। नित्यम और सुहानी की प्रारंभिक शिक्षा लीला जानकी पब्लिक स्कूल पेटरवार से कक्षा 1 से 10 तक प्राप्त किया। बच्चों की सफलता पर जैसे ही शिक्षकों की जानकारी हुई शिक्षकों ने बधाइयां देना शुरू कर दिया। वहीं विधालय के निर्देशक नीरज सिन्हा ने बच्चों को इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनायें दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सैकड़ों लीटर महुआ शराब जब्त, 1000 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को बलियापुर थाना क्षेत्र के परेशानियां जोगनकोचा में अवैध महुआ शराब चुआई स्थल पर छापेमारी कर 400 लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया, जबकि 1000 किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया। उत्पाद पुलिस निरीक्षक जॉय हेंब्रम ने कहा कि निगम चुनाव को लेकर विशेष अभियान



चलाया जाय रहा है। सूचना मिली थी कि जोग्नकोचा में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब की बड़े पैमाने पर चुआई की जा रही है। जिसपर एक टीम बनाकर छापेमारी की गई। जिसमें 400 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया, जबकि 1000 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही चार भट्ठी को भी नष्ट किया गया। जानकारी मिली कि दुखन रवानी और मनोज रवानी के द्वारा भट्ठी का संचालन किया जा रहा था। मामले में विधि संगत धारा के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### एक दर्जन से अधिक दुकानें जलकर खाक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित स्टील गेट सब्जी बाजार में देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते 12 से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में राशन, पूजा सामग्री, सब्जी और अन्य कई दुकानें और उनमें रखा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम एक-एक कार चार दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक सह मेयर पद के प्रत्याशी संजीव सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। बता दें कि यहां हुई अगलगी की यह घटना कोई पहली घटना नही है, इससे पूर्व भी कई बार यहां इस तरह की अगलगी की घटना घट चुकी है, जिससे स्थानीय दुकानदारों को भारी नुकसान का सामना उठाना पड़ रहा है।

# डीईओ सह डीसी ने वज्रगृह, मतगणना केंद्र व डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने चास बाजार समिति स्थित रिसिविंग सेंटर, वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र में संचालित तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण कर समीक्षा किया । उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, लॉजिस्टिक, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रवेश-निकास मार्ग, सीसीटीवी निगरानी एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।



**बैरिकेटिंग, टेबल व्यवस्था एवं कर्मियों के लिए सुविधाओं पर विशेष जोर**

डीईओ सह डीसी ने मतगणना केंद्र में बैरिकेटिंग की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने, मतगणना टेबल की संख्या निर्धारित मानक के अनुरूप रखने तथा प्रत्येक टेबल के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना हॉल में पार्टिशन को कपड़े से सुव्यवस्थित ढंग से ढंकने एवं अभ्यर्थियों/एजेंटों के लिए निर्धारित स्थान सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त मतदान एवं मतगणना कर्मियों के लिए अल्पाहार, पेयजल एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कार्य की निरंतरता एवं दक्षता बनाए रखना आवश्यक है।

**मीडिया सेंटर एवं मेडिकल सेंटर की समुचित व्यवस्था के निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर स्थापित करने हेतु स्थान चिन्हित कर पंडाल निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम, विद्युत बैकअप एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। मेडिकल सेंटर के लिए भी अलग स्थान चिन्हित कर प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण, सामग्री तैयारियों की समीक्षा**

सेक्टर 08-बी स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का भी डीईओ सह डीसी ने निरीक्षण किया। यहां मतपत्र - मतपेटिका कोषांग सामग्री आदि की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित भंडारण की व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सामग्री का संधारण निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा डिस्पैच की प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हो।

**मतपत्र विखंडीकरण एवं सामग्री पैकेट निर्माण कार्यों की प्रगति की जांच**

निरीक्षण के दौरान मतपत्र विखंडीकरण कार्य एवं मतदान कर्मियों के लिए सामग्री पैकेट तैयार करने की प्रक्रिया का भी जायजा लिया गया। डीईओ सह डीसी ने कार्य में संलग्न कर्मियों को सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामग्री पैकेट की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। निरीक्षण के दौरान डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल डांढा, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. सफीक आलम, डीटीओ मारुति मिंज, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय सीमा, पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हों।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया प्रशिक्षण केंद्र का दौरा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो ने श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने पदाधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के टिप्स दिए। साथ ही पूर्वाह्न 7 बजे से मतदान शुरू कराने को कहा। उन्होंने मतदान पदाधिकारियों से मतपेटिका को सील करने के तरीके, शाम 5 बजे के पश्चात मतदाताओं की लाइन रहने पर टोकन देने के तरीके, तृतीय एवं चतुर्थ मतदान पदाधिकारी के कार्य, मतदाता को अमिट स्याही लगाने आदि की जानकारी ली। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में मतदान केंद्रों के लिए गठित पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण जारी है। धनबाद नगर निगम के सभी 55 वार्ड के लिए कुल 1075



पोलिंग पार्टी तथा चिरकुंडा नगर परिषद के लिए कुल 50 पोलिंग पार्टी बनाई गई है। प्रतिदिन 10 कमरों में संचालित प्रशिक्षण में 1200 मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण के बेहतर संचालन में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, उमेश लाल, संतोष कुमार, रामलखन कुमार, दयामय गोराई, मदन प्रसाद नायक, बृजभूषण पाण्डेय, ब्रज किशोर चौबे आदि तत्पर रहे।

## दामोदर क्षेत्र में अवैध बालू खनन पर सख्ती, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**अतिक्रमण और अवैध उत्खनन रोकने को उच्च स्तरीय समिति गठित, 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के भतुआ स्थित दामोदर क्षेत्र में अतिक्रमण तथा बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध बालू जब्त की गई है।



**पूर्व में भी मिली थी अवैध खनन और अतिक्रमण की शिकायत**

16 फरवरी 2026 को प्राप्त प्रतिवेदन में क्षेत्र में अवैध खनन और अतिक्रमण की पुष्टि की गई थी। इससे पूर्व 10 जनवरी 2026 को वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो द्वारा भी ग्राम-भतुआ स्थित बी.एस.एल. अधिग्रहित भूमि पर अवैध उत्खनन एवं परिवहन की सूचना दी गई थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया।

**उपायुक्त ने उच्च स्तरीय समिति का किया गठन**

इस संबंध में उपायुक्त अजय नाथ झा ने की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति में निदेशक डी.पी.एल.आर, अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, बी.एस. सिटी तथा बी.एस.एल. प्रबंधन द्वारा नामित सदस्य को शामिल किया गया है।

**15 दिनों में देनी होगी प्रगति रिपोर्ट**

समिति को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाकर अवैध खनन और अतिक्रमण पर रोक लगाई जाए। साथ ही प्रत्येक 15 दिनों के भीतर प्रगति प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।

**समाहरणालय में उपायुक्त ने किया समीक्षा बैठक**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, निदेशक डी.पी.एल.आर. मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, बी.एस.एल. के मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं कुंदन कुमार, महाप्रबंधक ए के सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर पंचायत क्षेत्र की वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने, संयुक्त छापेमारी तेज करने तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और अतिक्रमण के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## झारखंड को विकसित राज्य बनाने को भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का जीतना आवश्यक : अरुण सिंह





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक गहमागहमी तेज हो गई है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह चास पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान अरुण सिंह ने पार्टी कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए भाजपा समर्थित महापौर पद के उम्मीदवार अविनाश कुमार की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम में भाजपा की जीत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाने और अधिक से अधिक मतदाताओं तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने की अपील की गई। मीडिया से बातचीत करते हुए अरुण सिंह ने राज्य सरकार पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर बैलेट पेपर से मतदान करा रही है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध पर भी चिंता जताई और कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। अरुण सिंह ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण और सरकार को आईना दिखाने के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी की जीत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो विकास कार्य हो रहे हैं, उन्हें स्थानीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए निगम में भाजपा समर्थित उम्मीदवार को विजयी बनाना जरूरी है। भाजपा का मूल मंत्र विकास है और विकास ही उसका प्रमुख उद्देश्य है।

## चुनावी मौसम में जनता के बीच नजर आने वालों से सतर्क रहने की जरूरत : सांसद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद ढूलु महतो ने नगर निगम क्षेत्र की एक-एक जनता से भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार के पक्ष में वोट करने की अपील की है। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेस में सांसद ने यह भी कहा कि इस मेयर चुनाव में कई ऐसे भी लोग खड़े हैं, जो सिर्फ चुनाव में ही दिखाई



पड़ते हैं। लेकिन जनता वैसे बरसाती मेंढक के झांसे में नहीं आने वाली है। उन्होंने विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि अगले तीन साल के कार्यकाल में अधूरे बचे कार्य को पूरा करेंगे नहीं तो अगला चुनाव वे नहीं लड़ेंगे। धनबाद सांसद ढुल्लु महतो नगर निगम चुनाव में भाजपा समर्थित मेयर पद के प्रत्याशी संजीव कुमार के पक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेस कर जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मेयर चुनाव में ऐसे भी लोग खड़े हैं जिनका विकास कार्यों से कोई नाता नहीं रहा और आज चुनाव में खड़े हो गए हैं, पर धनबाद की जनता वैसे बरसाती मेढक के झांसे में आनेवाली नहीं है। सांसद ने कहा कि भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी की जीत पक्की है और धनबाद में विकास को और गति मिलने वाली है। उन्होंने अपने दो साल के कार्यकाल में विकास कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर में फ्लाइओवर का कार्य प्रारम्भ हो चूका है, निरसा में भी फ्लाइओवर का काम शुरू होने जा रहा है। गया पुल चौड़ी करण कार्य प्रारम्भ है। रेडियो स्टेशन भी जल्द शुरू होगा। कई ट्रेनों का ठहराव और विस्तार के भी कार्य हुए हैं। बता दें कि नगर निगम के इस चुनाव में मेयर पद के लिए 29 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार के सामने कई प्रमुख नाम हैं। जिनमे पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व विधायक संजीव सिंह, पूर्व मेयर इंदु देवी और कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी शमशेर आलम हैं।

### चास नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासन एवं चैंबर की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम चुनाव के मद्देनजर चास सदर एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में चास सदर थाना परिसर में बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चास क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ डीएसपी आर.के. राणा एवं इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी उपस्थित रहीं। एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 23 फरवरी



2026 को नगर निगम चुनाव के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। चर्चा के दौरान चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि बोकारो चैंबर अपने सभी सदस्यों को चुनाव में पूर्ण सहयोग करने हेतु प्रेरित करेगा। उन्होंने समस्त व्यापारी भाइयों से आग्रह किया कि उक्त तिथि को अपने प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखकर मतदान अवश्य करें। उन्होंने यह भी अपील की कि मतदान के दिन चारपहिया वाहन के बजाय दोपहिया वाहन का उपयोग करें।

# चार शातिर अपराधी चढ़े रामगढ़ पुलिस के हत्थे

**जेवर दुकान के मालिक के साथ हुई लूटपाट में थे शामिल**

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ पुलिस ने गोला के एक ज्वेलरी दुकान के मालिक से हुई लूटपाट की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 4 फरवरी को हुई इस घटना में शामिल अपराधियों की पकड़ के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया था। इसकी जानकारी आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दिया है। पकड़े गए सभी चारों अपराधियों के पुराने आपराधिक इतिहास रहे हैं और उनके तार हजारीबाग रांची और रामगढ़ जिले से जुड़े हुए हैं। मौके पर संवाददाता सम्मेलन के बाद रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि 4 फरवरी को गोला स्थित बिहारी ज्वेलर्स के मालिक से हुई लूटपाट एवं



छिनतई की घटना में शामिल दो लोगों ने बुलेट मोटरसाइकिल से उनका पीछा कर उनके पास 70 हजार रुपए से भरे बैग एवं स्वर्ण के आभूषण वाले बैग को हथियार का भय दिखाकर उसे छीनकर भाग गए, इस घटना के तुरंत बाद एक एफआईआर दर्ज करते हुए डीएसपी चंदन कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया, कल इस बात का पता चला कि दीपक कुमार नाम का एक व्यक्ति जो केरेडारी हजारीबाग का रहने वाला है और वह रांची में रहकर दूसरी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है और वह गोला ज्वेलरी शॉप की लूट के घटना में भी शामिल था, उसके गिरफ्तारी कर पूछताछ के दौरान उसके पास से सोने की बाली लूट कांड में शामिल बुलेट बरामद किया गया है और उसके निशानदेही पर तीन अन्य व्यक्तियों की भी गिरफ्तारी हुई है, यह सभी शातिर चोर हैं और पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं, कुल चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है और इनके पास से देसी कट्टा एक जिंदा गोली चार मंगलसूत्र आठ जोड़ी सोने के कान की बाली दो सोने के चेन पल्सर बाइक रॉयल एनफील्ड बुलेट एक आल्टो कार और मोबाइल यह सारी चीज बरामद हुई है इस घटना में शामिल और भी लोगों की गिरफ्तारी के लिए कई जिलों में लगातार रेड चल रही है जो अन्य जिलों के कांडों में भी शामिल है उनके पकड़े जाने की संभावना बनी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com